हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**शिवम दुबे ने तोड़ डाला एमएस धोनी का रिकॉर्ड, बनाए 1000 रन**

Page 10



देश

**गांधी सरनेम छोड़ दें राहुल, करनी चाहिए डीएनए जांच : विधायक पी.वी. अनवर**

कृष्ण पक्ष विशाखा संवत 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 25 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 134 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹66, 600 | ₹82,900 |



## आज का इतिहास

- 2010 : भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर (एलयूएच) ख़रीदने की प्रक्रिया शुरू की।
- 2013 : ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 22 वर्षा के अंतराल के बाद पुनः खोला।

## न्यूज बाइट्स

### मुख्यमंत्री सोरेन ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

**नई दिल्ली (ए.)।** झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं।

### एसी ने ईवीएम-वीवीपैट पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली (ए.)।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर बुधवार को चुनाव आयोग से कई स्पष्टीकरण देने के साथ ही यह भी बताने को कहा कि क्या माइक्रो कंट्रोलर एक बार प्रोग्राम करने योग्य है? न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने चुनाव आयोग से आज दो बजे से पहले ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई तथ्य स्पष्ट करने को कहा।पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अन्य वकील से कहा कि हम बस कुछ स्पष्टीकरण चाहते थे। शीर्ष अदालत ने यह जानना चाहा कि क्या कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है।

### गर्म हवा और लू के थपेड़ों ने बढ़ाई परेशानी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में भीषण गर्मी से आम लोगों का जीना बेहाल हो गया है। पूर्वी बिहार एवं सीमांचल में बुधवार को गर्म हवाओं के साथ लू के थपेड़ों से लोग परेशान दिखे। किशनगंज जिले में तल्ख धूप, उमस एवं तेज गर्मी ने जिलेवासियों को बेहाल कर दिया है। गर्मी और उमस के कारण पसीने से तरबतर लोग दिन भर राहत पाने के लिए सड़क के किनारे छांव की तलाश करते दिख रहे। बुधवार सुबह से ही तेज चिलचिलाती धूप ने दोपहर में लोगों को झुलसा दिया। बांका जिले के विभिन्न इलाकों में भी कमोबेश यही हाल नजर आया। बांका के पंजवारा में बुधवार को दोपहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार जा पहुंचा। दोपहर में निकलने वाले लोगों ने बताया कि गर्म हवाओं के थपेड़ों संग आसमान से बरस रही आग झुलसा रही है। गर्मी का कहर बहुत ही प्रचंड है।

बिहार के भागलपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, पीएम मोदी की गिनवाईं उपलब्धियां

# बिहार अपने दायित्व से नहीं हटता : जेपी नड्डा

» इंडी अलायंस सिर्फ दो बातों का गठबंधन है » आज मेड इन इंडिया मोबाइल बन रहा » लालू घर में मटन बनाना सिखा रहे हैं

नि. सं. | भागलपुर/खगड़िया/ झंझारपुर

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भागलपुर के सैंडिस ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी तक परिवारिक पार्टियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि हम किससे लड़ रहे हैं, कौन हैं वो लोग। उनका क्या है उद्देश्य।

नड्डा ने कहा कि ये जो इंडी अलायंस है उसका दो बातों का गठबंधन है। पहला परिवार और दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठबंधन। सब भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं। कल विरोधी थे आज गले मिल रहे हैं। क्यों, इसलिए क्योंकि ये लोग सब भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। नड्डा ने कहा कि कितनी भी तकलीफ सह लेगा, लेकिन बिहार देश के प्रति और प्रदेश के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटता है।

इसके बाद जेपी नड्डा खगड़िया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में जनसभा करने गोगरी के भगवान हाई स्कूल के मैदान पहुंचे हैं। उनके साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ साथ प्रत्याशी राजेश वर्मा, बेलदौर विधायक पन्नालाल पटेल, पूर्व विधायक चंद्रमुखी देवी, कार्यक्रम प्रभारी अमरेन्द्र कुमार अमर आदि प्रमुख नेता मौजूद हैं। खगड़िया पहुंचने से पहले भागलपुर में जेपी नड्डा ने लालू पर निशाना साधते हुए कहा कि जेपी आंदोलन के वक्त कांग्रेस ने लालू को जेल में डाला था। उस वक्त मीसा भारती का जन्म हुआ। जेल की याद में लालू ने बेटी का नाम मीसा रखा। और जिस कांग्रेस ने उन्हें जेल में डाला उसे आज वो भूल चुके हैं। उन लोगों को सावन में मटन बनाना सीखा रहे हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने कहा कि 10 साल में देश में बड़ा परिवर्तन आया है। लोग कहते थे देश में कुछ नहीं बदलेगा। सारे नेता बेईमान हैं। सब बराबर हैं। किसी के आने से कुछ नहीं होगा और आज देखिए।

नड्डा ने कहा कि ये बदलता भारत हैं। मैंने वो भारत और वो भागलपुर भी देखा है। आज भागलपुर की सड़कें बदल गई हैं। पहले पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्डे हैं या गड्डे में सड़क। ये अंतर हमारे आने से ही आया है। उन्होंने आगे कहा कि पहले जाति की राजनीति होती थी। आज विकासवाद की राजनीति हो रही है।

कोरोना के बाद, यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछड़ रही है, लेकिन आज ब्रिटेन को पीछे छोड़ भारत, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आप मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए, देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भागलपुर के बाद नड्डा खगड़िया के गोगरी जमालपुर के भगवान हाई स्कूल पहुंचेंगे। यहां लोजपा (आर) के प्रत्याशी राजेश वर्मा के लिए चुनावी सभा करेंगे। खगड़िया के बाद झंझारपुर के राज मैदान में नड्डा की चुनावी सभा प्रस्तावित है। यहां वे जदयू के रामप्रीत मंडल के लिए चुनावी सभा किए। झंझारपुर से नड्डा दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचे और करीब 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



### इलाज के लिए लिखी जाती थी सीएम के पास चिट्ठियां

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री को चिट्ठियां लिखकर पैसों की मांग करते थे। 1.5 लाख रुपए की मांग की जाती थी। तब जाकर कहीं एक लाख रुपए मिलते थे। बाकी पैसे जनता से इकट्ठा करके इलाज करवाते थे, लेकिन आज आयुष्मान भारत योजना के तहत हर साल 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

### आज मेड इन इंडिया मोबाइल बन रहा

जेपी नड्डा ने कहा कि आज से 10 साल पहले, आप जो मोबाइल फोन इस्तेमाल करते थे, उस पर लिखा होता था, मेड इन चाइना, मेड इन कोरिया, मेड इन जापान। आज आपके पास जो मोबाइल है, उस पर लिखा हुआ है, मेड इन इंडिया। आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

# बेहतर कल के लिए सुदृढ बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी : प्रधानमंत्री

एजेंसी | नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश किये जाने की जरूरत है। श्री मोदी ने बुधवार को यहां छठे अंतरराष्ट्रीय आपदा-रोधी अवसंरचना सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में हिस्सा लेने आये प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनकी भागीदारी आपदा मोचन से संबंधित बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण मुद्दे पर वैश्विक चर्चा और निर्णयों को मजबूत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में गठन के बाद से आपदा मोचन गठबंधन ने प्रभावशाली ढंग से कार्य किया है और अब यह 39 देशों तथा 7 संगठनों का वैश्विक गठबंधन बन गया है। उन्होंने कहा, "यह भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है। बढती प्राकृतिक आपदाओं को गंभीर विषय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अक्सर इनके असर को आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन वास्तव में इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव लोगों, परिवारों और समुदायों पर पडता है जिसे मापा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमें बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपदा के बाद के पुनर्निर्माण का हिस्सा होने के साथ-साथ नए बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी सुदृढ़ता के पहलू पर ध्यान दिया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि आपदाओं की कोई सीमा नहीं होती और इनका विश्व में व्यापक प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि समस्त विश्व सामूहिक रूप से तभी सुदृढ़ हो सकता है, जब प्रत्येक देश अपने आप में सुदृढ़ हो। उन्होंने साझा जोखिमों के कारण सबको सशक्त बनाये जाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सीडीआरआई तथा यह सम्मेलन पूरी दुनिया को इस सामूहिक मिशन के लिए एक साथ आने में मदद करेगा।

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण का थम गया चुनावी प्रचार, पांच सीटों पर चुनाव कल

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव के दूसरे दौर का प्रचार थम गया। बिहार के पांच लोकसभा सीट पर चुनावी प्रचार के आखिरी दिन सभी दल रैली और जनसभा में पूरा दम लगा देंगे। प्रदेश में पांच सीट किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, भागलपुर और बांका में वोट डाले जाने हैं। कल यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

### क्या है प्रावधान

निर्वाचन विभाग के मुताबिक मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले चुनावी शोर पर रोक लग जाती है। जिन विधानसभा सीट पर शाम 6 बजे तक मतदान कराए जाएंगे। उन विधानसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे तक चुनावी प्रचार किया जा सकेगा। जिन क्षेत्रों में शाम 4 बजे तक मतदान का समय तय है। वहां शाम 4 बजे तक रैली, रोड शो के साथ चुनावी प्रचार खत्म हो जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा।

### कहां से कौन हैं उम्मीदवार

भागलपुर लोकसभा से जेडीयू के अजय मंडल को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अजीत शर्मा को मौका दिया है। दोनों के बीच मुकाबला होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। बांका से जेडीयू ने गिरधारी यादव को मैदान में उतारा है वहीं उनके सामने आरजेडी के जय प्रकाश होंगे। इस बार इस सीट पर पहले की तरह कांटे की टक्कर मानी जा रही है। दोनो के बीच अच्छा मुकाबला देखा जाएगा। कटिहार लोकसभा से जेडीयू के सांसद रहें दुलाल चंद गोस्वामी मैदान में हैं। जबकि, कांग्रेस के तारिक अनवर से उनका भिंडत होगा। कटिहार सीट पर बहुजन समाज पार्टी और अन्य दलों के उम्मीदवार भी मैदान में हैं। अन्य दल भी खेल बना और बिगड़ सकते हैं।




### दो सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

पूर्णिया लोकसभा पर मामला त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। यहां जेडीयू के संतोष कुशवाहा और आरजेडी की बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारा है। इन दोनों के सामने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव ने ताल ठोक रखी है। वहीं, किशनगंज लोकसभा में भी मुकाबला त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। यहां कांग्रेस के मोहम्मद जावेद के सामने जेडीयू मुजाहिद आलम हैं। जबकि, एआईएमआईएम उम्मीदवार अख्तरुल ईमान के मैदान में आने से मुकाबला त्रिकोणीय बना है। यहां भी यह मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा है।

# पेपर लीक मामले के सभी आरोपियों को आज से रिमांड पर लेगी ईओयू

**पटना (नि.सं.)।** बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण के प्रश्न-पत्र लीक मामले के पांच मुख्य आरोपितों को ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) दो दिनों की रिमांड पर लेगी। इनकी रिमांड अवधि 24 अप्रैल से शुरू होगी और 25 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। 26 अप्रैल को इन्हें फिर से जेल भेजा जाएगा। इन सभी आरोपितों को पहली बार दो दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आने वाले समय में इन्हें फिर से रिमांड पर लिया जाएगा। ईओयू की जांच में यह बात सामने आई है कि इनका एक अंतरराज्यीय गिरोह है, जिसके सदस्य अलग-अलग राज्यों में हैं। बिहार के अलावा उत्तरप्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक से भी इनके तार जुड़ते दिख रहे हैं। फिलहाल इनकी भूमिका की विस्तृत जांच चल रही है। इनसे अन्य राज्यों में फैले इनके नेटवर्क के बारे में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। मध्यप्रदेश के उज्जैन से पकड़े गए पांचों मुख्य अभियुक्त शिव कुमार उर्फ डॉ. शिव उर्फ बिट्टु, संदीप कुमार उर्फ बल्ली, प्रदीप कुमार, तेज प्रकाश और सौम्या कुमारी को फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा व्याख्यान का किया गया आयोजन

# कार्बन डाइऑक्साइड के अधिक उत्सर्जन को रोकना होगा

निज संवाददाता | पटना



बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा जुलाई, 2022 से प्रत्येक माह एक वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला प्रारंभ किया गया है, जिसमें विषय वस्तु के विशेषज्ञ का व्याख्यान होता है। इस श्रृंखला की 22वीं कड़ी में बुधवार को इंडियन इस्ट्रीचयूट ऑफ टेक्नालॉजी, खड़गपुर के खनिज इंजनियरिंग विभाग के एसोसिऐट प्रोफेसर डॉ प्रो. आदित्य कुमार पात्रा द्वारा कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण-भारतीय संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य और भविष्य के परिप्रेक्ष्य विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया गया।

अपने संबोधन में डॉ. पात्रा ने बताया कि वैसे तो पृथ्वी के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड गैस की मात्रा मात्र 0.03 प्रतिशत है, परन्तु एक ग्रीन हाउस गैस के रूप में यह महत्वपूर्ण हो जाता है। वैश्विक तापमान वृद्धि के मूल में ग्रीन हाउस गैसें जैसे- मिथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, हाइड्रोफ्लोरोकार्बनस् आदि में मिथेन-कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में करीब 20 गुणा अधिक प्रबल है, परन्तु इसकी मात्रा कम है। कार्बन डाइऑक्साइड मात्र में अधिकता के कारण महत्वपूर्ण है। विभिन्न मानवीय व भौगोलिक कारणों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड गैस के कारण भूमंडल का ताप बढ़ रहा है। परिणामतः हो रहे वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब दृष्टिगोचर होने लगा है। ग्लेसियर का पिघलना, समुद्र व वायुमंडल का तापमान बढ़ना, जैव-विविधता की क्षति, विभिन्न प्रजातियों का विलुप्त होना, चरम मौसम का उदाहरण हमारे सामने है। जलवायु का परिवर्तन इतना तीव्र है कि इस परिवर्तन के साथ सभी जीव-जन्तु सामंजस्य नहीं बना पा रहे हैं। वैश्विक जलवायु परिवर्तन जनित तापमान में वृद्धि के प्रभाव का आकलन करने वाली संस्थाओं द्वारा जारी परिदृश्य सुखद नहीं कहे जा सकते हैं। वर्तमान में कार्बन डायऑक्साइड का उत्सर्जन 40 बिलियन मिट्रिक टन आंका गया है। डॉ. पात्रा ने अपने संबोधन में बताया कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता औद्योगीकरण के पूर्व 285 पीपीएम थी, जो अब बढ़कर 425 पीपीएम तक हो गया है। उन्होंने बताया कि यदि वायुमंडल में कार्बन की मात्रा घटाकर 350 पीपीएम तक लायी जा सके तो वायुमंडलीय तापमान वृद्धि जलवायु परिवर्तन को रोका जा सकता है। डॉ. पात्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर इसका उपयोग किया जा सके तो इससे तापमान की वृद्धि को कम किया जा सकता है। कार्बन डाइऑक्साइड जहां से उत्सर्जित हो रहा है वहीं से उसे ग्रहण कर लिया जाये ताकि यह वायुमंडल में नहीं जा पाए, एवं तापमान में वृद्धि का कारण नहीं बन पाए। सभी उत्सर्जित कार्बन डायऑक्साइड को ग्रहण करना संभव नहीं है। इसे प्राप्त कर कहीं और परिवहन किया जाए जहां इसे तत्काल उपयोग किया जा सके अथवा भविष्य में इसके उपयोग हेतु भंडारित कर लिया जा सकता है।

# वोटिंग से 72 घंटे पहले भारत-नेपाल सीमा हुई सील

**पटना(नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नेपाल से लगी सीमा को मतदान के 72 घंटे पूर्व ही सील कर दिया गया है। इस बार बांका, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया और किशनगंज की लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान होना है। इसके लिए करीब 55 हजार सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इसमें केंद्रीय बलों के साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और जिला पुलिस बल भी शामिल है। दरअसल, दूसरे चरण की सभी पांच सीटें सीमावर्ती हैं।

# सेवा ही हमारा धर्म और पूरा बिहार है हमारा परिवार : सीएम

- सीएम ने कहा कि बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झोलना पड़ता था।

निज संवाददाता | पटना



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की सेवा को ही अपना धर्म और पूरे बिहार को अपना परिवार बताया और वर्ष 2005 से पहले लालू-राबड़ी राज में प्रदेश की बदहाली को याद दिलाते हुए राज्य की जनता से चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति से पहले सोशल नेटवर्किंग साइट पर बिहारवासियों को पत्र लिखकर याद दिलाई कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार का खजाना खाली था। सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था।

श्री कुमार ने आगे कहा कि यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झोलना पड़ता था। लेकिन, वर्ष 2005 में घना अंधेरा छंटा, उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने उठाया है ठोस कदम

# बिहार में कम वोटिंग ने बढ़ाई चुनाव आयोग की टेंशन

- बूथ तक पहुंचाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एजेंसी | नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पहल की है। अब बूथ स्तर पर बीएलओ से लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने वाले अन्य कर्मियों को आयोग प्रोत्साहन राशि देगा। जीविका दीदी, आशा एवं अन्य कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा। साथ ही प्रत्येक बूथ पर 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, प्रोत्साहन राशि कितनी होगी, यह अभी तय नहीं है। शीघ्र ही इस पर निर्णय कर जिलों को सूचित कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव में सभी चरणों में मतदान बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एचआर श्रीनिवास ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि वह घर-घर व्यक्तिगत संपर्क कर मतदान की अपील करने का अभियान चलाएं।

पटना में घर-घर दस्तक अभियान की तर्ज पर मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर मतदान की अपील करें। समीक्षा बैठक में सभी बूथों पर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली गई। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बूथ पर गर्मी को देखते हुए हर हाल में शेड की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। जहां पर भवनों में बूथ स्थापित किए गए हैं वहां पर पर्याप्त संख्या में फर्नीचर की व्यवस्था की जाए, ताकि मतदाता वहां बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर सकें। हर बूथ पर मतदाताओं को लाइन लगाने के लिए दो होमगार्ड तैनात किए जाएं। साथ ही बूथों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाए, जिससे मतदाता वोट डालने के बाद अपना फोटो ले सकें।



## संक्षिप्त समाचार

### 25 अप्रैल 2024 को मनाया जायेगा विश्व मलेरिया दिवस

**नवादा**। जिला वेक्टर बौर्न डिजिज, नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल 2024 को जिले में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जायेगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम बिहार के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम निदेशक ने सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी को गाइडलाइन भेजा है। जिसमें बताया गया है कि मलेरिया को लेकर लोगों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोग जागरूक हो सके। जिला वेक्टर बौर्न डिजिज, नियंत्रण पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त तिथि को बच्चों के साथ प्रभात फेरी गतिविधियों का आयोजन करायेंगे। विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल 2024 के अवसर पर प्रखंड स्तर, नगरपालिका एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आईसी/बीसीसी अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें मलेरिया से बचाव एवं उपचार सम्बंधित जानकारियों को सम्मलित किया जायेगा। जैसेः- चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का बैठक का आयोजन किया जायेगा। जन जागरण हेतु सम्बंधित कर्मियों के बीच मलेरिया से बचाव सम्बंधित उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा। शिक्षा संस्थानों में कार्यशाला का आयोजन कर उन्हे मलेरिया उन्मूलन में सह भागी बनाने के लिए भी बताया जायेगा। मलेरिया निरोधी संदेश का सोशल मिडिया यथा ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं लम्बी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### बस स्टैंड के पास युवक की मिली लाश

**नवादा**। परिजनों ने लू लगने से मौत की जताई आशंका नवादा नगर में एक युवक का शव मिला है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । मामला नगर थाना क्षेत्र के बिहार बस स्टैंड के पास का है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंबिका बीघा गांव निवासी स्व. अनुज कुमार राय के 29 वर्षीय बेटे अंकित कुमार उर्फ शिवराज कुमार के रूप में हुई है। जीपीएस लगाने के लिए घर से निकले थेः- मृतक वाहनों में जीपीएस लगाने का काम करता था। एक दिन पूर्व घर से काम करने निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिवार वालों ने सोचा काम में बिलम्ब हुआ होगा। पूर्व में भी ऐसा होता आ रहा था। सुबह बस स्टैंड के पास लगे चापाकल के पास शव पर नजर पड़ते ही सूचना नगर थाना को दी गयी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का मानना है कि मौत लू लगने से हो सकती है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### सीएचसी में बढ़ी डायरिया की मरीज

**नारदीगंज**। बीते एक पखवाड़े से गर्मी व धूप से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसे में जहां लोगों को जीना दूभर बना हुआ है,वही आये दिन लोग भी रोगग्रस्त भी हो रहे है। लोग उलटी, दस्त से लोगों को परेशानी भी बढ़ी हुई है। ऐसे में बुधवार को नारदीगंज सीएचसी में विभिन्न गांवों के डायरिया रोग से प्रभावित मरीज पहुंचे, जहां उन्हें स्लाइन व अन्य दवाई दी जा रही है। इस दौरान काजी बिगहा के खुशबू कुमारी, अब्दलपुर के रिंकी कुमारी, नारदीगंज बाजार के व्यूटी कुमारी को स्लाइन किया जा रहा था, जो उल्टी व दस्त से पीड़ित थे।इस स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक ने तत्काल इलाज शुरू किया। हालत ठीक बताया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार कहते हैं कि डायरिया रोग से ग्रसित मरीज यहां आ रहे हैं, समुचित इलाज की जा रही है।केंद्र में दवा की पूर्ण व्यवस्था है। फिलहाल अभी तक लू प्रभावित मरीज नहीं आये हैं। गर्मी व तेज धूप है।ऐसे में लोग सुबह शाम अपने रोजमर्रा के कार्यों को निपटारा कर ले। गर्मी ,धूप से बचना है।खान पान पर भी ध्यान देना है। गरिष्ठ भोजन नहीं करें । अधिक पानी का उपयोग करे। नींबू, पानी,तरबूज, खीरा आदि का प्रयोग सेहत के लिए फायदेमंद होगा।

### ककोलत सौन्दर्यीकरण के नामपर सैलानियों को किया जा रहा परेशान

**नवादा**। जिले का कश्मीर माना जाने वाला ऐतिहासिक शीतल जलप्रपात ककोलत सौन्दर्यीकरण के नाम पर पिछले दो वर्षों से सैलानियों के लिये अघोषित रुप से बंद है। वैसे मानें तो कोरोना काल से बंद पड़ा है। ऐसे में भीषण तपीश के बावजूद सैलानियों को शीतल जलप्रपात से महरुम होना पड़ रहा है। ऐसी भी बात नहीं है कि अघोषित रुप से बंद रहने के बावजूद स्थानीय लोगों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों को नौ बजे सुबह तक स्नान करने की छूट है।

लेकिन अगर कोई स्कूली छात्र- छात्राओं का वाहन या फिर सपरिवार बाहर से आ जाय तो वन कर्मियों का तेवर देखते ही बनता है। वे सैलानियों पर लाठियां चटकाने तक से नहीं चूकते। स्थानीय लोगों के अनुसार बाहर से आने वाले सैलानियों में से कुछ को दस बजे सुबह तक नाजायज राशि की वसूली कर प्रवेश दी जाती है, लेकिन अधिकांश को वापस किये जाने से निराश होकर वापस लौटने को विवश होना पड़ रहा है। ऐसे में वे स्नान से बंचित तो हो ही रहे हैं आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजीव कुमार बाबी ने समाहर्ता से वन विभाग की दोहरी नीति पर रोक लगाने तथा प्रतिबंध से संबंधित बोर्ड फतेहपुर मोड़ पर लगाने का अनुरोध किया है। ऐसा होने से ककोलत पहुंचने के पूर्व ही बाहर से आने वाले सैलानी लौट सकेंगे।

### दानवीर भांमा शाह का मनाया गया जयंती समारोह

**बखरी बेगूसराय**। तैलिक वैश्य संघ के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह की 471वीं जन्म जयंती मनायी गयी। तैलिक वैश्य भवन में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए संरक्षक समिति के संयोजक पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि भारत के भाल पर भामाशाह रक्त चंदन की तरह विराजमान हैं। राष्ट्र की अस्मिता तथा मेवाड़ के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। राजपूताने के प्रधानमंत्री और सेनानायक के रूप में उन्होंने साबित किया कि वणिज व्यापार करने वाला वैश्य समाज राष्ट्र की रक्षा तथा उसके स्वाभिमान के लिए तलवार भी उठा सकता है। बोले,इतिहासकारों ने हमेशा महान राष्ट्र भक्त दानवीर भामाशाह के योगदान की उपेक्षा की है। आजादी के बाद भी जिस देश की पाठ्यपुस्तकों में विदेशी आक्रांता अकबर को महान बताया जाता रहा हो,वहां प्रताप की शूरवीरता तथा भामाशाह की दानशीलता को जगह मिलना मुश्किल तो होगा ही? एनसीआरटी की पुस्तकों से गायब रहे भामाशाह, तो गूगल ने गायबल्स को भी मात देकर विकिपिडिया में उन्हें ओसवाल जैन,तो जाति में तेली दिखा कर भ्रम फैलाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे इतिहास, हमारी विरासत को भ्रामक बताने का षडयंत्र भी है।अध्यक्षता करते हुए तैलिक वैश्य संघ के अध्यक्ष अजय साह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शासन काल में भामाशाह मेवाड़ के सेनानायक हुआ करते थे। पांच सौ साल बाद उसी समृद्ध विरासतों को जीवंत करते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, तो देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हीरा कुमार साह ने किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष त्रिपुरारी साह, पूर्व पार्षद नीरज नवीन,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पू, कृष्कांधा, अरविंद साह, विकास कुमार साह, विक्रम कुमार, राजेन्द्र साह राजो,दिनेश साह भंकुल,रितेश कुमार,पवन कुमार आदि मौजूद थे। जयंती समारोह में मौजूद लोगों ने दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन भी किया।

---

**कलश शोभा यात्रा में रथ घोड़ा समेत हजारों की गाजे बाजे के साथ संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल**

# राजाबिगहा गांव से श्री सीताराम महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**कलश शोभायात्रा के साथ राजाबिगहा गांव में 9 दिवशीय श्री सीताराम महायज्ञ प्रारंभ**

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**



वुधवार को राजाबिगहा गांव में आयोजित श्री सीताराम महायज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कुमारी कन्या, महिलाएं श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ जय श्री राम जय जय श्री राम का नारा लगाते कड़ी धूप में करीब तीन चार किलोमीटर पैदल चल कर इब्राहिमपुर गांव के समीप धनार्जय नदी से जलभरी की। यज्ञ में पधारे विद्वान ब्राह्मणों द्वारा कलश की विधिवत पूजा अर्चना की गई। जलभरी के बाद कलश को श्रद्धालिओं ने जय श्री राम का नारा बुलंद करते यज्ञवेदी स्थल पर स्थापित किया। कलश जलयात्रा के साथ राजाबिगहा गांव में 9 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस यज्ञ में 108 कुंड बनाया गया है जहां मुख्य यजमान अनिल सिंह एवं इनके धर्मपत्नी पुष्पा देवी समेत 108 यजमान पूजा अर्चना करेंगे। यज्ञ को लेकर गांव एवं आसपास के गांवों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कड़ी धूप में कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। भीषण गर्मी को देखते हुए रास्ते में पड़ने वाले गांव के लोग जगह जगह पर जल की सेवा दे रहे थे। भीषण गर्मी पर आस्था भारी दिख रहा था।

**कथाब्यास देवी चित्रलेखा जी आगमन से उत्साह-** यगाचार्य झुनकी पीठाधीश्वर स्वामी श्री करुनानिधान शरण जी महाराज ( सिद्धपीठ सियाराम किला झुनकी घाट श्री धाम अयोध्या जी उत्तरप्रदेश) के देख रेख में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में श्री राम कथा वाचक प्रसिध्य श्रधेय डॉ स्वामी प्रभंजननन्द शरण जी महाराज का संगीतमय कथा प्रवचन होगा। प्रसिध्य कथाब्यास देवी चित्रलेखा जी का भी इस यज्ञ में आगमन होने से लोगों में काफी उत्साह है। आसपास के लोग इस यज्ञ को लेकर काफी उत्साहित हैं। यज्ञ में वृंदावन के प्रसिद्ध रासलीला कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीला का मंचन कराएगें। आयोजनकर्ता ने बताया कि भव्य और विशाल यज्ञवेदी के साथ साथ कथा श्रवण के लिए श्रद्धालिओं को बैठने के लिए पंडाल आदि की सुंदर व्यवस्था की गई है। यज्ञ में आये श्रद्धालिओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए यज्ञ समिति के लोग पूरी तैयारी कर रहे हैं। दूर तक लाईटिंग से जगमग कर रहा है। काफी बढ़ गई है इसके लिए कमिटी के लोग यज्ञ में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी की जगह जगह व्यवस्था की गई हैं।

## सड़क हादसे में जख्मी बालिका की नहीं हुई पहचान

निज संवाददाता। **नारदीगंज**




नारदीगंज थाना क्षेत्र के राजगीर बोधगया राजमार्ग 82 पर पंडपा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बालिका जख्मी हो गई।घटना बुधवार को तकरीबन 11 बजे के आसपास में घटी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के काफी संख्या में लोग दौड़े,और जख्मी बालिका की पहचान में जुट गए,लेकिन पहचान नहीं हो सकी,तदोपरांत स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में जख्मी बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारदीगंज में इलाज के लिए दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते सदर अस्पताल स्थानांतरित कर दिया।घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी नारदीगंज पहुंची, और घटना की जानकारी ली। वही सदर अस्पताल के चिकित्सक ने इलाज के बाद बालिका की हालत चिंताजनक देखकर विम्स पावापुरी भेज दिया है।इधर,जख्मी का फोटो इंटरनेट मीडिया पर जारी कर पहचान का प्रयास आरंभ किया गया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा सड़क हादसे में जख्मी बालिका की पहचान नहीं हो सकी है। जख्मी बालिका की हालत गंभीर है, वैसे दुर्घटना कैसे हुई है, इसके लिए पुलिस मामले के छानबीन कर रही है।

## 50वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर याद किए गए

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



24 अप्रैल, 2024 को बिहार के बेगूसराय जिले में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर को उनकी 50वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया ।श्री सोमेश बहादुर माथुर, उप विकास आयुक्त, बेगूसराय, एवं डॉ प्रशांत राऊत, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), बरौनी रिफाइनरी ने जीरो माइल पार्क में स्थित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जो आईओसीएल के स्वामित्व और रखरखाव वाला एक बुनियादी ढांचा है। इस अवसर पर श्री अनुरंजन कुमार, बीडीओ, बरौनी, श्री चंदन कुमार, एसएचओ, जीरो माइल ओपी व टीम, डॉ पी के नाथ, महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस एवं एल एंड डी), श्री एस सी त्रिपाठी, डीआरएसएच एवं टीम, श्री रवि भूषण कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक (कॉर्पोरेट संचार), इंडियन ऑयल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बेगूसराय के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थें ।23 सितंबर 1908 को बेगूसराय जिले के सिमरिया नामक गाँव में जन्मे रामधारी सिंह 'दिनकर' एक भारतीय हिंदी कवि, निबंधकार, देशभक्त और अकादमिक थे, जिन्हें सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक हिंदी कवियों में से एक माना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता से पहले लिखी गई अपनी राष्ट्रवादी कविता के परिणामस्वरूप वह विद्रोह के कवि के रूप में उभरे। उनकी कविता में वीर रस झलकता था, और उनकी प्रेरक देशभक्ति रचनाओं के कारण उन्हें राष्ट्र कवि ("राष्ट्रीय कवि") के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है।

दिनकर तीन बार राज्यसभा के लिए चुने गए, और वह 3 अप्रैल 1952 से 26 जनवरी 1964 तक इस सदन के सदस्य रहे। उन्हें 1959 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 1960 के दशक में वह भागलपुर विश्वविद्यालय (भागलपुर, बिहार) के कुलपति भी थे।उन्हें उनकी राष्ट्रवादी कविताओं के लिए विशेष रूप से जाना जाता है । उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में "कुरुक्षेत्र", "रश्मिरथी", "संस्कृत के चारा अध्याय" और "उर्वशी" प्रमुख हैं। उनकी रचनाओं के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार एवं पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। इस बात की जानकारी रवि भूषण कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक (कॉर्पोरेट संचार), रिफाइनरी बरौनी ने दी।

## डीएम ने कौआकोल प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, पीएचसी समेत कई कार्यालयों का किया निरीक्षण

**प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का वेतन स्पष्टीकरण स्वीकृत होने तक बन्द करने का आदेश**

निज संवाददाता। **कौआकोल**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को नवादा के डीएम प्रशांत कुमार सीएच ने कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने कार्यालय में व्याप्त गड़बड़ियों पर काफी रोष जताया एवं कर्मियों को कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया। अपने निरीक्षण के दरम्यान डीएम ने प्रखण्ड कार्यालय,अंचल कार्यालय,प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय,प्रखण्ड पँचायत कार्यालय,बीआरसी भवन,प्रखंड कृषि कार्यालय,मनरेगा,बाल विकास परियोजना कार्यालय,कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दिया। सूचना के बावजूद अंचल अधिकारी,प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का स्पष्टीकरण स्वीकृत होने तक वेतन बन्द करने का भी आदेश दिया। डीएम ने कहा कि विभागीय कार्यों में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों से पूरी ईमानदारी से जनहित कार्यों का निपटारा करने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम ने प्रखण्ड के धरोहर के रूप में स्थापित जेपी आश्रम सोखोदेवरा पहुंचकर वहां जेपी निवास,केवीके आदि का अवलोकन किया। मौके पर डीएम के स्टेनो आनन्द किशोर,बीडीओ सुनील कुमार चाँद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## खोदावन्दपुर क्षेत्र में चौकीदारों के भरोसे है बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रायः होती रहती हैं बैंकों में लूट की घटना

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बैंकों में लूट की घटना प्रायः होती रहती है. अपराधी लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं. पुलिस लाठी पिटती रह जाती है. इन घटनाओं से बैंक का शीर्ष प्रबंधन कोई सीख नहीं लेता. बैंक की शाखाओं में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते, जिससे अपराधियों के मनोबल में कमी नहीं आती. ग्राहकों की जान हमेशा सांसत में रहती है. बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहता है. खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में भी निहत्थे चौकीदारों के भरोसे विभिन्न बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था है. स्थानीय पुलिस के पदाधिकारी दिन में एक बार बैंको में जाकर अपनी ड्यूटी बजाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं. बताते चलें कि खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में एसबीआई चलकी शाखा, यूको बैंक खोदावंदपुर शाखा, बैंक ऑफ बड़ौदा बाड़ा शाखा, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक खोदावंदपुर शाखा, सहकारिता बैंक खोदावंदपुर कार्यरत है. इसके अलावे खोदावंदपुर प्रखंड मुख्यालय में यूको बैंक की एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक सीएसपी संचालित है. मिर्जापुर चौक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा की तथा चलकी चौक के समीप यूको बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाया जा रहा है. इसके अतिरिक्त विभिन्न पंचायतों में कई ग्राहक सेवा केंद्र चलाए जा रहे हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा बाड़ा शाखा को छोड़ किसी भी अन्य बैंक शाखाओं में सशस्त्र सुरक्षा गार्ड नहीं है.

## नई दिल्ली, पुणे, रतलाम एवं वलसाड के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता। **बरौनी बेगूसराय**

यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा. जिनका विवरण निम्नानुसार है. यथा, गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी जबकि गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी जबकि गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी तो वहीं गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी जबकि गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09016 भागलपुर-पालधी अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 08.00 बजे खुलकर 16.30 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते 26.04.2024 को 23.50 बजे पालधी पहुंचेगी तो गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09062 भागलपुर-रतलाम अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को भागलपुर से 12.00 बजे खुलकर 17.20 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर-बीना-उज्जैन के रास्ते 26.04.2024 को 21.00 बजे रतलाम पहुंचेगी जबकि गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशलः गाड़ी संख्या 09128 आसनसोल-वलसाड स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को आसनसोल से 08.00 बजे खुलकर 15.25 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-बीना-भोपाल- इटारसी-भुसवाल के रास्ते 28.04.2024 को 04.15 बजे वलसाड पहुंचेगी तो वहीं गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 24.04.2024 को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर 25.04.2024 को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी.

## प्रेम प्रसंग मामला में पुत्र के माता-पिता को भुगतना पड़ा खामियाजा

निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**



।थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत के बाजितपुर गांव से प्रेम प्रसंग मामले में जमकर हुई मारपीट पति-पत्नी घायल सीएचसी में चल रहा इलाज। जानकारी देते बाजितपुर गांव निवासी राधेश्याम रजक की पत्नी रीता देवी ने बताया कि मेरा पुत्र रौनक कुमार को बाजितपुर गांव निवासी दिनेश दास की पुत्री काल्पनिक नाम खुशबू कुमारी से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके कारण दोनों फरार हो गई। हम लोग मजदूर वर्ग के ठहरे परदेसी में मजदूरी करते थे ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली हम लोग गांव पहुंचे हैं पति-पत्नी इसकी जानकारी दिनेश दास पिता नेवालाल को मिली जानकारी मिलते ही राहुल कुमार पिता दिनेश दास दिनेश दास पिता नेवालाल छोटू कुमार दास पिता नेवालाल दास तेतरी देवी पति दिनेश दास कंचन देवी पति सुधीर दास समेत अन्य अज्ञात के साथ मंगलवार शाम गाली गलौज करते जबरन मेरे घर में घुस गया। गली का विरोध मेरे द्वारा करने पर दिनेश दास बोला हरामजादी को बेनग्न करके आबरू समेत घर में सभी सामान लूट लो। इतना सुनते ही राहुल कुमार छोटू कुमार तेतरी देवी और कंचन देवी लाठी डंडा से मुझ पर प्रहार कर दिया। राहुल कुमार मेरी सारी खींच लिया और बेनग्न कर दिया कंचन देवी तेतरी देवी मेरा सर का बाल पकड़ कर घर से घसीटते हुए सड़क पर ले आई दिनेश दास मेरे गले से एक तवले का सोने का चैन लूट लिया छोटू कुमार और राहुल कुमार धारदार हथियार से सर पर वार कर दिया मुझे बचाने मेरा पति राधेश्याम रजक आया उसे भी दोनों मिलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ग्रामीणों के सहयोग से मेरी जान बची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छौराही ग्रामीणों के द्वारा इलाज में ले जाया गया है। इसकी जानकारी पुलिस को दिया हूं। मेरे ऊपर पंचायत भी किया गया 51 हजार रुपया जुर्माना ग्रामीणों के द्वारा किया गया मैं उसे कबूल भी किया किंतु मानवता को शर्मसार करते हुए जबरन मेरे घर में घुसकर लूट और मारपीट कर घायल कर दिया।

## अशोका डेंटल केयर का भव्य शुभारम्भ

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



नगर परिषद क्षेत्र के रिलायंस स्मार्ट के नीचे अशोका डेंटल केयर का उद्घाटन नवादा के पूर्व सिविल सर्जन डॉ विमल कुमार सिँह, स्थानीय विधायक श्री मति अरुणा देवी एवं सेवा निवृत प्रधानाध्यापक डॉ गोविन्द जी तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इस अवसर पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एशोसिशन के प्रखंड अध्यक्ष शंभू शरण एवं अपसढ़ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिँह आदि गन्यमान्य लोगों की उपस्थिति में मौजूद अतिथियों ने कहा की बदलते परिवेश में स्वास्थ्य सेवाओं में डेंटल समस्याओं के निदान के लिए यह क्लिनिक क्षेत्रवासियों के लिए बहुत उपयोगी होगा. डेंटल चिकित्सक डॉ रौशन दीप ने कहा कि अत्याधुनिक मशीनों से सुस्सूजीत क्लिनिक में दाँत से सबंधित सभी प्रकार क़ी बीमारियों का इलाज जैसे माइनर डेंटल सर्जरी,दाँत सौन्दरीयकरण, स्माइल डिजाइन, सर्वोतम गुणवत्ता बाले इम्प्लांट स्पोर्ट फिक्स दाँत,अल्ट्रासॉनिक मशीनों द्वारा दांतो क़ी सफाई,आरबीजी डिजिटल एक्सरे,सिंगल सिटिंग आर सिटी, सिरामिक कैप एंड ब्रिज आदि का सफल चिकित्सा क़ी जाएगी. उन्होंने बताया क़ी खान -पान से होने वाली दांतो में बीमारी के प्रति आम लोग सावधानी नहीं बरतते हैं जिसके कारण आगे जाकर लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है, दांतो क़ी नियमित सफाई एवं देखभाल के साथ साथ कैल्शियम युक्त पौष्टीक आहार का उपयोग भी आवश्यक हैं. मौक़े पर कनकलता कुमारी, डॉ श्री मति रागिनी,डॉ रामकुमार, मुखिया प्रभु प्रसाद,डॉ रामकुमार ओझा, शांति मेहता पेट्रोल पम्प के संचालक अरुनजय मेहता,श्यामसुंदर दुबे,डॉ सियाराम, अमन ओझा, भाकपा नेता अखिलेश सिंह ,सहित स्थानीय पत्रकार एवं नगर के दर्जनों प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे.

पिता ने ससुराल में जमीन पर देखा बेटी का शव, ससुरालवाले घर से फरार

# गला दबाकर विवाहिता की हत्या



निज संवाददाता

**चैनपुर (कैमूर)।** कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र में दहेज के लिए महिला की हत्या का मामला सामने आया है। घटना मुड़ी गांव की बताई जा रही है। कुढ़नी थाना क्षेत्र के परसियां गांव निवासी लड़की के बड़े पिता अयोध्या चौहान ने बताया कि बुधवार को उसके ससुराल में रहने वाले पड़ोसी ने फोन कर कहा कि उसकी तबीयत खराब है। जब वहां पहुंच कर देखे तो बेटी का शव जमीन पर रखा हुआ था और सभी लोग घर से फरार थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं परिजनों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उसका गला दबाकर जान ली गई है। 11 महीने पहले पहले चैनपुर थाना क्षेत्र के मुड़ी गांव निवासी कमल चौहान के बेटे मनु उर्फ कलेंदर चौहान से उसकी शादी हुई थी। शादी के समय दहेज के रूप में जो भी तय हुआ था वह सब पूरा किया गया था। इसके बाद भी शादी होने के बाद से बाइक के लिए वह लोग डिमांड कर रहे थे। जब बाद में बेटी ने बताया कि लड़का दारू भी पीता है तो कई बार ससुराल के लोगों ने उससे मारपीट कर डिमांड को पूरा करने को कहा। जब उन लोगों को लगा कि मांग पूरी नहीं होगी तो उसकी हत्या कर दी। इसके अलावा मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों के सौंप दिया है। मामले को लेकर पुलिस ने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि मृतका का नाम मनीषा देवी उम्र 20 साल बताई गई।

## गेहूं की फसल काटने के दौरान थ्रेसर की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद गेहूं की फसल काटने के दौरान थ्रेसर के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सिकरीया ओपी क्षेत्र के मानदेय बीघा गांव के बधार की है। जहां थ्रेसर मशीन से गेहूं काटने के दौरान थ्रेसर मशीन में युवक का गमछा फंस गया। जिसके कारण युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक मनोज कुमार कलुआचक गांव का निवासी था और आज बुधवार को गेहूं काटने के लिए गया था। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली कि थ्रेसर की चपेट में मेरे गांव के मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, लेकिन जब हम लोग अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही के कारण इतनी बड़ी घटना हो गई। अगर सावधानी से काम किया जाता तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

# डीएम अलंकृता पांडे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरे जोर-जोर से कर रहा है। पहले चरण की मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। जिसमें कम प्रतिशत मतदान होने से जिला प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बुधवार को डीएम अलंकृता पांडे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिला परिषद के रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, सरकारी कर्मी और गैर सरकारी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य है कि मतदाताओं को जागरूक करना है। 1 जून को जिले में मतदान होना है। मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर मतदान जरूर करें, गर्मी के कारण मतदाता घर से निकलने से परहेज कर रहे हैं। इसीलिए मतदाताओं को जागरूक करना है कि जिस तरह से अपने जरूरी काम कई बाधाओं के बाद भी करते हैं, इसी तरह से मतदान जरूर करें। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं को किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं हो इसको देखते हुए सभी तरह की व्यवस्था की जा रही है। जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग एक जून को भारी संख्या में मतदान कर जिले के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने का काम करें। यह दुर्भावपूर्ण है कि मतदाता की संख्या बढ़ती जा रही है और मतदान की संख्या घटती जा रही है, इससे प्रतीत हो रहा है कि आम लोग मतदान के प्रति रूचि कम ले रहे हैं। इसीलिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने मतदान के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

## आग से जलकर दो गाय एवं एक भैंस की मौत

**सोनहन (कैमूर)(नि.सं.)।** सोनहन थाना क्षेत्र के कैथी गांव में आग लगने से दो गाय व एक भैंस जलकर मर गईं। इसकी जानकारी पशुपालक सीताराम खरवार ने दी। उसने मवेशियों का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशु अस्पताल में दिए गए आवेदन में लिखा है कि तीनों मवेशी फूंस की झोपड़ी में बंधे थे। आग लगने से तीनों की मौत हो गई, जिससे उसे आर्थिक क्षति हुई है।

# डीएम ने चुनावी प्रशिक्षण में शामिल नहीं होने वाले पांच सेक्टर पदाधिकारियों के वेतन पर लगाया रोक

निज संवाददाता



भभुआ (कैमूर)। कैमूर जिला मुख्यालय, भभुआ में पहले चरण का प्रशिक्षण टाउन हाई स्कूल में हुआ। पहले दिन सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 5 सेक्टर पदाधिकारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस मामले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सावन कुमार ने सेक्टर पदाधिकारी के वेतन पर रोक लगाते हुए निर्वाचन के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया है। बता दें कि कैमूर में लोकसभा चुनाव को स्वच्छ पारदर्शी भयमुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।अफसर और कर्मियों के पहले चरण का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें सेक्टर पदाधिकारी को चुनावी बारीकियों से अवगत कराया गया। लोकसभा आम निर्वाचन के मतदान के सफल संचालन के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी कर्मियों को सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया और एवं संचालन तथा उनके कर्तव्यों के निर्वहन संबंधी प्रशिक्षण प्लस टू उच्च विद्यालय भभुआ में दिया जाएगा। पहले चरण के प्रशिक्षण में सोमवार को मास्टर प्रशिक्षकों के साथ प्रशिक्षण संबंधित तैयारी पर परिचर्चा हुई जबकि सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया।24 को पीठासीन पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया जाएगा। 25 अप्रैल को पीठासीन पदाधिकारी और प्रथम मतदान पदाधिकारी,26 को प्रथम मतदान पदाधिकारी, 27 को माइक्रो प्रेक्षक मतगणना माइक्रो प्रेक्षक और द्वितीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि 29 अप्रैल को द्वितीय मतदान पदाधिकारी, 30 अप्रैल को द्वितीय मतदान पदाधिकारी और तृतीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## 11 मई की जगह 13 जुलाई को लगेगी लोक अदालत

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** व्यवहार न्यायालय भभुआ और अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय मोहनिया में 11 मई को लगने वाली लोक अदालत को फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर यह निर्णय लिया गया है। व्यवहार न्यायालय भभुआ के जिला जज राधेश्याम शुक्ल ने बताया कि अब 13 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से लोग अदालत लगेगी। इसमें दीवानी, फौजदारी, बैंक रीड, वसूली सहित सभी प्रकार के सुलह निय मामले की सुनवाई की जाएगी। मालूम हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आम लोगों को त्वरित न्याय देने के लिए किया जाता है। इसमें आपसी सुलह के आधार पर वादों का निपटारा किया जाता है।

जानकारी के अनुसार कुल 10 बेंच का गठन किया जाएगा। इसमें आठ बेंच व्यवहार न्यायालय भभूआ और दो बेंच अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय मोहनिया में बनाया जाएगा। इसको लेकर अगर किसी को समस्या हो तो वह व्यवहार न्यायालय भभुआ में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भभुआ से संपर्क कर सकते है।

## शराब के साथ धंधेबाज का किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर)(नि.सं.)।** जिले के सोनहन थाने की पुलिस ने एक पीस विदेशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज बृजनंदन राम सोनहन थाना क्षेत्र के इटाढ़ी गांव का निवासी है। उसके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदता दर्ज कर सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराकर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

एनटीपीसी NTPC
एन टी पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

एनटीपीसी – नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन से (मौजूदा एमओईएफ एण्ड सीसी अधिसूचना और नीति के अनुसार) – मई 2024 से अप्रैल 2025 तक निःशुल्क, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पॉन्ड की राख उठाना रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण (ईओआई)

ईओआई संख्याः NSTPS/AU/PA/EOI-1/2024 दिनांकः 25.04.2024

**एनटीपीसी–नबीनगर** सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस), जिला–औरंगाबाद, बिहार–824304 से एनटीपीसी–नबीनगर एक वर्ष की अवधि के लिए इच्छुक ऐश उपयोकर्ताओं से 'निःशुल्क', **'पहले आओ पहले पाओ', और 'जैसा है जहाँ है' के आधार पर, रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। उठाने और परिवहन की लागत इच्छुक राख उपयोगकर्ता द्वारा वहन की जाएगी।**

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताएं निर्दिष्ट मानक प्रारूप में **npgclaud@gmail.com** पर **25.04.2024 को 10:00 बजे से 09.05.2024 को 17:00 बजे** तक जमा करें।

**'सामान्य सूचना', 'आवेदन के लिए मानक प्रारूप** और रुचि की अभिव्यक्ति के लिए **'वचन और घोषणा'** एनटीपीसी की वेबसाइट : **https://ntpctender.ntpc.co.in/** पर अपलोड कर दी गई है।

**पंजीकृत कार्यालयः** एनटीपीसी भवन, स्कोप काम्पलेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली– 110003. **www.ntpc.co.in**, **सीआईएन** : L40101DL1975GOI007966

भारत के विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

# यूटीएस ऑन मोबाईल ऐप हेतु निर्धारित बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध किया गया समाप्त

निज संवाददाता

**हाजीपुर(वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में यात्रा टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट दोनों के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इससे अब रेल उपयोगकर्ता घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन हेतु अपना अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। जबकि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी अर्थात केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति मिलेगी। विदित हो कि वर्तमान में यह बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध 20 किमी का था। अर्थात कोई भी यात्री वर्तमान में किसी स्टेशन से अधिकतम 20 किमी की दूरी तक ही उस स्टेशन से यात्रा हेतु अनारक्षित टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकता था। अब यह प्रतिबंध हटा दिया गया है। अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन (एनड्राइड या विंडो आधारित) के जरिए अनारक्षित टिकट बुकिंग यूटीएस टीकट की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस सुविधा से रेल यात्री अनारक्षित टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में लगने से बच सकते हैं और वे अपने मोबाइल से आसानीपूर्वक अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

## स्कॉर्पियो ने ऑटो में मारी टक्कर, सात घायल

निज संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र में सासाराम-चौसा स्टेट हाईवे पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। घायलों में विंधायचली देवी उम्र 45 साल, लक्ष्मीना देवी, चंदन कुमार, कंचन कुमार, प्रमिला देवी और रुकमीना देवी शामिल है। जानकारी के अनुसार सभी लोग एक ही परिवार के है और शादी में शामिल होने के लिए कोचस प्रखंड के डुमरियां गांव गए थे। वहां से फिर बुधवार को नोखा प्रखंड के गरूणा गांव लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही ऑटो सासाराम-चौसा स्टेट हाईवे पर डुमरा गांव के पास पहुंची, दूसरी दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दिया। इससे ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गए। बता दे कि दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# बीकानेर से दानापुर, कोयम्बत्तुर एवं ताम्बरम से बरौनी तथा ताम्बरम एवं ईरोड से धनबाद के लिए 01-01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में 05 जोड़ी और समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 04721/04722 बीकानेर-दानापुर-बीकानेर समर स्पेशल (डीडीयू-वाराणसी- लखनऊ-दिल्ली के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04721 बीकानेर-दानापुर समर स्पेशल बीकानेर से 02.05.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 10.45 बजे खुलकर शुक्रवार को 13.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04722 दानापुर-बीकानेर समर स्पेशल दानापुर से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 16.20 बजे खुलकर शनिवार को 23.40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 05, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 06059/06060 कोयम्बत्तुर-बरौनी-कोयम्बत्तुर समर स्पेशल (किउल-झाझा-चितरंजन-धनबाद-रांची के रास्ते) - गाड़ी संख्या 06060 बरौनी-कोयम्बत्तुर समर स्पेशल बरौनी से 26.04.2024 से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 23.45 बजे खुलकर सोमवार को 01.43 बजे कोयम्बत्तुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06059 कोयम्बत्तुर-बरौनी समर स्पेशल कोयम्बत्तुर से 30.04.2024 से 25.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 11.50 बजे खुलकर गुरूवार को 14.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 10 कोच होंगे। 3. गाड़ी सं. 06061/06062 ताम्बरम-बरौनी-ताम्बरम समर स्पेशल (किउल-झाझा- चितरंजन-धनबाद-रांची के रास्ते) - गाड़ी संख्या 06061 ताम्बरम-बरौनी समर स्पेशल ताम्बरम से 25.04.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 18.15 बजे खुलकर शनिवार को 13.55 बजे बरौनी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06062 बरौनी-ताम्बरम समर स्पेशल बरौनी से 27.04.2024 से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 23.55 बजे खुलकर सोमवार को 22.45 बजे ताम्बरम पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

4. गाड़ी सं. 06065/06066 ताम्बरम-धनबाद-ताम्बरम समर स्पेशल (बोकारो-रांची- राउरकेला-विजयनगरम-विजयवाड़ा के रास्ते)-गाड़ी संख्या 06065 ताम्बरम-धनबाद समर स्पेशल ताम्बरम से 28.04.2024 से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 18.15 बजे खुलकर मंगलवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06066 धनबाद-ताम्बरम समर स्पेशल धनबाद से 01.05.2024 से 03.07.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को 06.00 बजे खुलकर गुरूवार को 22.45 बजे ताम्बरम पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 02 एवं साधारण श्रेणी के 16 कोच होंगे। 5. गाड़ी सं. 06063/06064 ईरोड-धनबाद-ईरोड समर स्पेशल (बोकारो-रांची-राउरकेला-विजयनगरम-विजयवाड़ा के रास्ते) - गाड़ी संख्या 06063 ईरोड-धनबाद समर स्पेशल ईरोड से 26.04.2024 से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 13.30 बजे खुलकर रविवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06064 धनबाद-ईरोड समर स्पेशल धनबाद से 29.04.2024 से 01.07.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 06.00 बजे खुलकर बुधवार को 02.00 बजे ईरोड पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 02 एवं साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे।

## बांद्रा, वडोदरा, वापी, पुणे, नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारकक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 5. गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशलः गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को मालदा टाउन से 20.00 बजे खुलकर मुंगेर, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 30.04.2024 को 02.00 बजे वापी पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशलः गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को बरौनी से 10.20 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 29.04.2024 को 07.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09102 कटिहार-वडोदरा स्पेशलः गाड़ी संख्या 09102 कटिहार-वडोदरा स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को कटिहार से 15.00 बजे खुलकर खगड़िया, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 29.04.2024 को 07.30 बजे वडोदरा पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर 26.04.2024 को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 411 न0प0/दिनांक – 24/04/2024

Democracy Tax
Invest in India's Democracy

NOTICE

आपको सूचित किया जाता है कि आप भारतीय लोकतंत्र के जिम्मेदार नागरिक हैं। आपको संविधान वोट देने का अधिकार देता है और आप पर लोकतंत्र का एक महत्त्वपुर्ण कर 'Democracy Tax' भारित है।

अतः आपको पलामू लोकसभा चुनाव में 13 मई 2024 को वोट देकर अपना Democracy Tax चुकाना है।



" मेरा मत, मेरा हक

#IVote4Sure

निवेदक
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 324064 District (24-25)_D

चुनाव सर्वोच्च प्राथमिकता
जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निश्मन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक–820/OTD दिनांक–16.04.2024 के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में गृह रक्षकों की कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा के प्रभावित बल के गृह रक्षक (महिला/पुरूष) जो कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त हैं अथवा प्रतिक्षारत् हैं, वे चुनाव डियुटी की संवेदनशीलता को देखते हुए आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा के कार्यालय में अपना–अपना आगमन कराना सुनिश्चित् करें। आगमन नहीं कराने की दशा में चुनाव ड्यिूटी जैसे सर्वोच्य कर्त्तव्य के प्रति उनकी अवहेलना मानते हुए मुख्यालय, राँची को उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

PR 324067 Police(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### ओवरटेक करने में दो ऑटो टकराया, चार यात्री जख्मी

**मानपुर**। बुनियादगंज थाना अंतर्गत तकिया मोहल्ले के सामने ओवरटेक करने के चक्कर में दो ऑटो में भिड़ंत हो गई।इस घटना में एक ऑटो सवार चार लोग जख्मी हो गई। जिसमें एक कि स्थिति गंभीर है।घायलों की पहचान राकेश कुमार, रविता कुमारी, अनुष्का और आर्यन है। इस संबंध में जख्मी राकेश कुमार ने बताया कि सूर्य पोखरा स्थित ससुराल में आयोजित शादी समारोह के बाद अपने गांव परैया थाना के तरहट्टा जा रहा था। तकिया मोहल्ले के चंद कदम पहले पीछे से आ रहे लहरिया कट ऑटो जिसपर कई लड़के सवार थे।ठोकर मार कर भाग खड़ा हुआ।वही प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ठोकर इतना जोरदार था की ऑटो एक के बाद एक चार बार पलट गई।मानो जान लेने के नियत से ऑटो में ठोकर मारी गई हो। आनन फानन में जख्मी लोगो को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल भेज दिया। सिटी रिपोर्टर| कोंच थाना क्षेत्र के गोरकट्टी गांव में पदस्थापित शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मंगलवार को गया शहर के विष्णुपद स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार गोरकट्टी निवासी सह मध्य विद्यालय, गोरकट्टी में पदस्थापित शिक्षक विनय चक्रवर्ती एवं गाजीपुर निवासी प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी जो गोरकट्टी में पदस्थापित हैं। दोनों सोमवार की शाम बाइक पर सवार होकर मानपुर में किसी के रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मानपुर से पटना जाने वाले मार्ग में बस की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर शाम 45 वर्षीय विनय चक्रवती की मौत हो गई थी। वहीं, प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी खतरे से बाहर बताई जाती हैं। शव को मुखाग्नि एक मात्र 10 वर्षीय पुत्री सौम्या कुमारी ने दिया। उक्त घटना के बाद कोंच के शिक्षकों में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एक्स. से 15.6 किलो गांजा बरामद

**गया**। आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने गया जंक्शन पहुंची आनंद विहार वीकली सुपरफास्ट एक्स से 15.6 किलो गांजा का तीन बंडल बरामद किया है। बरामद गांजा का अनुमानित मूल्य करीब डेढ़ लाख रुपए आंका गया है। इस बारे में गया आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि 22 अप्रैल की शाम सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 22857 आनंद विहार वीकली सुपरफास्ट एक्स के S2 कोच में सीट नंबर 9 के पास एक लावारिस बैग पड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक रामसेवक व जीआरपी स्टाफ को लेकर गाड़ी के गया जंक्शन आने पर संबंधित कोच को अटेंड कर वहां से एक लाल रंग की ट्रॉली बैग बरामद किया गया। मौके पर उपस्थित यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने ट्राली बैग के बारे में काई जानकारी नहीं दी। ट्रॉली बैग की जांच करने पर गमछा में लपेटा हुआ तीन बंडल गांजा पाया गया। जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपए आंका गया है।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, धरहरा थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान की करवाई

**मुंगेर**। मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर धरहरा थाना की पुलिस ने मंगलवार की देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दशरथपुर पेट्रोल पंप पुल के पास से एक बाइक पर दो युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ओडाबगीचा गांव निवासी गोरेलाल कुमार का बेटा ब्रजेश कुमार है और हेमजापुर थाना क्षेत्र के छर्रा पट्टी गांव निवासी सुबोध यादव का बेटा सुमन कुमार है। पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के दौरान जमालपुर से धरहरा की ओर एक बाइक पर दो युवक जा रहे थे। जब उनको रोककर गाड़ी के कागजात की मांग की गई तो दोनों इधर-उधर की बात करने लगे। पुलिस को जब शक हुआ तो सख्ती से पूछताछ किया गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर मनकोठिया गांव के योगेन्द्र कोडा के घर से एक और चोरी की बाइक को बरामद किया। वहीं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाइक चोरी मामले में मनकोटिया गांव निवासी योगेन्द्र कोडा का बेटा सनोज कुमार भी शामिल था। हालांकि छापेमारी के दौरान वह फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है, जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

### 4 बीघा गेहूं के फसल में लगी आग

**गया**। गया के कोंच थाना क्षेत्र के डबुर पंचायत अंतर्गत केशरू बीघा गांव में बुधवार की सुबह किसान के चार बीघा खेत से काटे गए गेहूं के बोझे में आग लग गई। केशरु बीघा निवासी गिरी कुशवाहा के खेत में लगे करीब चार बीघा गेहूं की फसल को काटकर एक स्थान पर रखा गया था। जिसमें आज सुबह अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से मोटर के पानी के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि पास में बिजली का ट्रांसफार्मर के कारण शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी होगी। बुधवार की सुबह शौच के लिए जब गांव के लोग गए उन्होंने फसल जलते हुई देखी। जिसके बाद सभी गांव वाले मिलकर आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश किए लेकिन आग की लपटें काफ़ी तेज थी ।सबकुछ जलकार राख कर दिया।



### बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान खाक, दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**भागलपुर**। भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के थाना क्षेत्र के बाजार में मोहन पोद्दार की बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की लेकिन आग की लपटें काफी तेज हो गई थी। आग नीचे से ऊपर मंजिल पर चली गई। स्थानीय लोग व फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तब फायर ब्रिगेड की तीसरी गाड़ी मौके पर पहुंची करीब एक घंटे तक कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया। दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ उससे महज पांच मीटर की दूरी पर बिजली का ट्रांसफार्मर है ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने के कारण यहां पर आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहता है। सूचना पर नवगछिया थाने की पुलिस भी पहुंची। इस हादसे में लाखों रुपए के समान जलकर राख हुआ है।

### ट्रक और स्कॉर्पियो की भिड़ंत, चालक की मौत, क्रेन की मदद से शव को बाहर निकालने में जुटी पुलिस

**नालंदा**। नालंदा में बिहटा-सरमेरा एसएच 78 पर बुधवार की सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां ट्रक और स्कॉर्पियो की हुई आमने-सामने की टक्कर में स्कार्पियो चालक की मौत हो गई। मामला रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत सोसन्दी और भेंडा मोड़ के बीच की है। गिट्टी लोड ट्रक बिन्द की ओर से रहुई की ओर जा रहा था। जबकि स्कॉर्पियो रहुई की ओर से बिन्द की ओर जा रही थी। इसी बीच सोसन्दी मोड़ और भेंडा मोड़ के बीच ट्रक और स्कॉर्पियो आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रक का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क से नीचे उतर गया। शव को स्कॉर्पियो से निकालने के लिए क्रेन को बुलाना पड़ा है। करीब 2 घंटे से पुलिस क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो से शव को बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। फिलहाल मृतक कौन है इसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं इस मामले में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि ट्रक और स्कॉर्पियो में जबरदस्त टक्कर हुई है। जिसके कारण स्कॉर्पियो का चालक उसके अंदर ही फंस गया है। गाड़ी इतनी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हुई है कि क्रेन को मौके पर बुलाया गया ताकि शव को बाहर निकाला जा सके। फिलहाल स्कार्पियो चालक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पुरे मामलें की छानबीन में जुट गई है।

# प्रधानमंत्री के मुंगेर आगमन को लेकर तैयारी तेज, 26 अप्रैल को चुनावी सभा

## 100 से अधिक मजदूर सफाई में लगे, अधिकारी कर रहे जांच

निज संवाददाता। मुंगेर



लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गठबंधन के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया जारी है। आगामी 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में प्रधानमंत्री एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगेंगे। वहीं,उनके आगमन से पूर्व साफियासराय स्थित हवाई अड्डा मैदान कार्यक्रम स्थल का मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद और प्रधानमंत्री की सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और हेलीकॉप्टर लैंड कराने को लेकर हेलीपैड सहित कई स्थलों की बारीकी से जांच की। मौके पर नगर आयुक्त निखिल धनराज निपनिकर, सदर एसडीपीओ राजेश कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एएसपी शैलेंद्र सिंह, सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इधर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हवाई अड्डा मैदान पर नगर निगम की ओर से लगभग 100 से अधिक मजदूर को साफ सफाई में लगाया गया है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एजेंसी के द्वारा मैदान में किसी भी लोगों का अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने के लिए रोक लगा दी गई है। इसे लेकर हवाई अड्डा मैदान के मुख्य गेट पर पुलिस जवानों की प्रति नियुक्ति कर दी गई है। मैदान के अंदर कार्यक्रम स्थल के समय किसी भी तरह का फोटो वीडियो बनाने पर रोक लगा दी गई है।जबकि मैदान की सुरक्षा को लेकर एसपीजी सुरक्षा एजेंसी द्वारा स्वयं अपने से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मैदान के चारों ओर पुलिस जवानों की प्रति नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा एंबुलेंस अग्निशमन विभाग की वहां मेडिकल टीम की प्रतिनिधि अभी से ही कर दी गई है। जबकि मैदान में प्रधानमंत्री के सभा स्थल पर लोगों को बैठने के लिए आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है जबकि मैदान की साफ सफाई पिछले एक सप्ताह से की जा रही है।

# गया में प्रेम प्रसंग में हुई ऑटो ड्राइवर की हत्या

निज संवाददाता। गया



परिवार बोला- लड़की की बड़ी बहन के घर मिलने गया था, 4 लोगों पर शक

गया में 26 साल के ऑटो ड्राइवर राहुल की हत्या में अफेयर की बात सामने आ रही है। 22 अप्रैल को उसका शव मिला था। उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। परिवार का कहना है कि उसका एक लड़की से अफेयर चल रहा था। लड़की का परिवार ये जानता था और वो दोनों के रिश्ते से नाखुश था। लड़की की एक बहन की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई है। अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए वो मानपुर जाया करता था। घटना के दिन भी वह अपने ऑटो से मानपुर गया हुआ था। वहीं से वह लापता हुआ और फिर दूसरे दिन उसकी मेडिकल थाना क्षेत्र के हरियो के पास लाश मिली। उसका ऑटो भी डेड बॉडी के पास ही पड़ा है। ऑटो में बिल्कुल खरोच नहीं है। इधर, पुलिस ने मृतक का ऑटो और मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही है। मृतक के पिता विनोद कुमार यादव का कहना है 21 अप्रैल की रात करीब तीन बजे घर से यह कह कर निकला था कि वह मानपुर जा रहा है। उसे एक डीजे वाला ने बुलाया है। विनोद यादव से जब यह पूछा गया कि क्या आप डीजे वाले को जानते हैं तो उन्होंने कहा कि नहीं जानते। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को 11 से 12 बजे बीच राहुल से बात हुई थी। पिता ने बताया कि उस समय उसने कुछ भी नहीं बताया था, लेकिन शाम को अचानक से पुलिस का फोन आता है कि राहुल का शव हरियो के पास पड़ा है। ऑफ द रिकार्ड मृतक के पिता विनोद यादव और गोपाल यादव ने बताया कि राहुल का चंदौती के रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस लड़की से प्रेम प्रसंग था उसकी एक बहन मानपुर में ब्याही हुई है। राहुल अक्सर किसी न किसी बहाने से मानपुर में लड़की से मिलने जाया करता था।

# मंगलवार से लापता किशोर का तालाब में मिला शव

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार से लापता एक किशोर का शव तालाब से बुधवार को पुलिस ने बरामद किया है। मामला बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत धनेश्वर घाट स्थित तालाब की है। मृतक की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के कमरुद्दीन गंज निवासी सोनू राम के बेटे राजा कुमार(12) के रूप में की गई है। राजा कुमारी की मां आरती देवी ने बताया कि उनका बेटा अपनी बहन से आम तोड़ने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद मंगलवार की देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा। उन लोगों ने काफी खोजबीन की, बावजूद कहीं अता पता नहीं चल रहा था। बुधवार के अहले सुबह फिर से वह बेटे की खोजबीन में जुट गए। दोपहर बाद पता चला कि धनेश्वर घाट स्थित तालाब में एक शव मिला है। जब वह वहां पहुंची तो शव की पहचान राजा कुमार के रूप में की। परिजन हत्या कर शव को तालाब में फेंके जाने की बात कह रहे हैं। हालांकि, हत्या क्यों और किसने की यह उन्हें पता नहीं है। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया है। बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि मंगलवार से ही किशोर घर से गायब था। परिजन द्वारा भी पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। नगर निगम के कर्मियों द्वारा जब शव को तालाब में देखा गया तो उन्हें जानकारी दी गई। वह घटनास्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की गई। कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नड्डा ने जम्मू से कन्याकुमारी तक गिनाई परिवार की पार्टियां

# खगड़िया में बोले- इंडिया एलाइंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा, इन लोगों को जेल भेजना है

निज संवाददाता। भागलपुर



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को खगड़िया में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार मिटाओ। दूसरी तरफ यह घमंडिया गठबंधन वाले कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इन लोगों को जेल भेजना है। सभी भ्रष्टाचारियों को भेजना है। जेपी नड्डा खगड़िया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में गोगरी के भगवान हाई स्कूल के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ साथ प्रत्याशी राजेश वर्मा, बेलदौर विधायक पन्नालाल पटेल, पूर्व विधायक चंद्रमुखी देवी, कार्यक्रम प्रभारी अमरेन्द्र कुमार अमर आदि प्रमुख नेता मौजूद रहे।

**कांग्रेस-आरजेडी पर साधा निशानाः** अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने साथ ही कहा, कांग्रेस पार्टी ने चावल घोटाला किया। चीनी घोटाला किया। मजदूरी घोटाला किया। कॉमनवेल्थ गेम घोटाला किया। 2G-3G स्पेक्ट्रम घोटाला किया। हेलीकॉप्टर की खरीद में घोटाला किया। धरती, आकाश, अंतरिक्ष सब जगह घोटाला किया। लालू यादव ने चारा घोटाला किया, जमीन के बदले नौकरी का घोटाला किया, अलकतरा घोटाला किया। कांग्रेस के सभी नेताओं ने घोटाला किया।

**इंडिया एलाइंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ाः** तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने शिक्षक भर्ती घोटाला किया। हर स्तर पर भ्रष्टाचार किया। अरविंद केजरीवाल और आप के नेताओं ने शराब का घोटाला किया, दवाई में घोटाला किया। इंडिया एलाइंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी जमानत पर हैं। चिदंबरम जमानत पर हैं, लालू यादव और तेजस्वी यादव जमानत पर हैं।

**नड्डा बोले- खगड़िया के प्रत्याशी राजेश वर्मा विकासशील हैंः** अमृत भारत योजना के तहत खगड़िया का दो रेलवे स्टेशन बिल्कुल नया बन रहा है। वर्ल्ड क्लास स्टेशन बन रहा है। खगड़िया से कुशेश्वरस्थान 44 किलोमीटर रेलवे लाइन बन रहा है। मोदी जी द्वारा खगड़िया में मेगा फूड पार्क दिया गया है, यह विकास की बड़ी गाथा लिखेगा। खगड़िया के प्रत्याशी राजेश वर्मा विकासशील हैं। यह जीत कर सांसद पहुंचेंगे तो विकास की गई नई गाथा लिखेंगे। नरेंद्र मोदी ने सबके लिए काम किया है। किसानों को सम्मान दिया। गरीबों को घर दिया, शौचालय दिया, 5 लाख का मुफ्त इलाज दिया। अब तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, तो 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को प्रत्येक साल 5 लाख के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

# पुलिस ने मारी थी गोली, देना होगा 4 लाख मुआवजा

## हेलमेट के लिए पुलिस ने मार डाला था, शादी की पहली सालगिरह के दिन तोड़ा था दम

निज संवाददाता। बिहारशरीफ



हेलमेट नहीं रहने की वजह से पुलिस की गोली के शिकार युवक के परिजनों को 4 लाख मुआवजा देने का आदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने दिया है। राज्य सरकार को यह राशि आठ सप्ताह के अंदर पीड़ित परिजनों को उपलब्ध करानी होगी। युवक ने 12 मई 2023 को अपनी शादी की पहली सालगिरह के दिन अस्पताल में दम तोड़ दिया था। जहानाबाद जिले के ओकरी ओपी के अनंतपुर गांव के पास 28 मार्च 2023 को हेलमेट नहीं रहने के कारण भाग रहे बाइक सवार युवक को खदेड़कर पुलिस ने गोली मार दी थी। घटना के डेढ़ माह बाद पटना के निजी अस्पताल में इलाजरत युवक की मौत 12 मई, 2023 को हो गई थी। मृतक तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के कोरथूगांव निवासी रविंद्र यादव का इकलौता पुत्र सुधीर कुमार था। उक्त कांड में राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव को मृतक के आश्रित को चार लाख रुपए मुआवजा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। मुआवजे की राशि आठ सप्ताह के अंदर नालंदा डीएम पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराएंगे। घटना की खबर 29 मार्च 2023 को अखबारों में प्रकाशित हुई थी। प्रकाशित खबर को आधार बनाते हुए सारेथाना क्षेत्र के बहादी बिगहा निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ब्रजेश सिंह ने इसकी शिकायत एनएचआरसी में दर्ज कराई थी। उसी दिन राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी प्रकाशित खबर पर स्वतःसंज्ञान लिया। 22 फरवरी 2024 को राज्य मानवाधिकार आयोग ने सरकार को सचिव को आठ सप्ताह के अंदर मृतक के आश्रित को चार लाख मुआवजा उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

**क्या था मामलाः** 28 मार्च को ओकरी ओपी अंतर्गत अनंतपुरगांव के पास ओपी प्रभारी चंद्रहास कुमार वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान युवक बाइक से बाजार जा रहा था। उसके पास हेलमेट व लाइसेंस नहीं था। इस कारण वह बाइक की गति तेज कर भागने लगा। पुलिस, वाहन से चार किलोमीटर तक खदेड़ बाइक सवार के आगे आ गई। इसके बाद जमादार मुमताज अहमद ने युवक के दाहिने साइड सीने में गोली मार दी थी। गोली लगने के बाद युवक भागा। इसके बाद सड़क पर गिर गया। जख्मी को अस्पताल पहुंचाने के बजाय पुलिस उसे सड़क पर तड़पता छोड़ चली गई। जख्मी को हिलसा के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां 18 दिनों तक इलाज चला। हालत में सुधार होने पर युवक घर लौट गया। फिर दो दिन बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। तब युवक को पटना के आईजीएमएस में भर्ती कराया गया। वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ। तब युवक को पटना के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां 12 मई को युवक की मौत हो गई। घटना के बाद दोषी पुलिस अधिकारी पर केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। युवक की मौत उसकी शादी की पहलीसालगिरह के दिन हुई। 12 मई 2022 को उसकी शादी हिलसा के चौठइयागांव निवासी डॉली कुमारी से हुई थी। मृतक तीन बहनों का इकलौता बड़ा भाई था। किसान पिता ने इकलौते बेटे की जान बचाने के लिए कर्ज लेकर 20 लाख से अधिक खर्च किए थे।

# गया में निरंकारी मिशन के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

निज संवाददाता। गया



गया के संत निरंकारी मिशन के तहत बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के साथ-साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। संत निरंकारी मिशन के जोनल हेड राकेश कुमार सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा मानव एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को रक्त देना है। लगभग ढाई सौ लोगों द्वारा रक्तदान देने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है। अब तक 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान कर दिया है। उन्होंने बताया कि जो लोग संगठन से रक्तदान के लिए कांट्रैक्ट करते हैं, उनकी जरूरत को देखते हुए प्राथमिकता पर निशुल्क रक्त दिया जाता है। मानव सेवा ही हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर संगठन से जुड़े लोग दूर-दूर से आए हैं। वे अपनी सेवा दे रहे हैं। भजन-कीर्तन और भंडारा का भी आयोजन किया गया है। वहीं, संत निरंकारी मंडल से जुड़े सदस्य विकास कुमार ने बताया कि हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि रक्त नाड़ियों में बहे, ना की नालियों में। ऐसा हमारे सद्गुरु का मानना है। उन्हीं के निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस रक्त को हमलोग सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराते हैं।

# राजनीतिक तौर पर मजूबत होने के बाद ही बदलेंगे हालात

निज संवाददाता। नालंदा

कुशवाहा मौर्य, माली, सैनी प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा मुंबई में सम्राट अशोक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार का प्रतिनिधित्व नालंदा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने किया। इस मौके पर मंच की ओर से इन्हे सम्मानित किया गया साथ ही साथ समाज के उत्थान के लिए इनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई। इस मौके पर सोनू कुशवाहा ने समाज के लोगों से अपील की है कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक तौर पर मजबूत बनें। राष्ट्रीय लोक मोर्चा जो की बिहार में लगातार समाज के लिए काम किया है। उसको मजबूत बनाये और एक मंच पर आकर सभी लोग काम करें, जिससे समाज का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद से अभी तक लगातार कांग्रेस और राजद ने साजिश कुशवाहा बाहुल 40 विधानसभा और 8 लोकसभा को आरक्षित करने का काम किया। जिसके कारण सांसद और विधायक बनने से रोकने का काम राजद और कांग्रेस ने मिलकर किया। सोनू ने कहा कि अगर आप लोग सामूहिक रूप से ताकत देते हैं तो अगले परिसीमन में 40 विधानसभा और 8 लोकसभा क्षेत्र को आज़ाद कराने का काम करेंगे और समाज के लोग अधिक से अधिक विधायक और सांसद बनकर समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे। जब आप राजनीतिक रूप से नंबर वन की भूमिका में होंगे तो समाज के सभी तबके के लोगो को फायदा मिलेगा।

# नालंदा में जल संकट गहराया, बोरिंग फेल होने से मोटर खराब गर्मी में हलक तर करने को भटक रहे चकरसलपुर के लोग

निज संवाददाता। नालंदा



गर्मी का मौसम जैसे-जैसे परवान चढ़ रहा है। वैसे-वैसे नालंदा में जल संकट गहराता जा रहा है। हलक तर करने के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। ताजा मामला बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड नंबर-49 के चकरसलपुर मोहल्ले का है। पिछले 15 दिनों से मोहल्ले के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

**नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा टैंकरः** मोहल्ले वासियों को कहना है कि निगम से पानी के कंप्लेन के बाद कभी कभार पानी टैंकर को भेजा जाता है। जब तब कभी पानी आता भी है, तो वह भी काफी गर्म रहता है। पीने में परेशानी होती है। पानी लेने के लिए भी आपा धापी मची रहती है।

**रोजमर्रा के कामों में हो रही परेशानीः** मोहल्ले के महिला और पुरुषों का कहना है कि पानी के बिना उनकी दिनचर्या बिगड़ गई है। सुबह से शाम तक पानी के इंतजाम में ही दिन कट रहा है। आसपास लगे हैंडपंप भी फेल हो चुके हैं। पड़ोसी भी अब पानी देने से आनाकानी करने लगे हैं। कुएं का गंदा पानी को लोग विवश हैं।

**जनप्रतिनिधि ने कहा माह भर करना होगा इंतजारः** मोहल्ले वासियों ने कहा कि जब उन्होंने पानी की समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि से गुहार लगाया और नल-जल के मोटर को ठीक कराने की बात कही तो उन्होंने 1 महीने में समस्या दूर होने की बात कही। उनके सामने पानी का संकट मुंह बाएं खड़ा लेकिन निदान की उम्मीदें दिख नहीं रही है।

नगर निगम के सिटी मैनेजर ने बताया कि चकरसलपुर में पंचायती राज के तहत नल-जल के लिए बोरिंग लगाई गई थी। नए परिसीमन में यह क्षेत्र नगर निगम के दायरे में आ गया है। गर्मी के कारण पानी नीचे चला गया है। इससे बोरिंग फेल हो गई है। तकनीकी खामियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। तब तक पानी के टैंकर को नियमित रूप से भेजा जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुर में ऑटो से गिरकर बुजुर्ग की मौत, अपने काम से आ रहा था आरा, असंतुलित होकर गिरा

**आरा**। आरा-सलेमपुर मुख मार्ग पर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव स्थित पकवान इनार के पास मंगलवार की शाम ऑटो से गिरकर एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं, घटना के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव वार्ड नंबर चार निवासी स्व.द्वारका लाल के 68 साल के बेटे लाल बाबू लाल है। वह पेशे से किसान था। इधर, मृतक का भतीजा भोला ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह अपने गांव से ऑटो पर सवार होकर आरा जा रहे थे। इसी दौरान शुक्लपुरा गांव स्थित पकवान इनार के पास वह असंतुलित होकर ऑटो से गिर पड़ा। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद ऑटो वाला वहां से फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसके पॉकेट में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में 7 बेटे ओम प्रकाश लाल, अजीत लाल, सुरेश लाल, रमेश लाल, उमेश लाल, राजेश लाल और मुन्ना लाल है। मृतक की पत्नी बबली देवी और मृतक के बड़े बेटे जानकी लाल की मृत्यु कुछ साल पहले बीमारी के कारण हो गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं होने से परेशानी बढ़ी

**आरा**। बिहार सरकार शिक्षा विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग कर रहा है लेकिन विश्वविद्यालय की तरफ से उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से संबद्ध कॉलेजों की परेशानी अब बढ़ती ही जा रही है। संबद्ध कॉलेजों को मिलने वाले अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेजे जाने पर अगली अनुदान राशि सरकार स्तर से विमुक्त नहीं की जा रही है। इससे संबद्ध कॉलेजों में नाराजगी देखी जा रही है। राज्य सरकार शिक्षा विभाग की ओर से पिछले वर्ष में शैक्षणिक सत्र 2013-16 का अनुदान राशि विश्वविद्यालय को भेजा गया था। कुल 32 कॉलेजों का अनुदान प्राप्त हुआ था। इसके आलोक में जहां किसी तरह का विवाद नहीं था, वहां शिक्षक व कर्मियों के बीच में अनुदान की राशि भी वितरित हो गयी। अनुदान राशि का वितरण करने वाले कॉलेजों ने उपयोगिता प्रमाण भी गत वर्ष जमा कर दिया लेकिन विश्वविद्यालय स्तर से सरकार के पास उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं कराया गया है। इस कारण सरकार स्तर पर शैक्षणिक सत्र 2014-16 का अनुदान लटका हुआ है। उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेजे जाने से ही अगला अनुदान निर्गत नहीं हो पा रहा है। संबद्ध कॉलेजों ने विश्वविद्यालय से जल्द से जल्द उपयोगिता प्रमाण भेजने की मांग की है। गौरतलब हो कि संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों और कर्मियों का आर्थिक सहारा अनुदान ही होता है। यदि यह भी समय पर नहीं मिलेगा तो घर परिवार चलाना शिक्षकों और कर्मियों के लिए मुश्किल हो जायेगा।

### ट्रक के चकमा देने पर ऑटो पलटा, 12 महिलाएं हुई जख्मी

**कोईलवर**। कोईलवर कोईलवर थाना के सकड्डी-नासरीगंज सड़क पर धरम कांटा के समीप बालू लादने आ रहे ट्रक के चकमा दिए जाने से शादी में शामिल होने जा रही महिलाओं से भरी ऑटो पलट गया जिसमें सभी सवार जख्मी हो गए। इस हादसे में दर्जन भर महिला घायल हो गई तो ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।जख्मियों को आरा व बिहटा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।भुक्तभोगी परिवार के लोगों ने बताया की चांदी थाना के भदवर गांव के योगेंद्र बहेलिया के पुत्री की शादी महथीन मंदिर में होने को लेकर पुरुष व महिलाएं ऑटो से बिहिया जा रही थी।अभी ऑटो सकड्डी मोड़ पर पहुंचने ही वाली थी की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रकों के चकमे में ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गई और उसमे सवार सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इधर सड़क दुर्घटना को देख सकड्डी मोड़ पर लोगों में आपाधापी मच गई।स्थानीय लोगों ने सभी जख्मियों को ऑटो से बाहर निकाला तो वहीं आक्रोशित लोगों ने आ रहे एक ट्रक पर पथराव कर शीशा तोड़ डाला। इधर घटना की सूचना मिलते ही पहुंचे घरवालों ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को बिहटा व आरा स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में शिवलाल बहेलिया,भदवर के सरपंच चरण सिंह की पत्नी भागमानो देवी,भाभी शकुंतला देवी, मनाको देवी, कुसुम समेत कई लोग जख्मी हुए हैं। सड़क दुर्घटना के संबंध में पूछे जाने पर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया की ऑटो चालक शराब पीकर ऑटो चला रहा था। एक ऑटो पर दर्जन भर लोगों को बैठा कर जा रहा था। व बालू लदे ट्रक से ओभर टेक करने में ऑटो पलटी मारी है। साथ ही बताया कि ऑटो ड्राइवर संजय राय को पुलिस ने शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 25 अप्रैल को वीकेएसयू में नामांकन समिति की बैठक

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र, 2024-28 के नामांकन के लिए 25 अप्रैल को नामांकन समिति की बैठक बुलाई है। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक होगी। कुलपति इस समिति के अध्यक्ष है। विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद सिंह, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ अवध बिहारी सिंह, एमवी कॉलेज, बक्सर के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाठक, डीके कॉलेज डुमरावं के प्राचार्य डॉ राजू मोची, जंतु विज्ञान के डॉक्टर दीनानाथ पंडित, जगदेव मेमोरियल कॉलेज सकरी कुदरा के प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार कमेटी के सदस्य है। आमंत्रित सदस्य कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार, डॉ विजयराज कुमावत और डॉ दीपक कुमार मांझी है। बैठक में 27 अप्रैल को स्नातक नामांकन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू करने पर मंथन होगा।

### भाषण में गरिमा का ख्याल नहीं रख रहे पीएमः चौबे

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि मोदीजी ने अलीगढ़ के चुनावी सभा में कहा कि माताओं-बहनों का मंगलसूत्र भी सलामत नहीं है। भाषण में इस तरह का बात कहना अशोभनीय है। मंगलसूत्र सुहागनों का पवित्र गहना है। वे अपने हर भाषण में भड़काऊ, गैर कानूनी एवं संविधान के आत्मा के खिलाफ बोल रहे हैं जो आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है। वो अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्ष्य बनाकर भाषण दे रहें हैं। चुनाव आयोग के संज्ञान में ये बातें आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी कमाई पर कांग्रेस की नजर है यह बिलकुल सरासर गलत है। जनता के पैसों पर तो भाजपा की नजर है। आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड सभी को लिंक कराना भाजपा की चाल है। देश तंगी के हालत से गुजर रहा है और चुनाव में भाजपा पानी की तरह पैसा बहा रही है।

### पत्नी की हत्या करने के बाद मंदिर में छुपा पति गिरफ्तार, बेटा समेत सात लोग फरार

**बक्सर**। धनसोई थाना पुलिस ने पत्नी के हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। महिला के हत्या में आरोपी बेटे समेत अन्य सात फरार चल रहे है। पुलिस फरार आरोपितों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। सोमवार को धनसोई थाना क्षेत्र के समहुता गांव में केशबिहारी चौधरी अपने पुत्र बजरंगी के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी रुना देवी को ईंट से कूच-कूच कर मार डाला। घटना के बाद मृतक की पुत्री कंचन कुमारी ने अपने पिता केशबिहारी और भाई बजरंगी के साथ अन्य सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांव के बाहर काली मंदिर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की मानें तो आरोपी हत्या की वारदात को अंजाम देकर गांव के बाहर स्थित काली मंदिर में छुपा हुआ था। देर शाम वह गांव में किसी से मिलने का प्रयास कर रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर मंदिर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपी बेटा बजरंगी समेत अन्य सात फरार चल रहें है।

# सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन जख्मी

## ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, कंप्यूटर क्लास करने के बाद गांव वापस लौट रहे थे

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए । इसके बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आ गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया गया है। पहली घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप बाइक सवार दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार और फुलटून सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शामिल है। इधर,परिजनों ने बताया की साहिल स्नातक का छात्र है। वो प्रतिदिन की तरह कंप्यूटर क्लास करने के लिए आरा आया हुआ था । लौटने के दौरान उसे रास्ते में अमित मिल गया । इसके बाद दोनों बाइक से गांव जा रहे थे । इसी गांव के समीप सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी ।इस हादसे में दोनों जख्मी को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है।

**बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, स्थिति नाजुकः** धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार ने पैदल जा रही एक बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हुआ बुरी तरह जख्मी हो गई । इसके बाद गश्ती पुलिस के द्वारा उन्हें आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी महिला धोबहां अगरसंडा बेहरा गांव निवासी स्वर्गीय टांगर प्रसाद के 60 वर्षी पत्नी दवलातो कुंवर है। परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से सलेमपुर बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रही थी। इस बीच पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। जहां गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया है।

## अयोध्या के बजरंगी, मुगलसराय के बिजली का जमकर हुआ दंगल

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर के सरेंजा में हुई चर्चित कुश्ती प्रतियोगिता, बड़े पहलवानों ने आजमाए दांव, बटोरे इनाम

बक्सर के सरेंजा गांव में हर साल की भांति इस साल भी चैत्र पूर्णिमा सह महावीरी पूजा के अवसर पर बजरंग मंदिर अखाड़े पर विराट दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय पहलवानों के अलावा अयोध्या, मऊ, बनारस, गाजीपुर, मुग़लसराय, बलिया, आजमगढ़, मुहम्मदाबाद, कैमूर के नामी-गिरामी पहलवानो का जमावड़ा हुआ। कई बड़े पहलवानों की कुश्ती बराबरी पर छूटी। लेकिन दांव-पेंच के नमूने दिखा पहलवानों ने खूब वाहवाही लूटी, वही इनाम भी बटोरे।

**अयोध्या व मुगलसराय के पहलवान का दंगल रहा आकर्षकः** इस दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सरेंजा पैक्स अध्यक्ष शशि भूषण राय उर्फ डब्बू राय तथा जिप सदस्य पूजा देवी द्वारा पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान के साथ संसाधन होना जरूरी है। तभी खेल से युवा आगे बढ़ सकेंगे। इस प्रतियोगिता में यूपी अयोध्या के पहलवान बजरंगी व मुग़लसराय के पहलवान बिजली आकर्षण का केंद्र रहे। लेकिन, इस सभी नामी व गिरामी वाले पहलवानों की कुश्ती निर्णायक न हो सकी। बताया जाता है कि 70 साल से लगातार महावीरी झंडा के अवसर पर ग्रामीणों के सौजन्य से विराट दंगल का आयोजन किया जाता रहा है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक नामी गिरामी पहलवान शिरकत करते हैं। इस वर्ष भी आयोजित दंगल में बड़े-बड़े नाम वाले सुरमा पहलवानों ने भाग लिया। इस कुश्ती के निर्णायक देवराज सिंह यादव तो उद्घोषक में मोहम्दाबाद के वसीम पहलवान रहे। आयोजनकर्ता में गुणराज सिंह, श्रीराम यादव, अशोक सिंह, उपेन्द्र यादव, मुन्ना यादव, दिनेश यादव, सागर सिंह, नथुनी सिंह आदि लोग शामिल थे।

## लोकसभा ड्यूटी से लापता हुए एसआई, यूपी-बिहार के थाने में भेजी गई तस्वीर

निज संवाददाता। बक्सर



मानसिक रोग से ग्रसित थे लखनऊ निवासी

बक्सर में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में तैनात एसआई लापता हो गए। वे लखनऊ के रहने वाले हैं। गया में पोस्टिंग है और मानकिस रोग से ग्रसित हैं। जिसकी दवा वे खा रहे थे। ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपनी पत्नी से बात की थी। पत्नी से दवा लाने के लिए कहा था। पत्नी जब डुमरांव पहुंची तो वे नहीं मिले। अधिकारी 15 अप्रैल से ही लापता है। काफी खोजबीन की गई, पर अभी तक पता कुछ पता नहीं चला है। पत्नी ने डुमरांव थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। यूपी-बिहार के हर थाने में तस्वीर भेजी गई है।

**हर थाने में तस्वीर भेज दी गई हैः** लापता एसआई कुंदन सिंह की तलाश में डुमरांव थाने की पुलिस जुट चुकी है। पत्नी गीता देवी ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, पर अबतक एसआई का पता नहीं चला है। डुमरांव थानाध्यक्ष सह प्रक्षिशु डीएसपी अनीषा राणा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। खोजबीन की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। हर थाने में भी तस्वीर भेज दी गई है।

## करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, मकई का खेत में पानी पटाने गए थे,टूटे तार के चपेट में आने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव में मंगलवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव निवासी स्व.नागर पासवान के 65 वर्षीय पुत्र मणी मोहन पासवान है एवं वह पेशे से मजदूर थे। इधर,मृतक के बेटे सुशील प्रसाद ने बताया कि वह गांव के ही गणेश सिंह का मकई का खेत मजदूरी पर पटाने गए थे । जहां खेत में पहले से 11 हजार तार टूटकर गिरा हुआ था । उस तार की चपेट में आने से एक सियार भी मर गया था। खेत पटाने के दौरान वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए।जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद जब गांव के एक ग्रामीण उधर गए तो उन्होंने देखा कि उन्हें वहां पर मृत अवस्था में पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को भी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व चार बहन में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी गीता देवी,तीन पुत्र कृष्ण,सुशील,नारायण व दो पुत्री सोना एवं शकुंतला है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी गीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दिनारा में NDA प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी का सवाल, सुधाकर सिंह के पिता ने बक्सर के लिए क्या किया?, बोले-मोदीजी ने विकास के लिए मुझे भेजा

निज संवाददाता। सासाराम



बक्सर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी मंगलवार को दिनारा विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और सूर्यपुरा प्रखंड के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि बक्सर को वाराणसी बनाएंगे, मोदी जी ने उन्हें बक्सर के विकास के लिए भेजा है। कहा कि विकास जरूर होगा हम मोदी जी के सिपाही हैं उनके नेतृत्व में बक्सर का विकास होगा। वहीं सुधाकर सिंह के एक बाहरी होने के बयान पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि ये सुधाकर सिंह जी यह बताएं कि तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यह भी गोपालगंज से आते हैं और यह भी अपने जिला में ना लड़ कर बाहर से चुनाव लड़ते हैं तो यह कैसे बाहरी नहीं हुए। कहा कि जो लालटेन का सिंबल लेकर यहां चुनाव लड़ रहे वो भी गोपालगंज से आता है। उन्होंने आगे कहा कि हम तो विश्वामित्र जी की तपोभूमि में आए हैं। विश्वामित्र जी भी बक्सर के नहीं थे लेकिन उन्होंने बक्सर में ही सब कुछ किया। उन्होंने आगे हमला बोलते हुए कहा कि सुधाकर सिंह के पिता और उनके नेता ने बक्सर के लिए क्या काम किया है।

उसके नाम पर वोट मांगे तो ज्यादा अच्छा होगा। एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सुधाकर सिंह के पिता भी बक्सर में 5 साल सांसद रहे थे, उन्होंने भी कुछ नहीं किया था और यह जीतेंगे तो क्या करेंगे? यह भी उसी तरह करेंगे जैसे उनके पिताजी ने किया है। बता दें कि बक्सर से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुधाकर सिंह बक्सर के पूर्व सांसद राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद के बेटे हैं। जबकि मिथलेश तिवारी गांपालगंज जिले के रहने वाले हैं। सुधाकर सिंह ने बाहरी बनाम स्थानीय को मुद्दा बनाया है।

## जर्जर तार और पोल से हादसे की आशंका शिकायत पर नहीं ध्यान दे रहे अधिकारी



निज संवाददाता। इटाढ़ी

इटाढ़ी प्रखंड के अतरौना पंचायत के जहानपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय सिकटौना के पास से गुजर रहे जर्जर 11000 वोल्ट की धारा प्रवाहित बिजली का तार जर्जर हो चुका है। वर्षों पूर्व लगे तार और पोल जर्जर होकर किसानों के खेत में गिरने के कगार पर है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार लगातार बिजली आपूर्ति में बेहतर काम करने का दावा कर रही है, लेकिन धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीण लगातार बिजली कंपनी को जर्जर तार पोल बदलने के लिए लिखित आवेदन देते हैं, इसके बाद भी अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। वोल्टेज ऊपर नीचे होते ही तार गल कर गिरने लगता है। जिस कारण बिजली आपूर्ति बाधित होती है। बिजली गुल होने के बाद पूरी रात लोग इस भीषण गर्मी में चैन की नींद नहीं सो पाते हैं।

## भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मना

**बक्सर** । कायस्थ परिवार बक्सर के संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को कायस्थ परिवार, बक्सर के जिला कार्यालय में भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रकटोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान चित्रगुप्त जी की विधिवत सामूहिक पूजा की गई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कायस्थ परिवार के संयोजक सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ के कुल देवता भगवान चित्रगुप्त जी महाराज हैं, जिनकी पूजा साल में दो बार होती है। एक पूजा चैत पूर्णिमा को प्रकटोत्सव के रूप में मनाई जाती है। इसमें हरेक समाज के लोग भी शामिल होते हैं। वहीं एक पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के यम द्वितीया के दिन कलम-दवात की होती है जो प्रत्येक कायस्थ परिवार के घर-घर में होती है। साथ ही सार्वजनिक रूप से प्रत्येक चित्रगुप्त मंदिर में भी पूजा की जाती है। शास्त्र के अनुसार संसार की लेखाजोखा रखने की जब जरूरत पड़ी तो ब्रह्मा जी अपनी तपस्या से चित्रगुप्त महाराज जी को प्रकट किया और उनसे कायस्थ वंश की संरचना हुई। उसी समय से कायस्थ वंश उनको अपना कुल देवता के रूप में पूजा करना शुरू की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कायस्थ परिवार के संरक्षण सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह कवि धनु लाल प्रेमातुर, वरीय अधिवक्ता शिवपूजन लाल, अधिवक्ता राजेश सहाय, राजेश सिन्हा, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रकाश सिन्हा, सत्यम श्रीवास्तव, वैदेही श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, दिलीप लाल, शशी लाल, विजय लाल, आकाश श्रीवास्तव आदि थे।

**बक्सर**| जिलेभर में भगवान चित्रगुप्त की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कायस्थ समाज और चित्रगुप्त परिवार मंच की ओर से शहर के पुराना सदर अस्पताल रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर में चित्रगुप्त महाराज का प्रकटोत्सव के बाद विधि विधान से हवन-पूजन हुआ। मंदिर में जयंती को लेकर भगवान को प्रसाद का भोग लगाया गया। मंगलवार सुबह से ही श्री चित्रगुप्त मंदिर में समाज के लोगों की भीड़ जमा रही। सभी भक्तों ने चित्रगुप्त भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की। पंडित राम प्रकाश ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि-विधान से हवन व पूजा कराया। पूजा संपन्न होने पर चित्रगुप्त परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया। संध्या में महाआरती की गई। वार्षिक पूजा समारोह में मंच के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शशिभूषण वर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, गुरू लाल, कुन्नू श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, रमन सिन्हा आदि थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है
1. कार्य का नाम एवं स्थान : ईसीआर के क्षेत्र में डीडीयू–प्रयागराज के बीच तीसरी लाइन के निर्माण के संबंध में प्रस्तावित खंड के लिए 2×25 केवी प्रणाली के साथ नई बीजी लाइन के विद्युतीकरण के लिए डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य हेतु निविदा संख्या। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/18/23-24, 2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹6,61,89,292.03, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 6 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 17.05.2024 दोपहर 12.00 बजे तक। 6. वैबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/
साउथ/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना
पीआर/00143/सीओएनएस/वि./टी/24–25/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है
1. कार्य का नाम एवं स्थान : सोन–नगर से प्रधानखांता सेक्शन के प्रस्तावित मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत किसी अन्य स्थान के संबंध में सोन–नगर से न्यू कोडरमा स्टेशन के बीच संरेखण में आने वाले एचटी (33/11 केवी) और एलटी ओवरहेड विद्युत उल्लंघन को हटाने को कार्य हेतु निविदा संख्या। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ ETEN/21/23-24, 2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹20,99,87,623.98, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 18 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 9.05.2024 दोपहर 12.00 बजे तक। 6. वैबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/
साउथ/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना
पीआर/00145/सीओएनएस/वि./टी/24–25/36

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

## एक नजर

### हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



**सुपौल (नि.सं.)**। सुपौल जिले के पिपरा पुलिस ने कार सवार दो युवकों को हथियार और 3 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत थुमहा बाजार स्तिथ थुमहा बसहा मुसहरी सड़क मार्ग में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष संजय दास ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थुमहा बाजार स्थित मुसहरी सड़क की ओर से कार से अपराधी अवैध हथियार लेकर जा रहे हैं। मौके पर गश्ती दल में शामिल एएसआई प्रकाश रजक और एएसआई किशोरी प्रसाद यादव थुमहा बाजार स्थित मुसहरी सड़क मार्ग पहुंचे। पुलिस ने एक कार को रोका और तलाशी ली। कार में दो युवक बैठे थे। बीच वाली सीट के नीचे से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया। युवकों की पहचान का थूमहा बाजार वार्ड-10 निवासी मोहन जायसवाल और दूसरा युवक थूमहा वार्ड-10 निवासी तरणी कुमार है। जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने मामले की जानकारी थानाध्यक्ष संजय दास को दी। युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया है। पिपरा थाना अध्यक्ष संजय दास ने कहा कि युवकों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा।

### एक लाख का इनामी अपराधी गिरफ्तार



**बेगूसराय (नि.सं.)**। बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और बेगूसराय पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। उत्तर प्रदेश के गजियाबाद में दोनों टीम ने मिलकर संयुक्त रुप से कार्रवाई करते सरपंच पुत्र की हत्या सहित कई कांड के वांछित एक लाख के इनामी कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी तेघड़ा थाना क्षेत्र के बनहारा गांव निवासी सुशील कुमार राय है। एसपी मनीष ने बताया कि एक लाख का इनामी अपराधी सुशील कुमार राय को तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद के नेतृत्व में STF SOG-3, बेगूसराय पुलिस टीम एवं जिला आसूचना इकाई ने संयुक्त कार्रवाई में गजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके ऊपर हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट जैसे कई संगीन अपराध के पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस मुख्यालय के द्वारा इस पर एक लाख रुपए का इनाम भी रखा गया था। इसके बाद गठित टीम द्वारा उक्त कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी के लिए इसके छिपने के सभी संभावित जगहों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियो को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2 सितम्बर 2022 की रात बनहारा में सुबोध राय के घर पर सुशील कुमार राय एवं उसके भाई शिव लोचन राय उर्फ लुस्की ने जमकर तांडव मचाया था। जिसमें सुबोध राय के पुत्र अवनीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अवनीश को गोली मारने के दौरान भाई रजनीश जब बचाने दौड़ा तो उसे भी गोली मार दी गई थी। सुबोध राय के साथ मारपीट की गई थी। इस घटना के करीब एक साल बाद इन लोगों ने फिर बीते 20 अगस्त को सुबोध राय के घर पर गोलीबारी की। बढ़ते अपराध को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने एक लाख का इनाम घोषित किया था। उसके बाद एसटीएफ और जिला पुलिस लगातार पीछे पड़ी हुई थी।

### हथियार के साथ कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)**। वैशाली पुलिस ने गुप्त सूचना पर रूस्तमपुर थाना अन्तर्गत सरफाबाद से कुख्यात अपराधी सोहन गोप उर्फ सोहन राय को गिरफ्तार कर लिया। घर की तलाशी के दौरान हथियार और कारतूस के साथ 2 वॉकी-टॉकी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर उक्त स्थल की घेराबन्दी कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी सोहन गोप उर्फ सोहन राय घर पर हथियार रखे हुए है। पुलिस को देखकर रायफल लेकर भागने लगा था, जिसे पुलिस बल ने पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी रूस्तमपुर थाना क्षेत्र के सरफाबाद गांव निवासी स्व. चन्देश्वर राय के पुत्र है। सोहन गोप के पास से एक 315 बोर का लोडेड राइफल और एक मोबाइल भी बरामद हुआ। मिले रायफल को अनलोड करने पर 5 कारतूस बरामद हुए। बेडरूम की तलाशी लेने पर एक पीले रंग के बैग से 38 कारतूस बरामद हुए। 02 वॉकी-टॉकी, 02 फरसा और 01 तलवार भी बरामद हुआ। एसपी ने कहा कि उल्लेखनीय है कि सोहन गोप उर्फ सोहन राय वैशाली जिला का कुख्यात अपराधी रहा है। यह वर्ष 2002 से लगातार कई हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के जघन्य अपराधों में आरोपी रहा है।

### नर्सिंग हॉस्टल के कबाड़ में लगी आग, कई सामान जले

**पटना (नि.सं.)**। पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल नर्सिंग हॉस्टल कैंपस के बगल में बुधवार की सुबह कबाड़ में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही नर्सिंग हॉस्टल में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। अग्निदस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल नर्सिंग हॉस्टल के बगल में बड़े पैमाने पर कबाड़ का टाल लगा है। बुधवार की सुबह अचानक कबाड़ के टाल में तेजी से धुआं उठने लगा। इस घटना से नर्सिंग हॉस्टल के छात्राओं के बीच भगदड़ मच गई। छात्राओं ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी स्थानीय थाने को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पटना सिटी फायर स्टेशन से अग्नि दस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कबाड़ में रखे गए अस्पताल के कई समान जलकर नष्ट हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए स्थानीय थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में उन्हें कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आग लगने से नुकसान के आंकड़े के बारे में उन्होंने बताया कि जब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है, तब तक इसका अंदाज लगाना मुश्किल है।

### जमीन विवाद में गर्भवती पत्नी समेत पति की पिटाई

**सुपौल (नि.सं.)**। सुपौल नदी थाना इलाके के ललमनिया पंचायत में जमीन विवाद को लेकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। घटना वार्ड संख्या 5 के रसुआर गांव की है। जहां पर 3 बीघा जमीन को लेकर मारपीट हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि लड़ाई में लाठी-डंडा से बड़े भाई और गांव के लोगों ने छोटे भाई के साथ उसकी गर्भवती पत्नी की पिटाई कर दी। पिटाई में भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि गांव के ही अशोक मंडल, बद्री मंडल, गणेश कुमार सहित अन्य के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

---

मुंगेर एसपी और पीएम की सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

# 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंगेर में जनसभा को करेंगे संबोधित

- नगर निगम की ओर से लगभग 100 से अधिक मजदूर को लगाया गया साफ-सफाई में
- हेलीकॉप्टर लैंड कराने को लेकर हेलीपैड सहित कई स्थलों की बारीकी से की जा रही जांच
- मैदान के चारों ओर कर दी गई पुलिस जवानों की प्रति नियुक्ति



निज संवाददाता

**मुंगेर**। लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गठबंधन के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया जारी है। आगामी 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में प्रधानमंत्री एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगेंगे। वहीं, उनके आगमन से पूर्व साफियासराय स्थित हवाई अड्डा मैदान कार्यक्रम स्थल का मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद और प्रधानमंत्री की सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और हेलीकॉप्टर लैंड कराने को लेकर हेलीपैड सहित कई स्थलों की बारीकी से जांच की।

मौके पर नगर आयुक्त निखिल धनराज निपनिकर, सदर एसडीपीओ राजेश कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एएसपी शैलेंद्र सिंह, सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इधर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हवाई अड्डा मैदान पर नगर निगम की ओर से लगभग 100 से अधिक मजदूर को साफ सफाई में लगाया गया है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एजेंसी के द्वारा मैदान में किसी भी लोगों का अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने के लिए रोक लगा दी गई है। इसे लेकर हवाई अड्डा मैदान के मुख्य गेट पर पुलिस जवानों की प्रति नियुक्ति कर दी गई है। मैदान के अंदर कार्यक्रम स्थल के समय किसी भी तरह का फोटो वीडियो बनाने पर रोक लगा दी गई है।जबकि मैदान की सुरक्षा को लेकर एसपीजी सुरक्षा एजेंसी द्वारा स्वयं अपने से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मैदान के चारों ओर पुलिस जवानों की प्रति नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा एंबुलेंस अग्निशमन विभाग की वहां मेडिकल टीम की प्रतिनिधि अभी से ही कर दी गई है। जबकि मैदान में प्रधानमंत्री के सभा स्थल पर लोगों को बैठने के लिए आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है जबकि मैदान की साफ सफाई पिछले एक सप्ताह से की जा रही है।

## पूर्णिया में तेजस्वी के सामने पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में मंगलवार की रात पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को रोड शो के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कुछ लोग तेजस्वी के काफिले के आगे आ गए। हालांकि वे तेजस्वी की गाड़ी तक पहुंचते इससे पहले ही तेजस्वी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद दोनों आपस में भिड़ गए। इधर, रोड शो में तेजस्वी ने कहा कि हम लोग हर जगह से आश्वस्त है, कहीं कोई दिक्कत नहीं है। हार में वे लोग बौखाला चुके हैं, एक तरफा माहौल है। पूरा सीमांचल हम जीतने वाले हैं। राजद नेताओं ने कहा है कि तेजस्वी का रोड शो जैसे ही शहर में पहुंचा। कुछ लोग रोड शो में शामिल काफिले के आगे आ गए। पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। सीमांचल में बढ़ती लोकप्रियता से लोग डरे हुए हैं जिस वजह से इस तरह के हंगामा और विरोध के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पप्पू यादव के समर्थकों ने कहा कि पप्पू यादव ने काम किया और उस काम के कारण विपक्षी खेमे के लोग डरे सहमे हुए हैं। सस्ती लोकप्रियता के लिए दो चार अपने ही लोगों को खड़ा कर विरोध करवाने लगे हैं। ये किसी एक विपक्षी खेमे की बात नहीं। सभी पप्पू यादव के खिलाफ साजिश और उन्हें बदनाम करने में लगे हैं। जहां तक रही विरोध करने वाले लोगों की बात तो उन्होंने भी घटनाक्रम के समय का वीडियो देखा। विरोध किसने किया और ये कौन से लोग हैं उन्हें मालूम नहीं। आपको बता दें कि पूर्णिया में कई जनसभा के बाद तेजस्वी रात को रोड शो में निकले। इस दौरान उनके साथ वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी और राज्यसभा सांसद मनोज झा भी तेजस्वी के साथ दिखाई दिए। वे महागठबंधन प्रत्याशी बीमा भारती के लिए वोटिंग की अपील करते दिखे। सैकड़ों गाड़ियों के साथ तेजस्वी रोड शो के जरिए शहर का भ्रमण किया। तेजस्वी ने करीब 40 किलोमीटर लंबी रोड शो किया। रोड शो की शुरुआत पूर्णिया के जीरो माइल स्थित मेफेयर रिसॉर्ट से हुई।

## आग लगने से एक दर्जन परिवार के 40 घर जलकर राख, लाखों का नुकसान



निज संवाददाता

**सुपौल**। सुपौल के निर्मली प्रखंड में आग लगने से 40 घर जलकर राख हो गए। घटना मझारी पंचायत के सिसौनी नया टोला वार्ड नंबर 6 की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक परिवार का घर इसमें बरबाद हो गया। वहीं घटना में लाखों रुपए के नुकसान होने का अनुमान भी है। हालांकि करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल की टीम और लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ितों में बुचन मेहता, सुरेश महतो, हीरालाल महतो, संतोष साह, श्रवण महतो, सुभाष महतो, भागवत महतो, भरोसी महतो, छूतहरू महतो समेत एक दर्जन से अधिक परिवार के लोग शामिल है।

पीड़ितों ने बताया कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। वहीं निर्मली अंचलाधिकारी विजय प्रताप ने कहा कि पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव मदद की जाएगी।

## दो पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट, छह घायल



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के पटेल चौक स्थित मैरिज हॉल में कमरे की चाबी लेने के विवाद में लड़का और लड़की पक्ष के बीच मारपीट हो गई। इसमें लड़की के जीजा और भाइयों सहित 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद लड़की वाले लड़की को लेकर विवाह स्थल से अपने गांव लौट गए। इसके साथ ही बेटी की शादी करने से भी मना कर दिया। जबकि घटना में घायल सभी लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घायलों की पहचान छत्तीसगढ़ के कोरवा जिला निवासी रितेश चौरसिया, लड़की का भाई पप्पू कुमार, उत्तम कुमार, गौतम कुमार, फुफेरी भाभी पूनम देवी और बुआ लीलावती देवी के रूप में की गई है। हालांकि घटना में गंभीर रूप से घायल रितेश चौरसिया को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर पावापुरी रेफर कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि जिला के कसार थाना क्षेत्र के मणिपुर गांव निवासी प्रकाश चौरसिया की बेटी रुपा कुमारी की शादी अरियरी थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव निवासी जयराम चौरसिया के बेटे नीतीश कुमार के साथ होनी थी। शादी के लिए लड़की पक्ष के लोगों ने शहर के पटेल चौक स्थित एक मैरिज हॉल में 10 कमरे को बुक कराया था। जब दोनों पक्ष के लोग मैरिज हॉल पहुंचे तो लड़का पक्ष के लोग सभी 10 कमरों की चाबी मांगने लगे।

इस पर लड़की पक्ष के लोगों ने 5 कमरे की चाबी देने की बात कही। इस पर दोनों पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया। धीरे-धीरे मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गई। बाद में लड़की वालों ने शादी करने से ही इनकार कर दिया। इसके अलावा लड़की पक्ष के लोगों ने स्थानीय नगर थाना में मौखिक शिकायत की। इसको लेकर नगर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### दो भाइयों में मारपीट, सात घायल

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के सदर प्रखंड में बुधवार को बाथरुम निर्माण को लेकर 2 सहोदर भाइयों के बीच लड़ाई होने का मामला सामने आया है। घायलों के परिजनों ने बताया कि इसमें दोनों पक्ष के 7 लोग घायल हो गए है। फिलहाल सभी का इलाज सदर अस्पताल शेखपुरा में चल रहा है। घायलों की पहचान एक पक्ष से बच्ची देवी, साधु शरण यादव, रितेश कुमार और दूसरे पक्ष से रीता देवी, सुरेंद्र यादव, पूजा कुमारी, विक्की कुमार के रूप में की गई है। इसमें 3 लोगो को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर पावापुरी रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि साधुशरण यादव और सुरेंद्र यादव दोनों आपस में भाई है। दोनों भाई घर के जमीन पर बाथरुम का निर्माण करा रहे थे। इस दौरान भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई।

## मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर फायरिंग केस में और पांच लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई पुलिस ने बेतिया के मसही गांव से पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए इन सभी को मुंबई ले जाया गया है। मुंबई पुलिस सोमवार की रात ही मसही गांव पहुंची थी। बताया गया कि मेन शूटर विक्की गुप्ता के पिता साहेब साह को भी पुलिस मुंबई ले जाने वाली थी, लेकिन तबीयत अधिक खराब होने पर नरकटियागंज में छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस ने उनसे कड़ी पूछताछ की है। जानकारी के मुताबिक, 22 अप्रैल को पुलिस ने पांचों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। पुलिस तीसरी बार मुंबई से मसही गांव पहुंची थी। सभी



से पूछताछ करने के बाद मुंबई लेकर चली गई। गिरफ्तार युवकों में खलीफा उर्फ आशीष, अंकित चौहान, संजीत चौहान, सुनील कुमार और विकास शामिल हैं। हमलावर विक्की और सागर से इन सभी का करीबी रिश्ता है। बता दें कि इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक दो शूटर समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद पांच और युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बेतिया पुलिस कुछ भी बोलने से बच रही है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी. ने बताया कि मुंबई पुलिस 22 अप्रैल को बेतिया आई थी। मसही गांव में कुछ लोगों से पूछताछ की और नोटिस दिया था। 14 अप्रैल को मुंबई में सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने सुबह पांच बजे फायरिंग हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया था। दोनों बाइक पर सवार होकर आए थे और 4 राउंड फायर कर निकल गए थे। फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में ही थे। इसके बाद सोमवार की देर रात मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुजरात के भुज से दोनों को अरेस्ट किया। सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को इनके भुज के मंदिर में छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बताया था कि दोनों आरोपियों ने जिस पिस्टल से फायरिंग की थी, उसे सूरत की नदी में फेंक दिया था। एक CCTV फुटेज भी सामने आया, जिसमें दिख रहा है दोनों आरोपियों ने स्पोर्ट्स कैप पहन रखी है और कंधे पर बैग टांगा हुआ था। इस फुटेज में दोनों सलमान के घर की तरफ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपी लॉरेंस गैंग का हिस्सा हैं। सलमान खान को लॉरेंस-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, एक आरोपी फरार



निज संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर धरहरा थाना की पुलिस ने मंगलवार की देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दशरथपुर पेट्रोल पंप पुल के पास से एक बाइक पर दो युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ओड़ाबगीचा गांव निवासी गोरेलाल कुमार का बेटा ब्रजेश कुमार है और हेमजापुर थाना क्षेत्र के छर्रा पट्टी गांव निवासी सुबोध यादव का बेटा सुमन कुमार है। पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के दौरान जमालपुर से धरहरा की ओर एक बाइक पर दो युवक जा रहे थे। जब उनको रोककर गाड़ी के कागजात की मांग की गई तो दोनों इधर-उधर की बात करने लगे। पुलिस को जब शक हुआ तो सख्ती से पूछताछ किया गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर मनकोठिया गांव के योगेन्द्र कोडा के घर से एक और चोरी की बाइक को बरामद किया। वहीं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाइक चोरी मामले में मनकोटिया गांव निवासी योगेन्द्र कोडा का बेटा सनोज कुमार भी शामिल था।

## चुनाव के दिन सीमाएं होंगी सील, असामाजिक तत्वों के नेपाल में शरण लेने की संभावना

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। पश्चिम चंपारण जिले में लोक सभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हर स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के भी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। किसी भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन व्यापक स्तर पर तैयारी कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि पश्चिम चंपारण जिले की सीमा भौगोलिक रूप से नेपाल, उत्तरप्रदेश, गोपालगंज और पूर्वी चंपारण की सीमा से लगा है। ऐसे में चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों को चिह्नित करने की कार्रवाई के बीच असामाजिक तत्वों के नेपाल में भागकर शरण लेने की संभावना है। दूसरे जिले के भी असामाजिक तत्वों के इस जिले में आकर चुनाव को प्रभावित करने की संभावना है। ऐसे में संदिग्ध गतिविधियों वाले और जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आए वैसे लोगों को चिह्नित करने का काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा सीमावर्ती क्षेत्रों के जिलों के वरीय अधिकारियों से प्रथम चरण की बैठक का दौर समाप्त हो गया है। असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृति के लोगों की सूची का आदान-प्रदान किया जा चुका है। उनकी हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए अलग से पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए है। सीसीए की कार्रवाई की जा रही है। इसी में अब चुनाव के दिन जल से थल तक सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया जाएगा। पड़ोसी देश नेपाल, पड़ोसी राज्य यूपी से सटे सीमा पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सभी पड़ोसी जिले के डीएम और एसपी से भी बात कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने में मदद करने का अनुरोध किया गया है।

## गोपालगंज में लोगों ने चुनाव का किया बहिष्कार

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के सदर प्रखंड की मशान थाना पंचायत के ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इसे लेकर जगह-जगह पोस्टर लगाकर कर नेताओं के खिलाफ गुस्से का इजहार किया है। क्योंकि मशान थाना पंचायत के दर्जनों गांव के हजारों की आबादी का आवागमन एकमात्र सारण तटबंध से होता है, जो पिछले कई वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है, की ग्रामीण शासन प्रशासन से इसकी मरम्मती को लेकर ध्यान आकृष्ट नही कराया गया। बावजूद इस पर ध्यान नहीं गई। जिले में छठे चरण में 25 मई को मतदान होने वाले है। ऐसे में नेताओं द्वारा मतदाता से अपने पक्ष में मतदान कराने को लेकर कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहें है जबकि जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## मुजफ्फरपुर में 25 टीम में दंगल का आयोजन महिला पहलवानों ने भी दिखाया दमखम

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। श्री अर्जुन बाबू पशु मेला हाट बाजार में आयोजित प्रतियोगिता में महिला पहलवानों ने भी अपना दम दिखाया। हरियाणा से पहुंची महिला पहलवान अंशु तोमर विजेता बनीं। अंशु तोमर ने मीडिया से बात की और कहा- मुझे यहां आकर काफी अच्छा लगा। कई राज्यों से महिला पहलवान आई हैं। पर बिहार की लड़कियां इस क्षेत्र में पीछे हैं। महिला पहलवान अंशु तोमर ने कहा- बिहार में भी कुश्ती में महिलाओं को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपनी बेटियों को भी कुश्ती में आगे बढ़ाइए। कुश्ती नहीं तो किसी और गेम में ही सही। पर बेटियों को आगे बढ़ाइए। इधर कई घंटे तक चली इस कुश्ती प्रतियोगिता को



देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे और पहलवानों का हौसला अफजाई किया। 25 टीम में दंगल का आयोजन हुआ,इसमें पुरुष व महिला पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। कानपुर के ओमवीर ने नेपाल के अखिलेश यादव, मेरठ के राजा ने प्रयागराज के सतीश, दिल्ली की नेहा ने बनारस की रिया, हरियाणा की अंशु ने दिल्ली की प्रीति को पटखनी देकर मुकाबला जीता। मेला आयोजन समिति के भरत राय, सुभाष यादव ने पहलवानों को सम्मानित किया। मौके पर पूर्व प्रखंडप्रमुख सुभद्रा देवी, हंसलाल राय,सकलदीप ठाकुर, मिथलेश आदि थे।

# चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

## धरहरा थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान की करवाई

- जब उनको रोककर गाड़ी के कागजात की मांग की गई तो दोनों इधर-उधर की बात करने लगे।

निज संवाददाता



गिरफ्तार किये गए दोनो अपराधि

**मुंगेर।** मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर धरहरा थाना की पुलिस ने मंगलवार की देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दशरथपुर पेट्रोल पंप पुल के पास से एक बाइक पर दो युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ओड़ाबगीचा गांव निवासी गोरेलाल कुमार का बेटा ब्रजेश कुमार है और हेमजापुर थाना क्षेत्र के छर्रा पट्टी गांव निवासी सुबोध यादव का बेटा सुमन कुमार है। पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के दौरान जमालपुर से धरहरा की ओर एक बाइक पर दो युवक जा रहे थे। जब उनको रोककर गाड़ी के कागजात की मांग की गई तो दोनों इधर-उधर की बात करने लगे। पुलिस को जब शक हुआ तो सख्ती से पूछताछ किया गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर मनकोठिया गांव के योगेन्द्र कोडा के घर से एक और चोरी की बाइक को बरामद किया। वहीं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाइक चोरी मामले में मनकोटिया गांव निवासी योगेन्द्र कोडा का बेटा सनोज कुमार भी शामिल था। हालांकि छापेमारी के दौरान वह फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है, जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

## रोड रोलर से दबने से महिला की मौत

निजसंवाददाता

**पूर्णिया।** बाइक पर सवार एक ही परिवार के 5 लोग दर्दनाक हादसे के शिकार हो गए। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। युवक बाइक पर अपनी पत्नी, साली और दो बच्चों को लेकर मां काली के मंदिर जा रहा था। सड़क पर रखे मक्के के कारण बाइक का पहिया फिसला और महिला सामने से आ रहे रोड रोलर के नीचे चली गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति, दो बच्चे और साली बुरी तरह घायल हो गए। घटना के फौरन बाद स्थानीय मौके पर जुटे। इसके बाद घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए आनन-फानन में सभी को बनमनखी अनुमंडल अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना बनमनखी थाना क्षेत्र के धरहरा के पास की है। मृतका की पहचान सहरसा जिला के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर वार्ड नंबर 1 निवासी जयकिशोर कुमार यादव की पत्नी जुली देवी (22) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि जयकिशोर कुमार यादव अपनी पत्नी जुली देवी, दो बच्चे और साली को लेकर सहरसा से पूर्णिया के सरसी स्थित कुसहा काली मंदिर में पूजा करने निकला था। इसी बीच बनमनखी थाना क्षेत्र के धरहरा के पास सड़क पर किसी ने मक्का सूखने के लिए रखा था। बाइक के सामने से रोड रोलर आ रहा था। इसी दौरान मक्के के दाने पर चढ़ते ही बाइक का पहिया फिसल गया और जुली देवी सामने से आ रहे रोलर के पहिए के नीचे आ गई।

# मतदान के लिए लोगों को कराया गया संकल्पित

निज संवाददाता



**भागलपुर।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए बुधवार को कॉलेजों द्वारा गोद लिये गये गांव में एनएसएस के बैनर तले मतदाता जागरुकता महाअभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को मतदान करने के लिए संकल्पित भी कराया गया। विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ राहुल कुमार ने कहा कि उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी व विवि के रजिस्ट्रार को एक लाख संकल्प पत्र प्रेषित किया था। इसमें एनएसएस के लगभग 21 इकाइयों को 65000 संकल्प पत्र कार्यालय से निर्गत किये गये। मुख्यालय व बाहर के कॉलेजों में संकल्प पत्र का वितरण किया गया। मारवाड़ी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय कुमार व बासुकी कुमार ने बताया कि कॉलेज से लेकर साहेबगंज दलित टोला और इंदिरा कॉलोनी तक मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष, रितेश, अक्षय, हरिओम, विवेक, निक्की, दुर्गेश, शिवसागर, मयंक, यश, ज्योति, शीतल, दिव्यशा, दीपशिखा, रंजना, नेहा, सेजल आदि ने अहम भूमिका निभायी। महादेव सिंह कॉलेज में भी निर्वाचक साक्षरता क्लब का गठन किया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर अभियान चलाया गया। गोद लिए गांव में मतदाता संकल्प-पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय, डॉ आनंद कुमार मिश्र, डॉ. विभु कुमार राय, डॉ सीपी आजाद, प्रो. मनोज कुमार, डॉ वंशीधर मिश्र मौजूद थे। बीएन कॉलेज में भी एनएसएस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर तान्या, निधि, गुलजार, रोशन आदि मौजूद थे।

# शराब के साथ एक धंधेबाज को कया गया गिरफ्तार

- ब्लू ब्रांड की 375 एमएल की 2 बोतल तथा ऑफिसर चॉइस ब्रांड की 180 एमएल का 5 पैकेट विदेशी शराब बरामद किया गया।

निजसंवाददाता

**मुंगेर।** हवेली खड़गपुर थानाक्षेत्र के वनवर्षा गांव में खड़गपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक घर से विदेशी शराब की 2 बोतल सहित 5 पैकेट शराब बरामद किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस ने वनवर्षा गांव निवासी अलका देवी के घर छापेमारी की तो घर के रसोई में चावल के ड्रम में छीपाकर कर रखा गया 1.650 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसमें इंपीरियल ब्लू ब्रांड की 375 एमएल की 2 बोतल तथा ऑफिसर चॉइस ब्रांड की 180 एमएल का 5 पैकेट विदेशी शराब बरामद किया गया। पुलिस के आने की भनक मिलते ही शराब का धंधेबाज भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस बल ने सूरज साह को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। वही महिला धंधेबाज अलका देवी गुपचुप तरीके से मौके से भाग निकली।

## हाइवा ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में मारी टक्कर

**बरियारपुर (नि.सं.)।** घोरघट से बरियारपुर की ओर से आ रही हाइवा ने रघुनाथपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक पर मकई लोड कर रहे तीन मजदूरों क्रमशः रुदल मंडल, राकेश मंडल एवं अशोक मंडल गंभीर रूप से जख्मी हो गये। तीनो मजदूर बंगाली टोला गांव का रहने वाला हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब चार बजे रघुनाथपुर गांव के समीप सड़क किनारे एक ट्रक पर मजदूर मकई लोड कर रहे थे।

## शॉट सर्किट से लगी आग में 15 बीघा में लगी गेहूं की फसल खाक

**मुंगेर।** प्रखंड के बनहरा गांव के वार्ड संख्या दो अन्तर्गत बहियार में बिजली के शॉर्ट सर्किट से करीब 15 बीघा में लगी गेहूं के फसल में आग लग गई। जिससे करीब एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को तेज पछुआ हवा चल रही थी, तभी बहियार में लगे ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलकर गेहूं के फसल पर गिरी और देखते ही देखते आग का रूप ले लिया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना अग्निशमन विभाग हवेली खड़गपुर को दी गई।

# रोड शो के दौरान पप्पू यादव ने तेजस्वी के चुनाव वाले तंज पर किया पलटवार

निज संवाददाता

**पूर्णिया।** रोड शो के दौरान पप्पू यादव ने तेजस्वी के चुनाव वाले तंज पर पलटवार किया है। तेजस्वी पर हमला बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि ईश्वर, अल्लाह, नानक, बुद्ध, इशू का आशीर्वाद जिसके साथ है उसका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। तेजस्वी को खुद ये देखना चाहिए कि वे लोग खुद कितनी बार चुनाव जीते हैं। वे दोनों बहनों के साथ हैं। लालू जी की सेहत अच्छी बनी रहे। तेजस्वी परिपक्व हों। किसी की मां बहन को गाली मत दें और सभी का सम्मान करते रहें। पूर्णिया में पप्पू यादव आज विशाल रोड शो कर रहे हैं। पप्पू यादव का ये रोड शो पूर्णिया के झील टोला ग्राउंड से शुरू हुआ। जो शहर के कई प्रमुख मार्गों से होते हुए आवासीय कार्यालय अर्जुन भवन आकार संपन्न होगी। वे रोड शो के जरिए 5 किलोमीटर लंबी पदयात्रा करेंगे। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री, बामसेफ समेत एक दर्जन से अधिक संगठनों के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के चर्चित चेहरे साथ हैं। रोड शो में पप्पू यादव के हजारों समर्थक उनके साथ रहे। रोड शो के जरिए वे खुद के लिए वोटिंग की अपील कर रहे हैं। जगह-जगह पप्पू यादव के समर्थक फूलों के साथ पप्पू यादव का स्वागत करते दिखाई दिए। वहीं, पप्पू यादव की सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की मांग की गई है। पप्पू यादव का ये रोड शो झील टोला से निकलकर जनता चौक, कोर्ट स्टेशन, शीतला मंदिर, मधुबनी चौक, सिपाही टोला, सदर थाना, पूर्णिया जंक्शन, खुशकीबाग, फातिमा हॉस्पिटल, रामबाग, मैक्स हॉस्पिटल डॉनर चौक, भूतनाथ मंदिर, पंचमुखी मंदिर, गिरजा चौक, अर्जुन भवन तक जाएगी।

# स्कूल आकर कुर्सी पर बैठते ही टीचर की हुई मौत

निज संवाददाता



**बांका।** बांका के बाराहाट में नवसृजित प्राथमिक मध्य विद्यालय बढ़ौना के सहायक शिक्षक सिलधर यादव की स्कूल में कार्य के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि हृदय गति से रुकने से मौत हुई है। शिक्षक साइकिल से स्कूल पहुंचे और कुछ देर बाद कुर्सी पर बैठकर आराम करने की कोशिश की तभी अचानक सांस तेज चलने लगी। स्कूल के बच्चों ने उनको पानी दी। पानी पीने के कुछ देर बाद शिक्षक का शरीर पूरा शांत हो गया। विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों द्वारा उठाने की कोशिश की गई लेकिन नहीं उठे। सूचना के बाद मौके पर परिजन पहुंचे। परिजन ने जब जांच किया तो उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद मौके पर ही कोहराम मच गया। परिजन द्वारा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि इतनी कड़ी धूप रहने के बावजूद स्कूल में छुट्टी नहीं दी गई, जिसके कारण मौत हो गई। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। शिक्षक के बेटे दिलीप यादव ने बताया कि मेरे पिता को कोई बीमारी भी नहीं थी। घर से सुबह विद्यालय गए थे जहां अचानक उनकी मौत हो गई। चुनाव में उनकी ड्यूटी लगी थी जिसके कारण मेडिकल जांच रिपोर्ट में कोई बीमारी भी नहीं बताई थी। हम लोगों को पता नहीं चल पा रहा कि कैसे मौत हो गई। साथ ही कहा कि हो सकता है भीषण गर्मी के चपेट में आने से मौत हुई हो। प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध पंडित ने बताया कि विद्यालय में मौजूद बच्चों ने उन्हें पानी भी दिया था। जिसके बावजूद कुछ देर के बाद शरीर पूरा शांत हो गया। काफी प्रयास के बावजूद वह नहीं उठे। मृत शिक्षक के परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। परिजन के द्वारा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी कड़ी धूप रहने के बावजूद भी विद्यालय में छुट्टी नहीं दी गई।

## शौच के लिए घर से निकली थी नाबालिग, मनचलों ने किया अपहरण

**धोरैया (बांका) (नि.सं.)।** बांका के धौरैया प्रखंड क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए घर से निकली नाबालिग का अपहरण शादी की नीयत से कर लिया गया है। इस बाबत युवती के पिता ने थाना में आवेदन देकर चलना गांव निवासी त्रिदेव पासवान, दिलीप पासवान, श्रीदेव पासवान को आरोपित बनाया है। युवती के पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री घर से शौच जाने के लिए निकली हुई थी, जिसका अपहरण कर लिया गया। खोजबीन शुरू किया तो पता चला कि उसे त्रिदेव पासवान ने लेकर फरार हो गया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। सुइया थाना क्षेत्र के कटोरिया-सुइया मुख्य मार्ग पर अरबखा धर्मशाला के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार वृद्ध जख्मी हो गया।

# एक मई को एक साथ 9 जोड़े लेंगे सात फेरे

निज संवाददाता



**बांका।** रजौन प्रखंड में एक मई को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें 9 जोड़े एक साथ सात फेरे लेंगे। इस सामूहिक विवाह में हर एक चीज उपलब्ध होगी। बैंड बाजे से लेकर खाने-पीने और बारातियों के लिए हर एक चीज उपलब्ध होगी। शादी के मंडप के पास कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसकी तैयारी जोर-जोर से शुरू हो गई है। उक्त शादी के लिए मंगलवार को सामानों की खरीदारी की गई। मंगलवार की संध्या रजौन और पुनसिया के मार्केट में सामूहिक विवाह को लेकर खरीदारी की गई और वर-वधु मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई गणमान्य मुख्य अतिथि शामिल होंगे। रजौन प्रखंड अंतर्गत सोहानी गांव में एक मई को कन्हैया मंडली व हरित रजौन के संयुक्त नेतृत्व में सामूहिक शुभ विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में 9 जोड़े का सामूहिक विवाह कराया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। जिसको लेकर मंगलवार को सभी वर एवं वधू पक्ष के लोगों का एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस शादी की तैयारी को लेकर मंगलवार को वर एवं वधू पक्ष को साथ लेकर उनकी पसंद का जूता- चप्पल, शेरवानी -लहंगा चुनरी सेट, जेवर, श्रृंगार सेट, ट्रंक, बाल्टी सेट, पलंग की खरीदारी पुनसिया बाजार व रजौन बाजार की विभिन्न दुकानों में की गई। सामूहिक शुभ विवाह कमेटी के अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि इस वर्ष 9 लड़के वह लड़कियों की शादी का कार्यक्रम होना है। मौके पर कन्हैया लाल सिंह, सुमित कुमार, सत्यम कुमार, सचिव गुड्डू कुमार, डॉक्टर रवि रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग:लाखों का सामान खाक, दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

निज संवाददाता



**भागलपुर।** के पुलिस जिला नवगछिया के थाना क्षेत्र के बाजार में मोहन पोद्दार की बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की लेकिन आग की लपटें काफी तेज हो गई थी।आग नीचे से ऊपर मंजिल पर चली गई। स्थानीय लोग व फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तब फायर ब्रिगेड की तीसरी गाड़ी मौके पर पहुंची करीब एक घंटे तक कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया।

**शॉर्ट सर्किट से लोग हैं परेशान**

दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ उससे महज पांच मीटर की दूरी पर बिजली का ट्रांसफार्मर है ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने के कारण यहां पर आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहता है। सूचना पर नवगछिया थाने की पुलिस भी पहुंची। इस हादसे में लाखों रुपए के समान जलकर राख हुआ है।

## झाझा से लापता नाबालिग पटना से की गई बरामद

**जमुई (नि.सं.)।** झाझा थाना क्षेत्र से लापता नाबालिक को पुलिस ने पटना महावीर मंदिर के पास से बरामद कर लिया। जिसे मेडिकल जांच के लिए मंगलवार की दोपहर सदर अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि झाझा थाना क्षेत्र के तूरी टोला निवासी श्याम तूरी की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को उसकी सौतेली मां ने डांट- फटकार किया था। जिससे नाराज नाबालिग घर से निकल गई और ट्रेन के जरिए पटना पहुंच गई। जिसे लेकर नाबालिग के परिजनों ने झाझा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया।

# बांका ने लखीसराय को 19 रनों से हराया, नवनीत बने मैन ऑफ द मैच

निज संवाददाता



**बांका।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) द्वारा बेगूसराय के बरौनी फर्टिलाइजर टाउनशिप मैदान में आयोजित किए जा रहे बीसीए अंतर जिला हेमन ट्राफी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रुप-जी का मुकाबला बांका और लखीसराय के बीच खेला गया। जिसमें बांका ने लखीसराय को 19 रनों से पराजित कर दिया। बांका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 50 ओवर के मैच में 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 192 रन बनाए। बांका की ओर से बल्लेबाजी करते हुए हिमांशु सिंह ने 40 रन की पारी खेली। वहीं, आलेख राज ने 38 रन और साहिल चौधरी ने नाबाद 32 रन बनाए। लखीसराय की ओर से गेंदबाजी करते हुए धीरज ने 4 विकेट, अभिषेक कुमार ने 3 विकेट और प्रणय प्रसाद ने 2 विकेट प्राप्त किए। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए लखीसराय की टीम निर्धारित 50 ओवर के मैच में 44.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 173 रन ही बना सकी। लखीसराय की ओर से रवि सिंह ने 62 रन और रंजन मांझी ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। बांका टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवनीत ने 3 विकेट और पुनीत यादव ने 2 विकेट प्राप्त किए। इसके बाद बांका को 19 रनों से विजेता घोषित किया गया। बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए बांका टीम के नवनीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नवनीत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आयोजन समिति के संयोजक निराला कुमार और निर्णायक ने प्रदान किया। मैच के अंपायर के रूप में सन्नी कुमार और रवि कुमार और स्कोरर के रूप में विश्वजीत और राम थे। इस अवसर पर बेगूसराय टीम के मैनेजर प्रतिक भानु, निराला कुमार और शोभित पासवान सहित कई अन्य उपस्थित थे। आयोजन समिति के संयोजक निराला कुमार ने बताया कि बुधवार का मैच बांका और बेगूसराय के बीच खेला जाएगा।

# 40 के पार पहुंचा पारा, प्राकृतिक फ्रिज की बढ़ी मांग

निज संवाददाता



**मुंगेर।** प्रचंड गर्मी में कुंभकारों द्वारा तैयार कई किस्म के घड़े बाजार में बेचे जा रहे हैं। मांग के बढ़ने के साथ-साथ इनकी कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य के लिए घड़ा का पानी बेहतर है। शहर के शीतला मंदिर के समीप, पूरबसराय और कौड़ा मैदान आदि स्थानों पर मिट्टी का घड़ा बिक रहा है। चिकित्सक के अनुसार मिट्टी के घड़े का पानी फ्रिज और वाटर कूलर मशीन से ज्यादा बेहतर है। बाजार में एक घड़े की कीमत 80 से 150 रुपये है। सुराही का भी काफी चलन है। नल लगे मटके व सुराही लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही आम आदमी को गर्मी से निजात पाने के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता महसूस होने लगी है। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाए मटके के पानी से गला तर करना ज्यादा पसंद करते हैं और मिट्टी के घड़े का सोंधापन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। दुकानदार मो. इकराम ने बताया गंगा की मिट्टी से बने घड़े और सुराही का पानी काफी ठंडा होता है। इस बार मटकों और सुराही की कीमत 80 रुपये से डेढ़ सौ रुपये तक है।

**गिर रहा जलस्तर, बढ़ेगी परेशानी**

तापमान बढ़ते ही जिले में भू-गर्भीय जलस्तर तेजी से नीचे गिरने लगा है। इसके कारण लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। यह समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर रही है। लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने लगे हैं। एक-एक कर चापानल, कुंआ, तालाब आदि भी सूखने लगे हैं। बावजूद इसके इस समस्या के समाधान की दिशा में अबतक ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह समस्या ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सता रही है। वैसे तो मार्च से ही जलस्तर में गिरावट आना शुरू हो गया, पर अप्रैल माह के मध्य आते-आते यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। ऐसे में जब गर्मी में पानी की आवश्यकता अधिक होगी तो इसका और अधिक दोहन होगा। ऐसे में भू-गर्भीय जलस्तर और नीचे गिरता चला जाएगा।

**लू से बचने के लिए गमछा का सहारा**

दोपहर में चलने वाली लू से बचने के लिए लोग तरह-तरह की तरकीब अपना रहे हैं। इस क्रम में जहां लोग धूप व लू से बचने के लिए अपने चेहरे को गमछे से ढ़क रहे हैं तो कुछ लोग छाता लेकर बाजार आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोग गर्मी से बचने के लिए आम के शरबत, गन्ने का जूस तथा सत्तु आदि का सेवन कर रहे हैं।

**जरूरी हो तभी घर से निकलें बाहर**

सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि बहुत जरूरी हो तभी लोग घर से बाहर निकलें। बढ़ती गर्मी में कुछ लोग अधिक मात्रा में ठंडा पानी पी लेते हैं, यह सेहत के लिए ठीक नहीं है। ठंडा पानी पीकर धूप में जाने से जुखाम व बुखार हो सकता है। इसलिए ज्यादा ठंडे पानी से परहेज ही करें। घर से बाहर जाते समय छाता का प्रयोग करें। सदर अस्पताल में 10 बेड का स्पेशल हीट वेव वार्ड बनाया गया है। स्थिति गंभीर होने पर फौरन सदर अस्पताल पहुंचे।

**पानी और जूस का सेवन करें**

गीतार्जुन हेल्थ केयर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत ने कहा कि तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के अधिक होने पर हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है। डॉ. अभिजीत के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए कई बार लोग पपीता, तरबूज आदि खाते हैं। यदि फल पहले से कटे हुए हों तो इसे खाने से लाभ कम हानी अधिक पहुंचने की संभावना होती है। डॉ. अभिजीत ने सलाह दी कि हीट स्ट्रोक से बचने के लिए अधिक मात्रा में पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। धूप से बच्चों को बचाएं। बिना वजह के घर से बाहर नहीं निकलने दें। तेज धूप में बाहर नहीं निकलें।

## नप के वार्डो में फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

**जमुई (नि.सं.)।** इन दिनों एक तरफ जहां तेज धूप और गर्मी से आमजन बेहाल हैं तो वहीं दूसरी ओर वहीं मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान हैं। लेकिन मच्छरों से होने वाली रोगों से निपटने के लिए नगर प्रशासन उदासीन है। नगर परिषद की ओर से वार्डो में फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। जिससे शहर में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि सुबह से रात तक मच्छरों का आतंक जारी रहता है। हालांकि नगर प्रशासन द्वारा शहर कुछ चुनिंदा जगहों पर फॉगिंग कराई जा रही है। जिससे नगर प्रशासन के विरुद्ध नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है। नगर वासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से नगर क्षेत्र के अधिकतर वार्डों में फॉगिंग नहीं कराई जा रही। जिसके कारण लोग मच्छरों के आतंक से परेशान हैं। ऐसे में मच्छरों की बढ़ती संख्या से लोगों को कई प्रकार की बीमारी फैलने का खतरा सता रहा है। नगर परिषद क्षेत्र के महिसौड़ी, हरनाहा, आजाद नगर, भछियार, नीमारंग समेत अन्य वार्डों के लोगों ने बताया कि इन वार्डो में मच्छरों के आतंक से बचाव को लेकर कई बार नगर प्रशासन से फॉगिंग कराने की मांग की गई है। इसके बावजूद भी नगर प्रशासन उदासीन रवैया अपनाए हुए है।

# पेश करते ही कोर्ट ने भेजा जेल, जालसाज महिला 13 साल बाद चढ़ी पुलिस के हत्थे

- कोर्ट ने महिला के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया और पुलिस को आरोपी महिला पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदेह कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया।

निज संवाददाता



**भागलपुर।** पुलिस ने 13 साल पुराने जालसाजी के मामले में एक महिला को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। उसे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवम कुमार की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी महिला की जमानत को रद्द कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामला जोगसर थानाक्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है। जब क्षेत्र के ही उमाशंकर साहू से आरोपी महिला किरण जायसवाल (शिक्षिका) द्वारा 55 हजार रुपए की ठगी कर ली गई थी। बदले में स-समय रुपए की वापसी के लिए वादी को निर्धारित अवधि का एक चेक भी दे दी थी। समय बीतता गया लेकिन रुपए की वापसी नहीं हुई। अंत में थक हार कर वादी को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा और उक्त महिला के खिलाफ लिखित कंप्लेन 2244/11 दर्ज कराना पड़ा। कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया और आरोपी महिला की उपस्थिति के लिए कई दफा सम्मन भेजा। लेकिन महिला ने कोर्ट को भी झांसा दिया और स्थायी डेरा बदल-बदल कर बीते 13 साल तक पुलिस को चकमा देती रही। अंततः कोर्ट ने महिला के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया और पुलिस को आरोपी महिला पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदेह कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया। जोगसर थाना पुलिस को उक्त महिला के स्थायी पता की गुप्त सूचना मिली और पुलिस ने इशाकचक थानाक्षेत्र के भीखनपुर स्थित त्रिमूर्ति के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक महिला शिक्षिका है और जिले के अलावा भी अन्य जिले के दर्जनों लोगों से शादी के लिए अच्छे वर, नौकरी व अन्य कारण बताकर ठगी कर चुकी है। जिसे आज गुप्त सूचना पर पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। जहां कोर्ट ने बिना एक पल गवाए मामले की गम्भीरता को देखा और आरोपी महिला को बिना राहत दिए जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### धातकीडीह ब्लड बैंक के पास लघुशंका करते वक्त पेड़ गिरने से युवक की मौत

**जमशेदपुर , एजेंसी।** बिष्टुपुर के धातकीडीह ब्लड बैंक के पास लघुशंका कर रहे युवक शेख सफीउल्ला (30) पर पेड़ गिरने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात साढ़े दस बजे की है। शेख सफीउल्ला मूलरूप से पुरुलिया के शंकरपाड़ा छोटो मस्जिद के पास का रहने वाला था। यहां भालूबासा भोला बेकरी नूरजहां अपार्टमेंट में किराए पर रहता था। बिष्टुपुर थाने में मृतक के पिता शेख गरीबुल्ला के बयान पर अस्वभाविक मौत का मामला दर्ज कराया गया है। पिता ने बताया कि वह पिछले सात साल से शहर में रहकर सोनारी गोल्ड बेकरी में काम कर रहा था। सोमवार की रात वह काम खत्म होने के बाद बाइक से घर लौटते वक्त धातकीडीह ब्लड बैंक के पास लघुशंका करने के लिए रुका। इसी दौरान पेड उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। उसके इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया कि वह पिछले सात साल से शहर में रहकर सोनारी गोल्ड बेकरी में काम कर रहा था। सोमवार की रात वह काम खत्म होने के बाद बाइक से घर लौटते वक्त धातकीडीह ब्लड बैंक के पास लघुशंका करने के लिए रुका। इसी दौरान पेड उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। उसके इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हजारीबाग के अरण्य बिहार होटल में लगी आग, फायर कंट्रोल की नहीं थी सुविधा, पूरा होटल जल कर हुआ राख

**हजारीबाग , एजेंसी।** हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के होटल अरण्य बिहार में आज सुबह आग लग गई। यह होटल मैरेज हॉल भी है। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। होटल के मैनेजर रिंकू कुमार ने बताया कि सुबह आठ बजे के करीब होटल में आग लगने की जानकारी मिली ।उन्होंने बताया कि इसके बाद घटनास्थल पर पहुंच कर दमकल विभाग को जानकारी दी गई। जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचती तक तक आग विकराल रूप ले चुका था। इसके बाद दमकल की दो गाड़ियों ने लगभग तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक होटल में प्लाइवुड की मदद से डेकोरेशन और फॉल्स सीलिंग का काम किया गया था। इस वजह से आग तेजी फैली। आगजनी में फॉल्स सीलिंग और डेकोरेशन का काम पूरी तरह से जल गया। इस वजह से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ भी जुट गई। बताया यह जाता है कि यह शादी घर हर दिन बुक रहता था। हालांकि आज की बुकिंग नहीं थी वरना किसी भी बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था ।जानकारी के मुताबिक होटल में किसी तरह की फायर कंट्रोल की सुविधा नहीं थी। यही वजह है कि आगजनी की घटना को टाला नहीं जा सका। होटल संचालक ने बताया कि शादियों के इस सीजन में कई बुकिंग थी, जिसे अब कैंसल करना पड़ेगा।

### चुनाव आयोग करें भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो मामले जांच, सरयू राय ने भाजपा पर बोला हमला

**धनबाद, एजेंसी।** भाजपा ने 2014 में कहा था कि बाघमारा को ढुल्लू के आतंक से मुक्त कर देंगे। लेकिन आज इस आतंक करने वाले को धनबाद लोकसभा का भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। जिस पर 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। यह बातें जमशेदपुर के विधायक व भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संस्थापक सरयू राय ने धनबाद में सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा। उन्होंने कहा कि 22 ऐसे मामले का धारा हैं, जिसका ट्रायल अगर तुरंत शुरू हो जाए तो 5 से 10 साल तक की सजा हो सकती है। बीसीसीएल के एरिया 1 से लेकर पांच एरिया तक ढुल्लू महतो की रंगदारी चलती है। यह पुलिस के रिकॉर्ड में भी है। बाघमारा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में महतो ने जबरदस्ती जमीन कब्जा करके रखा है। वहां के लोग आतंक के साए में जी रहे हैं। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टीम उन पीड़ितों से मिलेगी और चुनाव आयोग के पास रिपोर्ट भेजेगी। भारतीय जनता पार्टी ने 400 पर का नारा दिया है। और इन क्रिमिनलों के जरिए अगर 400 का आंकड़ा पार करना चाहती है। यह काफी दुर्भाग्य की बात है ।धनबाद से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद से चुनाव लड़ेगी, लेकिन प्रत्याशी कौन होगा यह पांच सदस्य टीम तय करेगी। यही 5 सदस्य टीम बाघमारा के दौरे पर जा रही है। वहां से लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### चार दिव्यांगों ने सामान्य छात्रों को भी छोड़ा पीछे, 76 प्रतिशत के साथ सुबोध टॉपर

**धनबाद, एजेंसी।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमटाल बलियापुर के सुबोध कुमार 76 प्रतिशत अंकों के साथ सफल रहे हैं। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोलाकुसमा के दीपक कुमार दास को कुल 318 अंक मिले हैं। इस तरह वे 63.60 प्रतिशत अंकों के साथ सफल हुए हैं। इसी स्कूल के अंकित चौहान 60.40 प्रतिशत यानि 302 अंकों के साथ और विष्णु टुडू 300 अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं ।ये सभी ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी हैं, जो देख नहीं सकते। इन्होंने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि इन विशेष विद्यार्थियों ने केवल अपनी कैटेगरी में ही नहीं, बल्कि अपने स्कूल के कई सामान्य छात्र-छात्राओं को भी पीछे छोड़ दिया है।

# हवाईअड्डे की योजना बनी, सर्वे हुआ, जमीन भी चिह्नित, पर सब सिर्फ कागजों में ही



**धनबाद, एजेंसी।** देश के प्रतिष्ठित माइनिंग संस्थान सिंफर, आईआईटी आईएसएम, खान सुरक्षा महानिदेशालय, बीसीसीएल तथा रेलवे का व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद एयरपोर्ट से धनबाद वंचित है। यहां एयरपोर्ट की मांग कई वर्षों से उठ रही है। इसके नाम पर कई अभियान चले, राजनीति भी खूब हुई। राज्य सरकार के अनुरोध पर 2017 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सर्वे किया, फिर 2017 से 2021 तक जमीन चिह्नित करने की कवायद शुरू हुई।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की देशभर में नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाने की योजना भी थी, पर जमीन चयन के साथ ही सरकार का प्रस्ताव जरूरी था। 2021 में जमीन चिह्नित भी हुई, पर फिर न कुछ किया गया और न ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय के पास एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव ही भेजा गया। जिस वजह से धनबाद आज तक एयरपोर्ट निर्माण का रास्ता ही नहीं नकाला गया। जानकार कहते हैं कि धनबाद में एयरपोर्ट या तो राज्य सरकार या फिर केंद्र सरकार की पहल पर ही बन सकता है। दोनों सरकारें अगर चाह लें तो एयरपोर्ट आसानी से हासिल हो सकता है। अब चुनावी बेला है। ऐसे में जनता इस बार भी फिर नेताओं से सवाल करेगी।

स्थानीय प्रशासन ने हवाई अड्डे के लिए अधिगृहीत की जाने वाली जमीन चिह्नित करने व अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करनी थी। बलियापुर में जमीन चिह्नित की गई, पर इसके आगे की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। जमीन चिह्नित होने के बाद आगे क्या करना है, उसकी सही जानकारी और दिशा-निर्देश जिले के अधिकारियों के पास नहीं है।राज्य नागर विमानन निदेशक ने डीसी से बलियापुर में एयरपोर्ट निर्माण को जमीन की उपलब्धता की रिपोर्ट मांगी थी। डीसी के निर्देश पर नवंबर 2021 में बलियापुर सीओ ने प्रस्तावित स्थल पर 642 एकड़ जमीन चिह्नित कर डीसी को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद राज्य सरकार से कोई निर्देश नहीं मिला।

धनबाद के लोगों को फ्लाइट पकड़ने के लिए दुर्गापुर या रांची जाना पड़ता है। दोनों की धनबाद से दूरी 100 किमी से अधिक है। यह दूरी तय करने और खास कर रांची जाने में तीन घंटे से अधिक समय लगता है। वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल ने धनबाद में अपना एक्सटेंशन शुरू करने की वैचारिक सहमति दी थी, पर उसकी पहली शर्त यह थी कि पास में एयरपोर्ट होना चाहिए। देश के बड़े डॉक्टर भी फ्लाइट के बाद लंबी सड़क यात्रा से बचाना चाहते हैं। देश के बड़े उद्योगपति तथा व्यवसायी अगर काम के सिलसिले में धनबाद आना-जाना चाहें तो उन्हें हवाई सेवा नहीं मिल पाती है।

आईआईटी, सिंफर, बीसीसीएल, डीजीएमएस, सीएमपीएफ और रेलवे से बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मी दिल्ली, कोलकाता सहित अन्य शहरों के लिए हवाईयात्रा करते हैं।

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत बोकारो एयरपोर्ट विकसित हुआ है, जहां से पहले चरण में कोलकाता और पटना की फ्लाइट की मंजूरी थी। जमशेदपुर, दुमका व आसपास के शहरों को बोकारो से एयर कनेक्टिविटी मिल सकती है। ऐसे में बोकारो एयरपोर्ट से धनबाद के लोगों को खास लाभ नहीं मिलेगा।

देश की कोयला राजधानी में आईआईटी,ि संफर, डीजीएमएस, बीसीसीएल जैसे संस्थान, हर माह मिल सकते हैं 10000 हवाई यात्री, पर कभी एयरपोर्ट की गंभीर पहल हुई ही नही।

# हाई कोर्ट की शिकायत लेकर सबसे बड़ी अदालत पहुंचे हेमंत सोरेन





**रांची, एजेंसी।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बुधवार को उन्होंने अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है, जिसमें पूर्व सीएम ने झारखंड हाई कोर्ट पर आरोप लगाया है कि उनकी याचिका पर फैसला सुनाने में देरी की जा रही है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए चल रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सोरेन के केस की तुरंत सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

हाई कोर्ट पर क्या आरोप

पूर्व सीएम के वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि हमने अनुच्छेद 32 के तहत इस अदालत का रुख किया था, लेकिन हमें पहले हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा गया था। हम वहां गए। मामले की सुनवाई 27 और 28 फरवरी को हुई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया। लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया गया है। हम जज के पास वापस गए, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा।

### बहू ने सास को पीटकर 30 लाख के गहने छीने, परेशान होकर पति रहता है घर से दूर

**रांची, एजेंसी।** रांची के हरिहर सिंह रोड में गणेश अपार्टमेंट में रहने वाली बुजुर्ग महिला शकुंतला कुमारी के साथ सोमवार को बहू संजना वर्मा, उसकी मां, मौसा सुनील वर्मा और मौसी ने मारपीट की। बहू ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर सास के कमरे में रखे 30 लाख रुपए के जेवर भी लूट लिए। इससे पूर्व प्रतिकार करने पर सभी ने एकमत होकर वृद्ध महिला की जमकर पिटाई की और गरदन दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता की लिखित शिकायत पर बरियातू थाना में बहू संजना, मां, मौसा व मौसी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया है कि उनके पुत्र ईशान का विवाह संजना के साथ साल 2011 में हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही बहू बेटा ईशान, सास एवं सुसर को शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देने लगी। बहू बाद में पटना में अपनी मौसी के यहां रहने लगी। बताया गया कि उनके पुत्र ईशान ने वर्ष 2022 में तलाक की अर्जी दायर की। पता चलते ही वह रांची आई और फ्लैट में रहने लगी। पत्नी के व्यवहार से आजिज ईशान अपने भाई के यहां रहने लगा।इसी बीच पिछले 19 अप्रैल को सास शकुंतला अपने घर धनबाद चली गई। वह जब सोमवार को लौटी तो बहू ने अपनी मां, मौसा-मौसी के साथ मिलकर मारपीट की और जबरन आलमीरा की चाबी छिन ली। इसके बाद उसने वहां रखे 30 लाख रुपए मूल्य के जेवरात अपने कब्जा में कर लिया। इधर केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# जमशेदपुर में धराशायी होंगी कई इमारतें ! अवैध निमार्ण पर हाई कोर्ट ने कहा- अब बिल्डिंग गिरेगी, फिर होगी बात




**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर में बढ़ते अवैध निर्माण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने जमशेदपुर अक्षेस के प्रति सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की पीठ ने अक्षेस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले कुछ अवैध निर्माणों को ध्वस्त करके दिखाएं, उसके बाद ही आगे की बातचीत होगी।

सोमवार को राकेश झा द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट द्वारा गठित अधिवक्ता आयोग के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन सहाय ने अपनी दूसरी रिपोर्ट अदालत में पेश की। इस रिपोर्ट में शहर में फैले अवैध निर्माण के जाल और अक्षेस की लापरवाही का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि किस तरह से नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण किए जा रहे हैं और अक्षेस के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

सुनवाई के दौरान अक्षेस के अधिवक्ता ने दावा किया कि 46 अवैध भवनों को सील कर दिया गया है। इस पर अदालत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूछा कि कितने अवैध निर्माणों को वास्तव में ध्वस्त किया गया है। अदालत ने कहा कि अक्षेस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट महज दिखावा है और इसमें 2011 में सील किए गए भवनों की सूची को ही दोहराया गया है, जबकि हकीकत में इन भवनों से सीलिंग हटा ली गई है और एक भी अवैध निर्माण को गिराया नहीं गया है।

कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद अदालत ने अक्षेस के अधिवक्ता से कहा कि बेसमेंट में पार्किंग और कमर्शियल काम्प्लेक्स बनाने की बात तो सुनी है, लेकिन बेसमेंट में किचन बनाने की बात कभी नहीं सुनी। अदालत सेंटर प्वाइंट होटल में हुए अवैध निर्माण का उदाहरण देते हुए यह टिप्पणी कर रही थी। इस पर अक्षेस के अधिवक्ता कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। चूंकि कमीशन ने सोमवार को ही अपनी रिपोर्ट पेश की है, इसलिए अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन करना चाहेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को निर्धारित की गई है। अदालत ने अक्षेस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक ठोस कार्रवाई करके दिखाएं, वरना सख्त कदम उठाए जाएंगे।

याचिकाकर्ता के वकील अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अक्षेस के अधिवक्ता अदालत को लगातार गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्षेस द्वारा की गई कार्रवाई नाकाफी है और शहर में अवैध निर्माण का धंधा बदस्तूर जारी है।

उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि वह इस मामले में सख्त रुख अपनाए और अक्षेस को अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दें।

शहर में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण के कारण शहर की बुनियादी सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ रहा है। सड़कें संकरी हो रही हैं, जल निकासी की व्यवस्था चरमरा गई है और पार्किंग की समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

# गर्भावस्था में इम्युनिटी कमजोर होने से मलेरिया होने की संभावना प्रबल



**छपरा, एजेंसी।** एक्सीलिरेटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फॉर ए मोर इक्विटेबल वर्ल्ड थीम के तहत आगामी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाए जाने को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेवासियों की मदद से लोगों में मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए जागरूकता पैदा करना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

क्योंकि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। प्लाजमोडियम परजीवी से संक्रमित इस मच्छर के काटने से यह परजीवी मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर जाता है। हालांकि पूरे विश्व में मलेरिया को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है।

लक्षणों के आधार पर मरीजों की जांच कर दी जाती है दवा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि मलेरिया बीमारियों से संबंधित लक्षणों के आधार पर मरीजों का रक्त जांच कर बुखार उतारने के लिए दवा दी जाती है। ताकि गर्भवती महिलाएं और बच्चों को मलेरिया से बचाव किया जा सके। क्योंकि गर्भावस्था में इम्युनिटी बहुत कमजोर हो जाती है, जिस कारण मलेरिया सामान्य की तुलना में जल्दी और अत्यधिक गंभीर होने की संभावना प्रबल हो जाती हैं।

जिससे गर्भवती महिलाओं को बार-बार मलेरिया होने के कारण कई जटिलताओं पैदा हो सकती हैं। इसको रोकने के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना होगा। क्योंकि मलेरिया के मच्छर शाम या रात में अधिक सक्रिय रहते हैं। अपने घर के आसपास गंदे पानी का जमाव और कूड़े कचरे को फैलने से रोकना होगा। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें और मच्छर के प्रकोप को रोकने के लिए घरेलू उपायों के साथ ही मच्छरदानी लगाकर ही सोने की सलाह दी जाती है।

# छात्रा से चैटिंग करता था टीचर, होने वाले पति ने खुलासा कर शादी से किया इनकार



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में एक स्कूल के टीचर को बंधक बना लिया गया। दरअसल, शिक्षक पर आरोप है कि वह अपने स्कूल की एक छात्रा के साथ वाट्सऐप पर चैटिंग करता था। टीचर की पहचान बालकुमार के रूप में हुई है। वह चतरा के उत्क्रमित इंटर स्कूल में पढ़ाता है। शिक्षक को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा है।

जानकारी के मुताबिक, टीचर के चैटिंग करने का खुलासा उस छात्रा के होने वाले पति ने किया। लड़की की इसी साल शादी होनी है। टीचर और छात्रा के बीच चैटिंग की जानकारी होने वाले पति को मिली। जानकारी मिलते ही उसने लड़की से शादी करने से इनकार कर दिया। तब मामले की जानकारी कुछ और लोगों को मिली। इसके बाद शिक्षक को पदमा बुलाया गया। ग्रामीणों ने शिक्षक के साथ कड़ी पूछताछ की। टीचर को उन लोगों ने घंटों अपने कब्जे में रखा।वहीं चतरा के सोंकी के उत्क्रमित इंटर स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इस मामले के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। शिक्षक ने दो दिनों की छुट्टी का ऑनलाइन आवेदन दिया है। चुनाव के कारण छुट्टी उच्च अधिकारी द्वारा मंजूर की जाती है।

पिस्कानगड़ी थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीया नाबालिग लड़की से सोमवार की रात छह युवकों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की ओर से थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, वह अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गई थी।

वहां रात 10 बजे नाच-गान कर रही थी। उसी दौरान एक आरोपी उसे बहलाकर घर के पीछे ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद फोन कर अपने पांच अन्य साथियों को भी बुला लिया। साथियों ने भी दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना की जानकारी किसी को देने पर जान मारने की धमकी देते हुए सभी वहां से निकल भागे। घटना के बाद पीड़िता मुश्किल से घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# हल्की लापरवाही भी बड़े नुकसान के बन सकते हैं कारण : विजयंत रंजन



**निरसा , एजेंसी।** एमपीएल मुख्य प्लांट परिसर में अग्निशमन सेवा दिवस को लेकर आयोजित अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्नि शमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर की गई। नए फायर टेंडर का उद्घाटन व अग्निशमन उपकरणों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया।

वहीं एमपीएल के विभिन्न स्थानों में स्लोगन, पोस्टर, चित्रांकन के अलावा जगह-जगह जागरूकता शिविर, आग से बचाव के लिए प्रायोगिक परीक्षण सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इधर डीवीसी में प्रतिनियुक्त सीआईएसएफ एवं एमपीएल के अग्निशमन दल ने एमपीएल आनंदम टाउनशिप में संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल किया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन एमपीएल के सीएमओ सुधाकर टंडन ने किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एमपीएल प्रबंधन ने सम्मानित भी किया।

सीईओ विजयंत रंजन ने कहा कि सुरक्षा को सर्वोपरि है। हल्की लापरवाही बड़े नुकसान के कारण बन सकते हैं। हर पल चौकन्ना रहने व एहतियात बरतने की आवश्यकता पर बल देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा प्रमुख उमेश गौतम, सुरक्षा अधिकारी ओपी आर्या, अभिजीत पांडे व अग्निशमन अधिकारी राज कुमार राय का योगदान रहा। इधर विश्व पृथ्वी दिवस को लेकर भी एमपीएल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पृथ्वी को हरा भरा एवं स्वस्थ्य रखने का संकल्प लिया गया। प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने जैसी सक्रिय पहल की गयी। पौधे भी लगाए गए। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में एमपीएल अधिकारी सुधाकर टंडन, प्रवीण बी राउत, सुप्रतीक मुखर्जी, पीके बंधु, उमेश गौतम, राज कुमार राय, ओपी आर्या, अभिजित पाण्डे, अमन सिंह, अजय कुमार आदि थे।

संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल किया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन एमपीएल के सीएमओ सुधाकर टंडन ने किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एमपीएल प्रबंधन ने सम्मानित भी किया। सीईओ विजयंत रंजन ने कहा कि सुरक्षा को सर्वोपरि है। हल्की लापरवाही बड़े नुकसान के कारण बन सकते हैं। हर पल चौकन्ना रहने व एहतियात बरतने की आवश्यकता पर बल देना है।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा प्रमुख उमेश गौतम, सुरक्षा अधिकारी ओपी आर्या, अभिजीत पांडे व अग्निशमन अधिकारी राज कुमार राय का योगदान रहा। इधर विश्व पृथ्वी दिवस को लेकर भी एमपीएल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पृथ्वी को हरा भरा एवं स्वस्थ्य रखने का संकल्प लिया गया। प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने जैसी सक्रिय पहल की गयी। पौधे भी लगाए गए। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में एमपीएल अधिकारी सुधाकर टंडन, प्रवीण बी राउत, सुप्रतीक मुखर्जी, पीके बंधु, उमेश गौतम, राज कुमार राय, ओपी आर्या, अभिजित पाण्डे, अमन सिंह, अजय कुमार आदि थे।

### धनबाद में शराब के शौकीनों पर गिरी गाज, मई में चुनाव के कारण नौ दिन रहेगा ड्राई डे

**धनबाद, एजेंसी।** चुनाव का पर्व, देश का गर्व लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हर तरह के एहतियात भारत निर्वाचन आयोग बरत रही है। लोगों को मतदान को लेकर परेशानी ना हो, सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था हो, किसी भी तरह से लोक शांति भंग ना हो और विधि व्यवस्था बनी रहे। हर छोटी सी छोटी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में शराब बंदी भी महत्वपूर्ण है।

चुनाव आयोग के प्रविधानों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लोकसभा क्षेत्र और इसके सीमावर्ती जिलों में ड्राई डे घोषित किया जाना है।ऐसे में मई माह में धनबाद के शराब के शौकिनों के लिए नौ दिन ड्राई डे रहेगा। इस दौरान जिले की सभी अंग्रेजी व देशी अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान होटलों, ढाबा, भोजनालय आदि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर भी प्रतिबंध रहेगा।धनबाद जिला की बात करें तो इसकी सीमा पांच लोक सभा क्षेत्रों से सटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय निरुपम की उम्मीदवारी से पहले महाराष्ट्र में घमासान

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस के बागी नेता संजय निरुपम की लोकसभा चुनाव में संभावित उम्मीदवारी को लेकर महायुति के घटक दलों की बीच ठन गई है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है मगर अभी महायुति में सीटों के बंटवारे पर आम सहमति नहीं बन पाई है। अभी तक शिवसेना और भाजपा ने मुंबई की छह में से तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया। इसी बीच ऐसी भी चर्चाएं तेज हैं कि संजय निरुपम शिवसेना में शामिल होंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई सीट की दावेदारी करेंगे। मगर संजय निरुपम की संभावित उम्मीदवारी महायुति के अन्य घटक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के गले नहीं उतर रही है। बिना शर्त भाजपा को समर्थन देने वाली एमएनएस ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से संजय निरुपम के चुनाव लड़ने की चर्चा को लेकर सवाल उठाया है। महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एमएनएस के नेता मनीष धुरी ने साफ किया कि अगर शिंदे की शिवसेना उत्तर पश्चिम मुंबई से संजय निरुपम को उम्मीदवार बनाती है तो वह इसका विरोध करेंगे। बताते चलें कि संजय निरुपम और एमएनएस की बीच मतभेद की स्थिति नई नहीं है। बकौल मनीष धुरी, जब जब एमएनएस आक्रामक तरीके से मराठी का मुद्दा उठा रही थी, मराठी युवाओं की नौकरियों और रोजगार के लिए लड़ रही थी, तब तब संजय निरुपम ने विरोध किया। उन्होंने कहा, जब भी हमने मराठी युवाओं के लिए आंदोलन किया, उन्होंने इसका विरोध किया। धुरी ने निरुपम की आलोचना करते हुए उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति का कचरा बताया। संजय निरुपम 2009 में उत्तरी मुंबई से सांसद थे। इस दौरान एमएनएस ने मराठी का मुद्दा उठाया और कई आंदोलन किए उस समय मराठी-गैरमराठी विवाद खड़ा हो गया। इसमें संजय निरुपम भी कूद पड़े और उन्होंने एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे की जमकर आलोचना की। इसके बाद से ही निरुपम एमएनएस के रडार पर आ गए। इसलिए उनकी संभावित उम्मीदवारी का एमएनएस द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है।

### कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को मंच देकर प्रेरणादाई कार्य किया: जगत बहादुर सिंह

**जबलपुर।** कलचुरी समाज का 29वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन मानस भवन में किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजरजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजरजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात युवक एवं युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में 600 युवक-युवतियों ने अपना अपना परिचय दिलाकर ,कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को एक विशाल मंच देकर समाज में प्रेरणादाई कार्य किया है। मैं समाज के सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित करता हूं। ये विचार कलचुरी युवक युवती परिचय सम्मेलन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि कलचुरी समाज से मेरा पुराना जुड़ाव रहा है। वैसे तो मुझे अनेक समाजों का आशीर्वाद मिल रहा है। लेकिन कलचुरी समाज की बात ही कुछ और है। आपके समाज में मैं कुछ इस तरह घुला-मिला हूं कि मुझे लगता है कि मैं भी कलचुरी समाज का ही हूं। कलचुरी महासभा जबलपुर निरंतर कार्य करने वाला सक्रिय संगठन है। सभी पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई। कलचुरी समाज की गतिविधियों, मेधावियों की जानकारी एवं विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा को समाहित करने वाली पूरे अंचल में लोकप्रिय कलचुरी गौरव पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंहअन्नू समाज के अध्यक्ष मनोहर चौकसे, महामंत्री बीडी राय, कलचुरी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे आदि ने किया।

# गांधी सरनेम छोड़ दें राहुल, करानी चाहिए डीएनए जांच- विधायक पी वी अनवर

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस की कड़ी प्रतिक्रिया के बीच, राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक पी वी अनवर ने यह कहकर एक और विवाद पैदा कर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। व्यवसायी से विधायक बने अनवर ने कहा कि कांग्रेस नेता 'चौथे दर्जे के नागरिक' बन गए हैं, जो गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं।



विजयन के खिलाफ गांधी के हालिया बयान से खफा अनवर ने सवाल किया कि नेहरू परिवार से संबंध रखने वाला कोई व्यक्ति इस तरह के बयान कैसे दे सकता है। अनवर ने यहां एलडीएफ स्थानीय समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में कहा, 'मेरी राय है कि राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। इसमें कोई विवाद नहीं है।' गांधी ने राज्य में अपने हालिया प्रचार अभियान के दौरान सवाल किया था कि विपक्ष शासित राज्यों के दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने वाली केंद्रीय एजेंसियों ने वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता से पूछताछ क्यों नहीं और उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया, जबकि उन पर कई आरोप लगे हैं। वामपंथी नेताओं ने विजयन के खिलाफ दिए गए बयानों के लिए कांग्रेस नेता की कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्हें विजयन के बजाय मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना करनी चाहिए। गांधी के खिलाफ अनवर की आपत्तिजनक टिप्पणी पर विजयन से उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने एलडीएफ विधायक को सही ठहराया और कहा कि कांग्रेस नेता आलोचना से परे व्यक्ति नहीं हैं।

विजयन ने कन्नूर में संवाददाताओं से कहा, 'राहुल गांधी ने जो कहा है, उसका जवाब उन्हें मिलेगा। वह आलोचना से परे नहीं हैं।' विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का उनके द्वारा संदर्भ दिए जाने का भी बचाव किया और कहा कि यह टिप्पणी राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान गांधी द्वारा दिए गए कुछ बयानों के जवाब में की गई । उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से भाजपा और उसके नियंत्रण वाली एजेंसियों को मदद मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता का ऐसा आचरण पूरी तरह से बचकाना था और गांधी को केवल वही नहीं दोहराना चाहिए, जो राज्य में उनकी पार्टी के कुछ नेता उनसे कहते हैं। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इसलिए मैंने कहा कि उन्हें अपने पुराने नाम की ओर लौटना नहीं चाहिए।'

विजयन ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे सवाल किया गया था कि उनकी इस तरह की टिप्पणी कितनी उचित है, जबकि अतीत में वह इस तरह के व्यक्तिगत हमलों के खिलाफ रुख अपना चुके हैं। विजयन ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का संदर्भ दिया था।

## प्रधानमंत्री मोदी मिलने का समय दें, उनकी गलतफहमी करूंगा दूर- खरगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 की लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में मुस्लिम लीग और मंगलसूत्र पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर महिलाओं का मंगलसूत्र तक छीनने और देश में मुस्लिम लीग लाने का आरोप लगा रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, कांग्रेस के मेनिफेस्टो में ऐसी कई बातें हैं, जो देश के लिए खतरा है। पीएम के इन आरोपों के जवाब में मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र ही कुर्बान कर दिया वो किसी का मंगलसूत्र क्या लेंगे। अब मामले में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास अगर समय है तो वे उनसे मिलकर कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र अच्छे से समझा सकते हैं ताकि उनकी गलतफहमी दूर हो।

इस महीने चुनावी रैलियों में पीएम मोदी ने अपने भाषणों में कई बार कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वादे आजादी से पहले मुस्लिम लीग के विचारों की याद दिलाते हैं। रविवार को राजस्थान की एक रैली में पीएम मोदी ने यह दावा करके नए विवाद को जन्म दे दिया कि कांग्रेस का इरादा लोगों की संपत्ति जब्त कर उसे मुसलमानों में बांटना है। उन्होंने कहा था, वे आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे।

अब पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। केरल के वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने सभी आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं, अगर वह मुझे समय दें, तो मैं अपना घोषणापत्र उन्हें समझाऊंगा। हम कहां कह रहे हैं कि यह केवल मुसलमानों के लिए है?




## रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार...अमेठी में कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर

**अमेठी, एजेंसी।** कांग्रेस ने अब तक अमेठी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि इस सीट पर वायनाड में वोटिंग होने के बाद कांग्रेस कोई फैसला लेगी। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के ही नाम का ऐलान यहां से होगा और देरी इसलिए की जा रही है ताकि वायनाड में वोटिंग के बाद वह अमेठी पर पूरा फोकस कर सकें। लेकिन इस बीच अमेठी में राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के नाम के पोस्टर लगे हैं। इन पोस्टरों में नारा लिखा है- अमेठी की जनता करे पुकार, रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार। इन पोस्टरों में निवेदक के तौर पर लिखा है- अमेठी की जनता। ये पोस्टर अमेठी के गौरीगंज में स्थित कांग्रेस के दफ्तर के बाहर लगाए गए हैं। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा खुद भी अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। उनका कहना था कि अमेठी की जनता चाहती है कि मैं वहां से चुनाव लड़ूं और संसद में उनका प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा ने कहा था कि अमेठी के लोग मानते हैं कि स्मृति इरानी को चुनकर उन्होंने गलती की थी और अब इसे सुधारने का मौका है। वाड्रा ने दावा किया था कि उनके पास अमेठी से तमाम लोगों के फोन आते हैं कि आप यहां से चुनाव लड़ें, लेकिन आखिरी फैसला पार्टी को ही लेना है। गौरतलब है कि वाड्रा की इस दावेदारी और राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के कयासों को लेकर स्मृति इरानी ने तंज भी कसा था।

## भाजपा-कांग्रेस के सामने रविंद्र सिंह भाटी बन गए बड़ी चुनौती

**बाड़मेर, एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर के छोटे से गांव दूधोड़ा के रहने वाले रविंद्र सिंह भाटी भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। सूबे की राजनीति में इस 26 वर्षीय नेता की खूब चर्चा है। दरअसल, भाटी राजस्थान के बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से वर्तमान में निर्दलीय विधायक हैं और बाड़मेर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। इस नौजवान को सुनने और देखने के लिए उसके रोड शो और सभाओं में हजारों की तादाद में लोग उमड़ रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कैलाश चौधरी को सीधे तौर पर चुनौती दी है। यह पहली बार नहीं है जब भाटी ने भाजपा से अलग राह पकड़ी है। जब-जब उन्हें टिकट नहीं मिला उन्होंने अलग राह पकड़ी और जीतकर निकले। रविंद्र सिंह भाटी जब उच्च शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे तो उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में छात्र राजनीति में कदम रखा।

## राहुल गांधी के बाद सैम पित्रोदा बोले- अमेरिका में तो मरने के बाद सरकार के पास जाती है आधी दौलत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राहुल गांधी ने पिछले दिनों देश में संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराने और संपत्ति के पुनर्वितरण की बात कही थी। इसे लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने तीखा हमला बोला था और कहा था कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति लूटना चाहती है। यह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा का बयान नया बवाल खड़ा कर सकता है। अमेरिका में बोलते हुए ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगता है। यदि किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और वह मर जाता है तो उसकी 45 फीसदी संपदा ही बच्चों को मिलती है। इसके अलावा बाकी 55 फीसदी संपत्ति सरकार के पास चली जाती है।



सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून की बात करते हुए कहा, यह कानून कहता है कि आपने दौलत बनाई और उसका उपभोग किया। अब आप उसे छोड़कर जाएं तो उसका पूरा हिस्सा बच्चों को ही न मिले, कुछ देश को भी मिले। यह अच्छा कानून लगता है। भारत में ऐसा नहीं है। यदि किसी के पास 10 अरब की दौलत है और उसकी मौत हो जाती है तो उसके बच्चों को पूरी संपदा मिलती है, पब्लिक के हाथ कुछ नहीं आता। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लोगों को डिबेट और चर्चा करनी चाहिए। मैं नहीं जानता कि इसका परिणाम क्या होगा, लेकिन जब हम संपदा के पुनर्वितरण की बात करते हैं तो हम नई नीतियों की बात कर रहे हैं। ऐसी योजनाओं की बात कर रहे हैं, जो जनता के हित में हैं। हम ऐसी स्कीमों की बात नहीं करते, जो सिर्फ देश के सुपर अमीरों के लिए ही हों।

यही नहीं राहुल गांधी की ओर से दिए बयान पर सवाल पूछा गया कि इसे पीएम नरेंद्र मोदी मुद्दा बना रहे हैं। इस पर सैम पित्रोदा ने कहा कि वह यह बात नहीं कह रहे हैं कि किसी की शर्ट लेकर दूसरे को दी जाएगी। यहां बात यह है कि कैसे संसाधनों का केंद्रीकरण होने से रोका जाए। बता दें कि कुछ सप्ताह पहले राहुल गांधी ने हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराएंगे। हम यह पता लगाएंगे कि देश में किसके पास कितनी दौलत है और उसका फिर नए सिरे से वितरण होगा। उनके इसी बयान को आधार बनाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की एक रैली में हमला बोला था।

## माओवादियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान किया

**वायनाड (केरल) ।** केरल में वायनाड जिले के थलप्पुझा पुलिस थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध हथियारबंद माओवादियों का चार सदस्यीय समूह पहुंचा और वहां के लोगों से 26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वहां माओवादियों के पहुंचने की सूचना मिलने के बाद कई पुलिसकर्मी कंबामाला पहुंचे। लेकिन उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे माओवादी उनके क्षेत्र में पहुंचे और नारे लगाए। उन्होंने बताया कि माओवादियों ने लोगों से मतदान का बहिष्कार करने का भी आग्रह किया। स्थानीयों ने बताया कि नक्सली वर्दी में थे और उनके पास बंदूकें थीं। वे करीब 20 मिनट तक यहां रुके थे। बाद में माओवादियों का स्थानीय लोगों के साथ बातचीत का एक कथित वीडियो सामने आया। वीडियो में यह नजर आ रहा है कि जब वे वहां पहुंचे थे तो वहां अधिकतर श्रमिक मौजूद थे।

## रेफर बच्चे को अस्पताल नहीं घर ले जाकर अपने नहाने-खाने में लगा एंबुलेंसकर्मी

**बरेली , एजेंसी।** रेफर किए गए बुखारग्रस्त बच्चे को बरेली जिला अस्पताल से सैफई ले जाने की बजाय अपने घर जाकर 108 एंबुलेंस कर्मियों ने दो घंटे तक नहाने और खाना खाने में समय बर्बाद कर दिया। इससे बच्चे की जान चली गई। इस लापरवाही की गूंज जब शासन तक पहुंची तो दोनों कर्मचारियों को बर्खास्त करते हुए एंबुलेंस के स्टाफ को लखनऊ तलब किया गया है। मंगलवार को शासन स्तर पर एबुलेंस में बच्चे के दम तोड़ने के मामले में संज्ञान लिया गया और बड़ी कार्रवाई की गई। शासन के निर्देश पर लखनऊ से ही 108, 102 एबुलेंस की कार्यदायी संस्था के द्वारा ईएमटी अमित कुमार और पायलट अनूप कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा इन दोनों के अलावा स्थानीय स्टाफ को शासन तलब किया गया है। शासन की एबुलेंस कर्मियों पर हुई कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। एबुलेंस जिला प्रभारी सहित अधिकारियों से जबाव तलब किया गया है वहीं सीएमओ को भी शासन से जांच करने को निर्देशित किया गया है। यह है मामला सोमवार को बदायूं जिले के बिनावर के गांव पुठी सहाय निवासी हरिनंदन के नौ माह के बेटे आशीष को बुखार आया तो परिजन उसको बरेली ले गए। चूंकि बदायूं के मुकाबले गांव से बरेली नजदीक था। इसलिए बरेली ले गए। बरेली प्राइवेट अस्पताल में दिखाने के बाद जिला अस्पताल ले गए वहां से गंभीर हालत होने पर बच्चे को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। बच्चे आशीष के चाचा शिवनंदन ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एबुलेंस जिला अस्पताल पहुंची चालक अनूप और ईएमटी अमित एबुलेंस सैफई की जगह बरेली के नकटिया से पांच किलो मीटर दूर गांव मोहनपुर ठिरिया ले गया। परिजनों के अनुसार नहाने और खाने में दोनों लग गए और दो घंटा बीत गए।

## दूसरे चरण के चक्रव्यूह में मोदी के दो मंत्री, जीत-हार से तय होगा गजेंद्र शेखावत-कैलाश चौधरी का भविष्य

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में दूसरे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस और बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरे चरण में मोदी के दो मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी की किस्मत दांव पर लगी है। जोधपुर से शेखावत की सीधी टक्कर कांग्रेस के करण सिंह से है। जबकि जैसलमेर-बाड़मेर से कैलाश चौधरी त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए है। कैलाश चौधरी को कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल के साथ-साथ निर्दलीय रविंद्र सिंह भाटी से कड़ी चुनौती मिल रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि जोधपुर में टफ फाइट है। इसलिए शेखावत ने कंगना रनौत से रोड शो कराया है। जबकि कैलाश चौधरी के लिए कंगना आज रोड शो करेंगी। सियासी जानकारों का कहना है कि हार-जीत से हो दोनों केंद्रीय मंत्रियों का राजनीतिक भविष्य तय होगा। फिलहला दोनों ही मंत्री कड़े मुकाबले में फंसे हुए दिखाई दे रहे है। कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह संजीवनी घोटाले के उछाल कर शेखावत को घेर रहे है।

उल्लेखनीय है कि फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने जोधपुर और पाली में बीजेपी प्रत्याशियों के लिए रोड शो कर वोट मांगे। इन दोनों सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जोधपुर में अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को चौपासनी



हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रोड शो कर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए समर्थन मांगा। हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 8 से शुरू हुआ रोड शो प्रथम पुलिया के पास जाकर खत्म हुआ। रोड शो समाप्त होने से ठीक पहले कंगना रनौत ने वहां मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए वोट देना है और मोदीजी के हाथ मजबूत करने हैं। उन्होंने कहा कि लोग वोट करते समय जिसका सर तन से जुदा हुआ, उसके बारे में सोच कर वोट करें। कंगना ने मंगलवार शाम को पाली शहर में भाजपा प्रत्याशी प्रीति चौधरी के साथ रोड शो किया। इसके बाद वह जोधपुर पहुंची थीं। बुधवार को कंगना पहले जैसलमेर और उसके बाद बाड़मेर शहर में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के लिए समर्थन जुटाएंगी।

## जूते-चप्पल से हुआ बारातियों का स्वागत, घर के सामने जमकर हुई दूल्हे की पिटाई

**जांजगीर-चांपा , एजेंसी।**
प्यार,शादी और धोखा यह शब्द हमने बहुत बार सुना है। लेकिन कई लोग इसका दुरुपयोग करने में पीछे नहीं हटते। आज तक हमने सुना है कि लोग प्यार करके शादी करने से मुकर जाते हैं फिर बाद में धोखा दे देते हैं। लेकिन एक ऐसा मामला सामने आया है जहां युवक युवती को धोखे में रखकर शादी के मंडप तक पहुंच गया। कोरबा में एक दूल्हे का स्वागत जूते-चप्पल के साथ किया गया। युवती के घर वालों ने दूल्हे राजा का स्वागत बारातियों के सामने पीट कर किया। दरअसल युवक का अफेयर पहले से ही गुजरात की रहने वाली लड़की के साथ चल रहा था। लेकिन युवक पहली गर्लफ्रेंड को धोखा देकर दूसरी गर्लफ्रेंड से शादी करने निकल गया। पहली गर्लफ्रेंड को इस बात की जानकारी लगी, तो उसने दूसरी गर्लफ्रेंड के घर वालों को इसकी सूचना दी। फिर क्या था दूसरी गर्लफ्रेंड की घर वालों ने दूल्हे का स्वागत जूते-चप्पल के साथ किया।



दरअसल, पूरा मामला कोतवाली थाना की पुरानी बस्ती का है। जहां पर जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिसोड में रहने वाले दादूराम का विवाह कोरबा पुरानी बस्ती में तय हुआ था। गुजरात के निजी कंपनी में काम करने वाले दादूराम ने खुद को अच्छे पद पर काम करने की जानकारी भी दी थी। लड़की पक्ष के परिवार ने शादी की पूरी तैयारी कर रखी थी। लेकिन शादी के एक दिन ठीक पहले दादूराम की गुजरात में उपस्थित प्रेमिका के घरवालों को कुछ फोटो- वीडियो भेजें और अपने अफेयर के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसके बाद लड़की के घर वालों ने लड़के को सबक सिखाने का निर्णय लिया और उन्होंने बारात का इंतजार किया। और जैसे ही दादू राम अपने परिवार और दोस्तों के साथ कोरबा बारात लेकर पहुंचा वैसे ही दूल्हे को घर के अंदर ले जाने के बाद लड़की के घर वालों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। बताया जा रहा है कि मंडप में ही दूल्हे को जूते की माला पहनकर उसकी पिटाई की गई। इस घटना के बाद सभी बाराती वहां से फरार हो गए। लेकिन दूल्हा और उसके परिवार वाले फंस गए। इसके बाद लड़की के परिवार वालों ने दूल्हे को बंधक बना लिया।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिसकी बात कमरे में बंधक बनाकर रखें दूल्हे को पुलिस टीम द्वारा छुड़ाकर नीचे लाया गया।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी के सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा पर आम चुनाव का असर, एडमिशन प्रोसेस में भी हो सकती है देर

**जयपुर, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव का असर राजस्थान यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों पर भी पड़ेगा। कॉलेजों का इस्तेमाल चुनाव कार्यों के लिए होने की वजह से सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा पर भी इसका असर होगा। दरअसल, चुनाव आयोग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा राजस्थान यूनिवर्सिटी के दो कॉलेजों के कैंपस का उपयोग चुनाव कार्यों के लिए किया जा रहा है। इस वजह से उन कॉलेजों अकादमिक गतिविधियां ठप पड़ी हैं।

यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स तथा राजस्थान कॉलेज को चुनाव कार्यों के लिए अधिग्रहित कर लिया गया है, ऐसे में इन कॉलेजों में अकादमिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन इन कॉलेजों में परीक्षा के आयोजन की तैयारी नहीं कर पा रहा है। इससे न सिर्फ सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा के आयोजन में देर होगी, बल्कि यूनिवर्सिटी में होने वाले नए एडमिशन प्रोसेस पर भी पड़ेगा। इससे नया अकादमिक सत्र शुरू करने में देरी हो सकती है। यूनिवर्सिटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य में जब तक लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न नहीं हो जाती, यूनिवर्सिटी की ओर से फाइनल परीक्षा के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की जा सकती है। नन कॉलेजिएट विद्यार्थियों के लिए फाइनल एग्जाम पहले मई में प्रस्तावित था,



# शिवम दुबे ने तोड़ डाला एमएस धोनी का रिकॉर्ड

## सीएसके के लिए तूफान की गति से बनाए 1000 रन

**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके के बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं।

पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका सफर अच्छा रहा है। वे इस फ्रेंचाइजी के साथ एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। शिवम दुबे ने चेपॉक स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स यानी एलएसजी के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ 66 रनों की पारी के दौरान यह उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। शिवम दुबे इस समय आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश कर रहे हैं।

शिवम दुबे ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 27 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी में उनके बल्ले से सिर्फ तीन चौके निकले, लेकिन उन्होंने सात छक्के लगाए। 244.44 के स्ट्राइक रेट से उन्होंने बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा। शिवम दुबे अब उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सीएसके के लिए 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। 35 मैचों की 33 पारियों में उन्होंने इस उपलब्धि को अपने नाम किया है। वे 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के दौरान टीम से जुड़े थे। इसके बाद से 37.70 के औसत और 161.08 के स्ट्राइक रेट से 1018 रन बना चुके हैं।

वे इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेल चुके हैं, लेकिन वहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। आरसीबी के लिए वे 15 मैचों में 169 रन और आरआर के लिए 9 मैचों में 230 रन बनाने में सफल हुए थे। इस फ्रेंचाइजी के लिए सिर्फ 14 ही खिलाड़ी अभी तक 1000 या इससे ज्यादा रन बनाने में सफल हुए हैं, लेकिन उन सभी में शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट सभी से ज्यादा है। यहां तक कि किसी ने 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1000 रन नहीं बनाए हैं। धोनी का स्ट्राइक रेट 138.98 का है, जबकि सुरेश रैना ने 138.91 के स्ट्राइक रेट से 1000 रन पूरे किए थे।

# मार्कस स्टोइनिस ने रचा इतिहास



**चैन्नई, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के बल्ले ने अकेले दम ऐसा तूफान खड़ा किया कि चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ गईं। स्टोइनिस ने सिर्फ 63 बॉल में 124 रनों की धुआंधार अविजित पारी के दम पर लखनऊ को चेन्नई के होम ग्राउंड पर उसके खिलाफ छह विकेट से जोरदार जीत दिला दी। इसके पहले लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर सीएसके को शिकस्त दी थी।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की नॉट आउट सेंचुरी (60 बॉल में 108 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) और ऑलराउंडर शिवम दुबे के चिर-परिचित अंदाज में पावर पैक्ड पचासे (27 बॉल में 66 रन, 3 फोर, 7 सिक्स) की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

### डि कॉक और केएल राहुल के आउट होने के बाद मार्कस स्टॉइनिस ने संभाला मोर्चा

जवाब में लखनऊ के लिए पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाली क्विंटन डि कॉक (0) और कप्तान केएल राहुल (16) की ओपनिंग जोड़ी बेहद सस्ते में निबट गई तो टीम की हार नजर आ रही थी। लखनऊ ने महज 33 रन पर दो विकेट और 88 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, यहां से स्टोइनिस ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पारी में तीन गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। मेहमान टीम ने चार विकेट पर 213 रन बनाकर चेन्नई के चेहरे पर मायूसी ला दी।

### स्टॉइनिस का तूफान और बड़ा रिकॉर्ड चकनाचूर, धोनी बने दर्शक

इस तरह वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जब वह मैदान पर चौके और छक्के उड़ा रहे थे तो रणनीति के सबसे बड़े सूरमा एमएस धोनी विकेट के पीछे खड़े सिर्फ दर्शक बने रहे। रिजल्ट हर किसी के सामने है। उन्होंने पॉल वल्थाटी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2011 में मोहाली में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के ही खिलाफ नाबाद 120 रन ठोकते हुए हर किसी को हैरान कर दिया था।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले युगांडा के मुख्य कोच बने अभय शर्मा



**कंपाला, एजेंसी।** युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने तीन साल के अनुबंध पर भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को अपनी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। अभय शर्मा के पास खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में सफलता का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अपने कार्यकाल के अलावा, उन्होंने पहले भारत ए और भारत अंडर-19 के लिए फील्डिंग कोच के रूप में कार्य किया। उनकी सबसे हालिया कोचिंग भूमिका दिल्ली रणजी टीम के साथ थी। अपनी नियुक्ति पर 54 वर्षीय अभय शर्मा ने कहा, प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के समूह के साथ काम करने के इस अवसर के लिए मैं यूसीए का बहुत आभारी हूं। युगांडा में केवल कुछ दिनों के लिए रहने के बाद, यह पहले से ही मेरे दूसरे घर जैसा लगता है। मैं यहां टीम की आकांक्षाओं में योगदान देने के लिए हूं, जिसमें आगामी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों को हराना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, मैं इस उभरती हुई टीम और युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने पर पूरा फोकस करूंगा।

युगांडा क्रिकेट ने पिछले 12 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, कुछ ऐसे क्षेत्र और खामियां हैं, जिन्हें सही करना होगा। लेकिन, हमने फिर भी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। अब सोचिए अगर हम अपनी कमियों को दूर कर लें तो नतीजे कितने बेहतर हो सकते हैं। यूसीए ने हमें पूरा समर्थन देने का वादा किया है और मैं टीम के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हूं।

## लॉरियस अवॉर्ड

# जोकोविच रिकॉर्ड पांचवीं बार श्रेष्ठ खिलाड़ी बने

**मैड्रिड, एजेंसी।** महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच वर्ष के श्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हैं। उन्होंने पांचवीं बार प्रतिष्ठित लॉरियस अवॉर्ड पर कब्जा जमाया है। उन्होंने स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है।

फेडरर को भी पांच बार वर्ष का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जा चुका है। जोकोविच जरूर श्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन आकर्षण का केंद्र पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाली स्पेन की महिला फुटबाल टीम और उसकी स्टार फुटबालर एइटाने बोनमाती रहीं। महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी।

समारोह के दौरान स्पेनिश फुटबाल के तत्कालीन अध्यक्ष रुबियालेस ने स्पेन फुटबाल टीम की सदस्य जेनी हरमोसो के चुंबन ले लिया था।



### नडाल को भी पुरस्कार, फाउंडेशन ने भारत में की मदद

अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोना बाइल्स को श्रेष्ठ वापसी के लिए वर्ष का खिलाड़ी चुना गया। रियल मैड्रिड के इंग्लिश फुटबालर जूड बेलिंघम को वर्ष का ब्रेकथ्रू अवॉर्ड मिला और राफेल नडाल के फाउंडेशन को खेलों में अच्छाई के लिए पुरस्कार मिला। नडाल के फाउंडेशन ने स्पेन और भारत में एक हजार कमजोर बच्चों की मदद की है।

### 2012 में पहली बार विजेता बने थे जोकोविच

जोकोविच ने 24 ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बीते वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीते, जबकि विंबलडन के फाइनल में उन्हें कार्लोस अल्कारेज के हाथों कड़े संघर्ष में हार मिली थी। जोकोविच ने इससे पहले 2012, 2015, 2016 और 2019 में यह खिताब जीता था। जोकोविच ने अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि उन्हें याद आ रहा है कि 2012 में 24 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार यह खिताब जीता था। 12 साल बाद फिर से यहां होना गर्व की बात है।

# लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी में टीम के मालिक पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप




**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल ने अदालत को सूचित किया है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में खेलने वाली सात टीमों में से एक कैंडी सैंप आर्मी के मालिक योनी पटेल पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया है।

अटॉर्नी जनरल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने सोमवार को कोलंबो मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि योनी पटेल पर कोलंबो हाई कोर्ट में अपराध का आरोप लगाया गया है। उन पर श्रीलंका में सेंट्रल हिल्स के पल्लेकेले में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अंतर्राष्ट्रीय सितारों की भागीदारी के साथ खेली गई लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दौरान एक क्रिकेटर पर फिक्सिंग में शामिल होने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया है। जांच श्रीलंका के सेवानिवृत्त राष्ट्रीय क्रिकेटर उपुल थरंगा की शिकायत पर शुरू की गई, जो खुद पटेल के स्वामित्व वाली टीम के खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व सफेद गेंद कप्तान और क्रिकेट चयन समिति के वर्तमान अध्यक्ष थरंगा ने पंजाब रॉयल्स के लिए खेलने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर नील ब्रूम के साथ मैच फिक्सिंग की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि उनसे दो व्यक्तियों ने संपर्क किया जिन्होंने खुद को कैंडी सैम्प टीम का मालिक और पंजाब रॉयल्स मैनेजर बताया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कथित मैच फिक्सरों में से एक ने खराब प्रदर्शन करने और मैच के नतीजों को फिक्स करने के लिए खिलाड़ियों से पैसे की पेशकश की थी। इसके बाद थरंगा ने तुरंत खेल से संबंधित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए गठित श्रीलंका खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई को शिकायत की, जबकि ब्रूम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट और बाद में आईसीसी को रिपोर्ट की। एसआईयू की जांच में पता चला कि टीम मैनेजर ने ब्रूम को अपने कमरे में बुलाया और 10 से अधिक गेंदों का सामना करने के बाद 10 से कम रन बनाने के लिए कहा था।

## टीम इंडिया की रेस...

# शिवम दुबे की 51.83 की औसत वाली बल्लेबाजी पर भारी हार्दिक का स्पेशल 4 !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएलः 2024 का आधा सफर पूरा हो चुका है, इस आधे सफर के बाद कई भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का सपना बुन रहे हैं. दो भारतीय खिलाडियों को लेकर सबसे ज्यादा हाइप क्रिएट हो रही है. ये दोनों ही ऑलराउंडर हैं.

ये दो ऑलराउंडर हैं शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या. इन दोनों ही खिलाडियों के वर्ल्ड कप में जाने को लेकर कई क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी राय भी रख रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि आईपीएल के आधे सफर के बाद दुबे या पंड्या में किसका पलड़ा भारी है. शिवम दुबे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे हैं. वहीं, हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं. अब आंकड़ों के लिहाज से समझ लेते हैं दुबे और पंड्या में किसका आईपीएल 2024 में दबदबा रहा है. शिवम दुबे ने अब तक 8 आईपीएल मैचों में कुल 311 रन बनाए हैं.




इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 66 नॉट आउट रहा है. उनका एवरेज 51.83 और स्ट्राइक रेट 169.95 का है. दुबे अब तक (23 अप्रैल) तक 22 छक्के जड़ चुके हैं, वो अपनी बिग हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं. दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं. पंड्या ने भी मौजूदा आईपीएल में अब तक दुबे के ही बराबर 8 मैच खेले हैं, पर उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया है. पंड्या ने 8 मैचों में महज 151 रन 21.57 के एवरेज से बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 142.45 का है. हालांकि हार्दिक पंड्या के साथ एक ही एडवांटेज है, जिसमें वो शिवम दुबे से आगे दिखते हैं.

# विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुई स्वीयाटेक

**मैड्रिड, एजेंसी।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है।

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी।

स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं,



इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीज़न में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी।

उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के अनुसार, स्वीयाटेक पहली बार विश्व नंबर 1 पर पहुंचने के 749 दिन बाद मील के पत्थर तक पहुंच जाएंगी- ग्राफ, एवर्ट और सेलेस के बाद 100 सप्ताह तक पहुंचने वाली चौथी सबसे तेज खिलाड़ी।

स्पेन की राजधानी में पहुंचकर, स्वीयाटेक विश्व नंबर 1 के रूप में अपना 100वां सप्ताह मना रही है। पिछले साल मैड्रिड में उपविजेता रहने के बाद, वह चीन की वांग ज़ियू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## एक नजर

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान की निगरानी करेगा पांच सदस्यीय सेल

**पटना (नि.सं.)**। पटना की सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए पांच सदस्यीय सेल का गठन किया गया है। डीएम के निर्देश पर गठित यह सेल पटना की सड़कों को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करने और उसे मुक्त रखने के लिए काम करेगा। इसके साथ ही किन सड़कों व जगहों पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाए, इसकी भी सलाह दी जाएगी। इस सेल में एडीएम (विधि व्यवस्था), सिटी एसपी (विधि व्यवस्था), यातायात एसपी, अपर नगर आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट शामिल हैं। पटना शहरी क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। कुछ जगहों पर अतिक्रमण हटाने के बाद वहां दोबारा अतिक्रमणकारी जम गये हैं। सड़कों के किनारे दुकान लगाने का समय भी जिला प्रशासन की ओर से तय किया गया है। इसके बाद भी अतिक्रमणकारी अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहे हैं। सुबह में अतिक्रमण हटाने के बाद शाम को दोबारा सड़कों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता था। इससे निबटने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर डीएम शीर्षत कपिल अशोक की ओर से पांच वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में निगरानी सेल का गठन किया गया है।

### चोरी के दो मोबाइल संग आरोपित गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)**। पटना जंक्शन पर चेकिंग के दौरान रेल पुलिस ने चोरी के दो मोबाइल के साथ मो. राजा उमर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित फुलवारीशरीफ थाना इलाके के जामा मस्जिद के समीप का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि दोनों मोबाइल चोरी की है। रेल पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे रेलवे कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया।

### कृषि, उद्यान विभाग के पदाधिकारी भी मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**पटना (नि.सं.)**। जिले के कृषि, मत्स्य, पशुपालन और उद्यान विभाग के कर्मी व पदाधिकारी भी मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होंगे। ये कर्मी घर-घर जाकर गांवों में किसानों, पशुपालकों और मत्स्यपालकों से संपर्क स्थापित कर मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने बुधवार को उपरोक्त विभागों के पदाधिकारियों संग एक बैठक की। उन्होंने कहा कि इन विभागों में पदाधिकारियों और कर्मियों की संख्या काफी ज्यादा है। अतः इनके माध्यम से काफी संख्या में मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है।

# ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा व गोह में पावर स्टार पवन सिंह ने किया रोड शो, मांगा जनता से आशीर्वाद

निज संवाददाता



**औरंगाबाद / ओबरा/ दाउदनगर / हसपुरा / गोह।** भोजपुरी के पॉवर स्टार, सिंगर व काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह ने दो दिवसीय जन आाशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को औरंगाबाद जिले में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा और गोह में रोड शो कर जनता से आर्शीवाद मांगा। ओबरा में रोड शो के दौरान पवन सिंह ने हाथ जोड़कर जनता से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने उन्होंने कहा कि हर बेटे की चाहत होती है, अपनी मिट्टी से लगाव रखने की और काराकाट की जनता मुझे ऐसा प्यार भी और अपना आशीर्वाद भी दे रही है। ओबरा से रोड शो करते हुए पवन सिंह खरांटी, अतरौली सदीपुर डिहरी, उब मोड़, भरूब मोड़, अरंडा और जिनोरिया होते दाउदनगर पहुंचे और वहां भी रोड शो कर आम जनता से मांगा। दाउदनगर के भखरुआं-औरंगाबाद रोड में उनके समर्थकों एवं फैंस के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। जेसीबी से फूल बरसाए गए। उन्होंने आम जनता का अभिवादन किया। भखरुआं मोड़ से पटना रोड होते हुए शमशेरनगर, ठाकुर बिगहा, अरई, कनाप होते वे हसपुरा के लिए रवाना हो गए। वही रोड शो करते हसपुरा पहुंचने पर पावर स्टार पवन सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें फुल माला से लाद कर भव्य स्वागत किया।इस दौरान राष्ट्रीय गायक महासंघ के मो. एकलाख खां ने हसपुरा में पावर स्टार पवन सिंह का अगवानी की। उन्होंने हसपुरा में रोड शो के माध्यम से अपना चुनावी संदेश दिया हैं। पवन सिंह जैसे ही हसपुरा बाजार के पटेल चौक पर पहुंचे, वैसे ही समर्थकों ने पवन भईया जिंदाबाद का नारा लगा कर उनमें जोश भर दिया। पवन सिंह ने समर्थकों को अभिवादन करते हुए कहा कि आप सबों के भरोसे ही मैं काराकाट लोकसभा क्षेत्र में आया हूं। उन्होंने लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद मेन बाजार स्थित मां दुर्गा के मंदिर में पूजा की। जिस तरह भीड़ पावर स्टार पवन सिंह को देखने के लिए लालायित थी, उस हिसाब से पुलिस नगन्य देखी गई। बाजार के बाहर एक निजी मैरेज हॉल में कुछ समय के लिए पवन सिंह रूके और पचरूखिया के लिए रवाना हो गए। इसके बाद वे देवहरा होते हुए गोह पहुंचें, जहां रोड शो कर जनता से आर्शीवाद मांगा।

वहीं नबीनगर में रोड शो और जनसभा का आयोजन किया। इस सभा में 50 हजार से ज्यादा शामिल हुए। रात 10:00 बजे तक चली इस सभा में लोगों का जोश और उमंग देखते ही बन रहा था। सभा में नवयुवकों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभा से पहले पवन सिंह ने रोड शो का आयोजन किया था।

# मवेशियों से लदे ट्रक का पुलिस ने किया बरामद

निज संवादाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। जिले के रफीगंज बस स्टैंड पर महर्षि च्यवन ग्यान फाउंडेशन गौशाला देवकुंड से आ रही पशु लदा ट्रक को कुछ अपराधियों द्वारा लूटकर फरार होने एवं पुलिस के द्वारा बरामद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिला अंतर्गत थाना गुरुवक्सगंज थाना सतांव गांव निवासी ट्रक चालक सत्यम मौर्य ने रफीगंज थाना में ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर पीबी 10 एच एल 4318 लूट लिए जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दर्ज प्राथमिक्की में उल्लेख किया है कि सोमवार की संध्या देवकुंड गौशाला से पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कुल 30 जानवर जिसमें 9 बछिया एवं 21 बछड़ा को लेकर झारखंड के चाकुलीया ज्ञान फाउंडेशन में जमा करने के लिए उचित दस्तावेज लेकर खलासी रुद्र कुमार शुक्ला के साथ देवकुंड से प्रस्थान किया। संध्या करीब 7 बजे रफीगंज बस स्टैंड मैं एक काला रंग स्कॉर्पियो साइड लेकर सामने खड़ी हो गई, और मेरा ट्रक को रोक कर कुछ लड़के स्कॉर्पियो से उतरकर तथा कुछ लड़के पीछे से आकर प्लानिंग के साथ अज्ञात लड़कों जिनकी उम्र लगभग 18 से 25 वर्ष 12 से 15 की संख्या में ट्रक को घेर कर स्थानीय भाषा में पूछताछ कर कागजात की मांग किया मेरे द्वारा कागजात दिखाने के बाद भी जबरदस्ती ट्रक में घुसकर मेरा मोबाइल छीन कर मुझे तथा का खलासी को मारपीट कर गाली गलौज कर नीचे उतार दिया। वहीं ट्रक पर लदा पशुओं को लेकर शिवगंज रोड में भाग गए। इस दरमियान स्कॉर्पियो का नंबर नहीं देख पाया किसी तरह पूछते हुए रफीगंज थाना में मैं तथा खलासी पहुंचकर घटना की जानकारी थानाध्यक्ष को दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए रफीगंज पुलिस ने ट्रक का पीछा किया और सलैया थाना क्षेत्र के पास रानी डीह मोड़ के पास खड़ी ट्रक को बरामद किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि उक्त स्थल पर पशु लदा ट्रक बरामद किया गया है। ट्रक पर लदा पशुओं को देवकुंड गौशाला में छोड़ दिया गया। ट्रक को रफीगंज थाना लाया है। प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया जा रहा है।

# पूजा कमिटी पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा के अंचलाधिकारी द्वारा ओबरा प्रखंड की दो पूजा समितियों पर दर्ज कराए गए आचार संहिता के उल्लंघन के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 17 अप्रैल को ओबरा प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पर्व को लेकर जुलूस निकाला गया था। जुलूस जब काली स्थान के पास पहुंचा तो रोक दिया गया था। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात ओबरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूनुस सलीम, ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार, पुअनि अयूब अंसारी, अविनाश कुमार, पुसअनि धर्मेंद्र यादव, संजय ठाकुर तथा स्पेशल सशस्त्र बल ने जुलूस को बार-बार आगे बढ़ाने को कहा पर जुलूस को आगे नही बढ़ाया गया। थोड़ी देर बाद तीन डीजे लदे पिकअप उच्च ध्वनि में गाना बजाते हुए लाया गया। डीजे बंद करने को कहा गया तो समिति के सदस्य उतेजित होकर शांति भंग करने का प्रयास करने लगे। इसे लेकर ही ओबरा हनुमान मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष जयपाल प्रसाद सोनी, सत्यम पंचमुखी हनुमान मंदिर पुनपुन घाट के अध्यक्ष अरविंद कुमार, डीजे संचालक, वाहन चालक सहित पूजा समिति के 15-20 अज्ञात लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में पूजा कमिटी के सदस्यों ने बताया कि प्रशासन द्वारा झूठा आरोप लगाया गया है। शहर में जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा तानाशाही रुख अपनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किया गया है। प्राथमिकी की निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए। यदि पूजा कमिटी दोषी है तो कमिटी के सदस्यों के ऊपर और यदि प्रशासन के लोग दोषी है तो उनके ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। इधर सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्य पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, सहजानन्द डिक्कू ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से ओबरा के रामभक्तों पर हुए एफआईआर को वापस लेने और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# दो वयोवृद्ध अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाया पांच साल सश्रम कारावास, लगाया 10 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(ए डीजे)-2 धनंजय कुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को दाउदनगर थाना कांड संख्या-112/97, एसटीआर-139/99 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त दाउदनगर के अरई टोले रघुवंशी बिगहा निवासी नवही उर्फ राजेंद्र यादव और तरारी टोले मुस्लिमाबाद निवासी दुधेश्वर महतो( दोनों 70 वर्ष) को सज़ा सुनाई। एपीपी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को कोर्ट ने 04 अप्रैल को भादंवि की धारा -399/402 में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया था। आज सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को भादंवि की धारा 399 में पांच साल सश्रम कारावास व दस हजार के जुर्माना की सजा सुनाई।जुर्माना नही देने की स्थिति में कोर्ट ने दोषियों के लिए एक साल अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया है। वहीं कोर्ट ने भादंवि की धारा 402 में पांच साल सश्रम कारावास और दस हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास सुनाया है। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी के सूचक दाउदनगर थानाध्यक्ष अखिलेश्वर चौबे ने 09 अगस्त 1997 को अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना मिली थी कि नवही यादव के घर कुछ अभियुक्त किसी अपराध की योजना बना रहे हैं। एक गश्ती टीम बनाकर नवही यादव के घर के दरवाजे को खोलवाया गया तो छः आदमी घर से निकलकर भागने लगे। पीछा करने पर नवही यादव, दुधेश्वर महतो, महबूब आलम पकड़े गए और तलाशी में उनके पास से अवैध हथियार बरामद किया गया। साथ ही अभियुक्तों ने एक रात पूर्व एक घटना में संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि हम आगे एक दुकान में चोरी के फ़िराक में थे। मामले में अभियुक्तों पर आरोप गठन 13 जुलाई 1997 को हुआ था। 27 साल पुरानी वाद में फैसला हुआ।

# अब यात्री घर बैठे करा सकेंगे अनारक्षित टिकटों की बुकिंग

निज संवाददाता

**पटना**। यात्रियों की सुविधा के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में यात्रा एवं प्लेटफॉर्म टिकट दोनों के लिए दूसरी की अधिकतम 20 किलोमीटर की सीमा को सामाप्त कर दिया गया है। इससे अब लोग घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से कहीं जाने के लिए अपना अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि, जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी। यानी केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति मिलेगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान में यह बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध 20 किमी तक था अर्थात यात्री वर्तमान में किसी स्टेशन से अधिकतम 20 किमी की दूरी तक ही उस स्टेशन से यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते थे। अब यह प्रतिबंध हटा दिया गया है। अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन (एनड्राइड या विंडो आधारित) के जरिये अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

# डिहवार बाबा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकली शोभा कलश यात्रा



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के चरकावां निचलाडीह में डिहवार बाबा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु बुधवार को कलश यात्रा गाजे बाजे, घोड़े और रथ के साथ निकाली गई। चरकावां डीहवार मंदिर से निकलकर गांव के सभी देवालयों से होते हुए चरकावां ऊपरडीह विष्णु धाम तालाब से जल लेकर वापस डिहवार स्थान पहूंची। जहां पर आचार्य बलिराम मिश्र,पिटू मिश्र,महेंद्र मिश्र,विमलेश मिश्र,आदित्य मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पञ्चांग पूजन एवं वेदी पूजन के साथ कलश का स्थापना की गई।और नयी मंदिर में डिहवार बाबा को स्थापित की जायेगी।इस मौके पर सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा,पूर्व मुखिया भोला चौधरी,राजद नेता योगेंद्र यादव ,पूर्व मुखिया बिनोद प्रसाद दांगी ,पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं उमेश शर्मा एवं स्रोता रविंद्र कुमार वर्मा ,नेमाधारी गुप्ता,जितेंद्र कुमार, समिति के अध्यक्ष आई. डी.सिंह, उपाध्यक्ष सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, सचिव अखिलेश्वर कुमार एवं शंभू सिंह ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राकेश एवं संतोष कुमार,अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार,रामाशीष यादव ,बृजनंदन प्रसाद,राम प्रवेश प्रसाद,आनंद ,पंकज,बबलू ,चंदन शर्मा, वशिष्ठ दास,जीतू दास, त्रिलोकी दास ,अशोक मेहता, सुधीर कुमार,फंटूस ,पाजू ,उमेश, मंटू ,दिवाली,मिथुन कुमार ,राहुल कुमार ,पंकज सिंह, विक्की कुमार, लालू कुमार सहित सैकड़ो महिला- पुरुष शामिल थे।

# कंकड़बाग और पाटलिपुत्र के दो बैकों में लगी आग

निज संवाददाता

**पटना**। राजधानी के अलग-अलग इलाके के दो बैकों में बुधवार को आग लग गई। कंकड़बाग के अशोक नगर के बैंक आफ बड़ौदा के इनवर्टर में जबकि पाटलिपुत्र गोलंबर स्थित इंडसइंड बैंक के बिजली के पैनल में आग लग गई, इससे वहां काफी देर तक अफरातफरी मची रही। घटना की सूचना के बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दोनों मामले में ना तो कोई हताहत हुआ है और ना ही ज्यादा क्षति हुई है। सुबह करीब 10 बजे पाटलिपुत्र गोलंबर स्थित इंडसइंड बैंक में आग लगी थी। शॉर्ट सर्किट की वजह से बैंक के बिजली के पैनल से आग की लपेटें निकलता देख बैंक में हड़कंप मच गया था। बाद में लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम को दी थी। जिसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई, वहीं दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग को काबू में कर लिया। दमकल अधिकारी ने बताया कि घटना में बिजली के मीटर व तार इत्यादि जल गए। आग लगने की अन्य घटना कंकड़बाग के अशोक नगर रोड नंबर-14 स्थित बैंक आफ बड़ौदा में घटी। सुबह करीब सवा ग्यारह बजे बैंक के इनवर्टर में आग लगी थी।

# सीएम पटना लौटे, 26 से करेंगे तीसरे चरण का प्रचार

निज संवाददाता



**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार दिनों के बाद मंगलवार की शाम को पटना लौटे। वह दूसरे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में प्रचार के लिए 19 अप्रैल को पटना से मधेपुरा पहुंचे थे। विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी सभाएं और रोड शो करने के बाद वह मधेपुरा में ही रात्रि विश्राम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर और बांका में चुनावी सभाएं तथा रोड शो किया। इधर, मधेपुरा में भी वह पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। जानकारी के अनुसार वह 26 अप्रैल से तीसरे चरण के चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे।

# 20% तक अधिक उपज देने वाला देसी चना की नई किस्म स्वर्ण लक्ष्मी विकसित

निज संवाददाता

**पटना**। सामान्य चना की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक अधिक उपज देने वाला चना की नई वेराइटी स्वर्ण लक्ष्मी विकसित की गई है। आईसीएआर पटना के वैज्ञानिक ने 10 वर्षों तक शोध के बाद इसकी खोज करने में सफलता पाई है। विभिन्न पैमाने पर जांच के बाद बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल और असम में इसका उत्पादन बेहतर होगा। सेंट्रल सीड रिलीज कमेटी ने इन प्रदेशों के लिए इस वेराइटी की अनुशंसा की है।

यह किस्म रबी मौसम के लिए अनुकूल है। 15 नवंबर तक इसकी बुआई करने पर प्रति हेक्टेयर 18 से 20 क्विंटल तक उत्पादन देगा। सामान्य देसी चना की वेराइटी की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत अधिक उत्पादन पाया गया है। हालांकि देर से बुआई पर उपज में कमी होगी। इसके बाद भी 30 दिसंबर तक बुआई करने की स्थिति में औसतन 12 से 15 क्विंटल तक प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिलेगा। 15 नवंबर तक लगाने पर 130 से 135 दिनों में यह तैयार हो जाएगा। देर से लगाने पर 120 दिनों में तैयार हो जाएगा, लेकिन उपज थोड़ी कम होगी। बुआई के 77 दिनों में पौधे में फूल लग जाते हैं। पौधे की ऊंचाई औसतन 55 से 60 सेंटीमीटर होती है। 75 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से इसकी बुआई करना बेहतर माना गया है। फूल आने के पहले इसमें हल्की सिंचाई लाभकारी है।

इस चना में प्रोटीन की मात्रा 22% तक है। सामान्य चना की तुलना में जिंक भी अधिक है। इसमें जिंक 46 से 47 पीपीएम तक पाया गया है। इसके 100 दाने का वजन 22 ग्राम तक है। इस वेराइटी में रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर है। विल्ट और ड्राइ रूट की समस्या इसमें कम होगी। इससे निदान होने पर किसानों को अधिक फायदा होगा।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433